जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 20 संख्याः 111 प्रभात जालोर, सोमवार 28 जुलाई, 2025 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## राजद ने चुनाव आयोग के एसआईआर आंकड़ों को अविश्वनीय बताया

पटना, 27 जुलाई। बिहार राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने चुनाव आयोग के हवाले से मीडिया में प्रकाशित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सम्बंधित आंकड़े को खारिज करते हुए इसे अविश्वसनीय और आधारहीन करार दिया है।

■ राजद प्रवक्ता ने कहा कि मात्र 6 माह में 22 लाख मतदाताओं की मृत्यु का आंकड़ा आश्चर्यजनक है।

गगन ने कहा कि प्रकाशित आंकड़े में 65.2 लाख लोगों का नाम मतदाता सूची से कटने की बात की गई है। इन आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि जिन लोगों का फॉर्म जमा नहीं हुआ है उसमें मृत, दूसरे स्थान पर स्थानांतरण, डबल पंजीकरण और ट्रेसलैस के रूप में वर्गीकरण बिना किसी आधार की स्पष्ट जानकारी के किया गया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आंकड़े के अनुसार मतदाता सूची में लगभग 22 लाख मतदाताओं को मृत माना गया है। उन्होंने कहा कि आश्चर्यजनक बात यह है कि जनवरी 2025 से मात्र छः महीने में हीं 22 लाख मतदाताओं की मृत्यु हो गई। जबकि लोकसभा चुनाव के पूर्व

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'मसौदा सूची पर विवाद क्यों खड़ा किया जा रहा है'

## बिहार की मतदाता सूची पर उठे विवाद पर चुनाव आयोग ने सवाल किया

■ आयोग ने कहा कि वर्तमान मतदाता सूची के 99.8 प्रतिशत हिस्से को कवर किया जा चुका है। सूची में 22 लाख ऐसे हैं जो अब जिंदा नहीं हैं तथा 7 लाख के करीब नाम दो से अधिक जगहों पर दर्ज हैं। इसी प्रकार 36 लाख स्थायी रूप से प्रवास कर गये या उनका कोई पता नहीं चल पाया।

नई दिल्ली, 27 जुलाई। बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर छिड़े विवाद के बीच चुनाव आयोग ने सवाल उठाया है। बिहार चुनाव आयोग ने कहा कि हम पहले ही बता चुके हैं कि यह मसौदा सूची है, अंतिम नहीं है तो विवाद क्यों खड़ा किया जा रहा है? चुनाव आयोग ने उन लोगों को जवाब दिया जो पुनरीक्षण के बाद बनी मसौदा सूची को लेकर भ्रम फैला रहे हैं।

निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हम यह समझ नहीं पा रहे हैं कि जब किसी नाम को गलत तरीके से शामिल करने या गलत तरीके से बाहर करने के लिए एक अगस्त से एक सितंबर तक का पूरा एक महीने का समय उपलब्ध है, तो इतना बड़ा हंगामा क्यों किया जा रहा है?

आयोग ने राजनीतिक दलों से कहा कि क्यों न वे अपने 1.6 लाख बूथ स्तरीय एजेंटों से एक अगस्त से एक सितंबर तक दावे और आपत्तियां प्रस्तुत करने के लिए कहें। कुछ लोग यह धारणा क्यों बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि मसौदा सूची ही अंतिम सूची है, जबकि विशेष गहन पुनरीक्षण आदेशों के अनुसार यह अंतिम सूची नहीं है।

इससे पहले चुनाव आयोग ने कहा कि पहले चरण में करीब 7.24 करोड़ मतदाताओं ने दस्तावेजों के साथ अपने गणना फॉर्म जमा कराए हैं और इन सभी के नाम पुनरीक्षित मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। आयोग ने कहा कि वर्तमान मतदाता सूची (करीब 7.9 करोड़) के 99.8 फीसदी हिस्से को कवर कर लिया है। आयोग ने बयान जारी कर कहा कि मतदाता सूची में 22 लाख नाम ऐसे हैं जो अब जिंदा नहीं हैं। वहीं 7 लाख के करीब नाम दो या दो से अधिक जगहों पर दर्ज पाए गए हैं। इसी प्रकार 36 लाख के करीब मतदाता या तो स्थायी रूप से प्रवास कर गए हैं या उनका कोई पता नहीं चल पाया। इस तरह करीब 64 लाख नाम पुनरीक्षित मतदाता सूची से बाहर हो जाएंगे। हालांकि, चुनाव आयोग ने आश्वासन दिया है कि अगर कोई व्यक्ति मतदाता सूची से बाहर हो जाए, तो इसका मतलब यह नहीं होगा कि उसकी नागरिकता समाप्त हो गई है। चुनाव आयोग ने यह भी कहा है कि कानून और संविधान के तहत उसे यह अधिकार प्राप्त है कि वह नागरिकता से जुड़े दस्तावेज मांग सके, ताकि लोगों को मताधिकार मिल सके।

## 'इंसाफ व इंसानियत के लिए मैं झुग्गीवालों के साथ हूँ'

नयी दिल्ली, 27 जुलाई। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में झुग्गी झोपड़ियां तोड़ने की कार्रवाई को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संवेदनहीनता करार देते हुए कहा है कि गरीब की छत छीनना इंसाफ तथा इंसानियत के खिलाफ है और इसके लिए वे गरीबों के साथ खड़े हैं।

गांधी ने कहा, "सोचिए, अगर आपके अपने माँ-बाप, बच्चे या भाई-

■ राहुल गांधी ने दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ियों को तोड़ने की कार्यवाही का विरोध किया।

बहन के सिर से अचानक छत छीन ली जाए - अगर आपके पूरे परिवार को एक ही पल में बेघर कर दिया जाए, तो आपको कैसा लगेगा। दिल्ली की झुग्गियों में रहने वाले सैकड़ों ग़रीब परिवार आज इसी दर्द से गुजर रहे हैं। जिन छोटे-छोटे घरों में उनकी पूरी ज़िंदगी बसी थी, उन्हें भाजपा सरकार ने बेरहमी से उजाड़ दिया।"

उन्होंने कहा कि गरीब की झोपड़ी उसकी जीने का सहारा होता है। उनका कहना था कि ये सिर्फ़ घर नहीं थे - ये उनके सपने, उनका सम्मान और जीने का सहारा था। प्रशासन की आड़ में किया जा रहा यह अत्याचार, ग़रीबों के प्रति भाजपा की संवेदनहीनता और सत्ता के घमंड को उजागर करता है।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# टीसीएस इस वर्ष 12000 कर्मचारियों को निकालेगी

## एडवांस तकनीकों व एआई को इंटीग्रेट करने के कारण कर्मचारियों की संख्या में 2 प्रतिशत कमी की जायेगी

■ भारत का 283 अरब डॉलर का आईटी उद्योग संकट का सामना कर रहा है। ग्राहकों की कमी, लगातार बढ़ रही मुद्रास्फीति तथा अमेरिकी व्यापार नीतियों की अनिश्चितता इस संकट के प्रमुख कारण हैं।

नई दिल्ली, 27 जुलाई। भारत की आईटी दिग्गज टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने वित्त वर्ष 2026 में अपने कर्मचारियों की संख्या में 2 फीसदी की कटौती करने की योजना का खुलासा किया है, जिसका असर मध्यम और वरिष्ठ प्रबंधन पर पड़ेगा। टीसीएस ने एडवांस्ड तकनीकों को अपनाकर और एआई को इंटीग्रेट करके नए बाजारों में विस्तार करते हुए कर्मचारियों को फिर से ट्रेनिंग देने और रि-स्ट्रक्चरिंग की घोषणा की है।

इस बदलाव के तहत करीब 12,200 पदों को खत्म किया जाएगा। कंपनी ने कहा, यह बदलाव पूरी सावधानी से योजनाबद्ध किया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे ग्राहकों को दी जाने वाली सेवाओं पर कोई असर न पड़े। कंपनी ने आगे कहा, हम समझते हैं कि यह हमारे सहयोगियों के लिए एक चुनौतीपूर्ण समय है। हम उनकी सेवा के लिए उनका धन्यवाद करते हैं और नए अवसरों की ओर बढ़ने पर उन्हें उचित लाभ, आउटप्लेसमेंट, परामर्श और सहायता प्रदान करने के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे।

भारत का 283 अरब डॉलर का आईटी उद्योग मुश्किलों का सामना कर रहा है। बताया जा रहा है कि ग्राहक की कम मांग, लगातार बढ़ ती मुद्रास्फीति और अमेरिकी व्यापार नीतियों को लेकर जारी अनिश्चितता के कारण गैर-जरूरी तकनीकी खर्च में कटौती कर रहे हैं।

टीसीएस के सीईओ के. कृतिवासन ने रविवार को एक इंटरव्यू में माना कि टेक्नोलॉजी और बिजनेस ऑपरेशंस में होने वाले बदलाव इसकी वजह हैं। उन्होंने कहा, हम नई तकनीकों, खासकर एआई और ऑपरेटिंग मॉडल चेंजेस में बदलावों पर जोर दे रहे हैं। काम करने के तरीके बदल रहे हैं। हमें भविष्य के लिए तैयार और चुस्त-दुरुस्त रहने की जरूरत है। हम बड़े पैमाने पर एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं और भविष्य के लिए जरूरी कौशल का मूल्यांकन कर रहे हैं।

आईटी स्टाफ बॉडी ने टीसीएस के "प्लान्ड ले ऑफ" पर चिंता जताई है। नैसेंट इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इंप्लॉयी सीनेट (एनआईटीईएस) ने भी इस पर चिंता जताई है। इसके अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सलूजा ने कहा कि इस तरह की सामूहिक छंटनी कर्मचारियों के बीच व्यापक अनिश्चितता पैदा करती है। साथ ही गंभीर नैतिक और कानूनी सवाल भी खड़े करती है, खासकर जब इसे पर्याप्त पारदर्शिता और औचित्य के बिना अंजाम दिया जाता है।

एनआईटीईएस ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय से इसमें तुरंत हस्तक्षेप करने और टीसीएस से सफाई मांगने की अपील की है। संगठन की तरफ से कहा गया है, हम यह भी मांग करते हैं कि कंपनी श्रम कानूनों के तहत उचित प्रक्रिया का पालन करे, जिसमें कर्मचारियों और उनके प्रतिनिधियों से परामर्श भी शामिल हो। अनुकूलन या व्यावसायिक पुनर्गठन के नाम पर बड़े पैमाने पर छंटनी एक डिफॉल्ट रणनीति नहीं बन सकती। आईटी उद्योग को निष्पक्षता और करुणा बनाए रखनी चाहिए।

# अब सोने की चिड़िया नहीं, शेर बनने का समय है-भागवत

## संघ प्रमुख ने केरल में राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन ज्ञानसभा को संबोधित किया

तिरुवनंतपुरम, 27 जुलाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, भारत को अब सोने की चिड़िया बनने की जरूरत नहीं है, बल्कि अब शेर बनने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, यह जरूरी है क्योंकि दुनिया ताकत को समझती है। इसलिए भारत को शक्तिशाली बनना होगा। उसे आर्थिक दृष्टि से भी समृद्ध बनना होगा।

संघ प्रमुख ने यह भी कहा कि भारत एक व्यक्तिवाचक संज्ञा है जिसका अनुवाद नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने संविधान में वर्णित इंडिया, जो कि भारत है, के बारे में कहा, यह ठीक है लेकिन भारत, भारत है और इसलिए लिखते या बोलते समय हमें सिर्फ भारत नाम ही इस्तेमाल करना चाहिए। भारत की पहचान का सम्मान इसलिए है क्योंकि यह भारत है। यदि आप अपनी पहचान ही खो देंगे तो भले ही आपमें अन्य कितने भी अच्छे गुण हों, दुनिया में आपका सम्मान नहीं होगा।

■ मोहन भागवत ने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली केवल ज्ञान नहीं देती बल्कि जीवन में दूसरों के लिए जीने व त्याग करने की भावना भी सिखाती है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भारतीय शिक्षा की विशेषताओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली सिर्फ ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन में दूसरों के लिए जीने और त्याग करने की भावना भी सिखाती है। केरल में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन ज्ञान सभा में लोगों को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो इंसान को कहीं भी अपने दम पर जीने की क्षमता दे। उन्होंने कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं होना चाहिए, बल्कि यह ऐसी होनी चाहिए कि व्यक्ति अपने आत्मबल और कौशल के आधार पर जीवन यापन कर सके।

भागवत ने भारत की ज्ञान परंपरा और विश्व के प्रति भारत के दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि विकसित भारत और विश्व गुरु भारत कभी भी युद्ध का कारण नहीं बनेगा और न ही किसी का शोषण करेगा।

भागवत ने ये भी कहा किशिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो किसी भी इंसान को कहीं भी अपने दम पर जीवन जीने की क्षमता दे। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा लोगों को त्याग और दूसरों के लिए जीना सिखाती है। आरएसएस प्रमुख ने कहा किअगर कोई चीजइंसान को केवल स्वार्थी बनाना सिखाती है, तो वह शिक्षा नहीं हो सकती।उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाना और उसमें सेवा, संस्कार व त्याग की भावना भरना होना चाहिए।

## ममता बनर्जी सोमवार से भाषा आंदोलन शुरु करेंगी

कोलकाता, 27 जुलाई। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को भाषा आंदोलन की शुरुआत करते हुए बीरभूम जिले के बोलपुर में पहली विरोध रैली का नेतृत्व करेंगी।

भाषा आंदोलन, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के उत्पीड़न के

■ तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि बंगाली भाषी लोगों का भाजपा शासित राज्यों में उत्पीड़न हो रहा है।

आरोपों के बाद शुरू हुए बड़े विरोध अभियान का हिस्सा है। तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि बंगाली भाषियों को, विशेष रूप से भाजपा शासित राज्यों में, बंगलादेशी करार दिया जा रहा है और उन्हें जबरन सीमा पार बंगलादेश में वापस धकेला जा रहा है।

बनर्जी ने 21 जुलाई को शहीद दिवस रैली के दौरान 28 जुलाई को

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर में भगदड़ में 6 की मौत

## रविवार की सुबह मंदिर के रास्ते में बिजली का तार टूटने की अफवाह से भगदड़ मची थी

हरिद्वार/देहरादून, 27 जुलाई। उत्तराखंड में हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में रविवार सुबह हाई वोल्टेज बिजली का तार टूटने की अफ़वाह के बाद मची भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गयी और लगभग 31 लोग घायल हो गए। यह मंदिर पहाड़ के ऊपर बना हुआ है और यहां पहुंचने के लिए करीब 800 सीढ़ि यां चढ़ नी होती हैं।

उत्तराखंड आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) की ओर से घटना के बाद हेल्पलाइन नम्बर जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मामले की न्यायिक जांच और मृतकों तथा घायलों को मुआवज़े की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा "हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर

■ जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ तथा एनडीआरएफ की टीम ने मौके पर राहत व बचाव कार्य प्रारंभ किया, हादसे में गंभीर रूप से घायल पाँच व्यक्तियों को उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश भेजा गया।

मार्ग पर भगदड़ में लोगों की मौत की खबर सुनकर काफी दुखी हूँ।" उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने कहा कि प्रभावितों की मदद के लिए स्थानीय प्रशासन काम कर रहा है।

यूएसडीएमए के सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि आज प्रातः लगभग नौ बजे जनपद हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़ की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में छह व्यक्तियों की मृत्यु हुई है।

सुमन ने बताया कि हादसे में पांच व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें उपचार के लिए एम्स, ऋषिकेश भेज दिया गया है। बीस व्यक्तियों का उपचार हरमिलाप मिशन राजकीय चिकित्सालय, हरिद्वार में किया जा रहा है एवं तीन अन्य घायलों का उपचार मेला अस्पताल हरिद्वार में किया जा रहा है। घटना स्थल से भीड़ को हटा दिया गया है। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। इसके बाद डॉक्टरों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

एक चश्मदीद ने बताया कि मंदिर पहुंचने के लिए करीब 25 सीढ़ि यां बची थीं, तभी हादसा हुआ। रविवार को भीड़ बहुत ज्यादा थी। कुछ लोग वहां लगे तार को पकड़कर आगे बढ़े। इस दौरान कुछ तार छिल गए और उनमें करंट आ गया। इससे अफरा-तफरी मच गई और सीढ़ि यों पर गिरने से लोग मारे गए।

हरिद्वार पुलिस ने मंदिर में करंट फैलने की बात को अफवाह बताया। गढ़ वाल डिवीजन के कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने कहा कि मंदिर में भारी भीड़ जुटने की वजह से हादसा हुआ।

## मनसा देवी हादसे में यूपी के मृतकों को योगी सरकार सहायता देगी

लखनऊ, 27 जुलाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में रविवार सुबह भगदड़ में मरने वाले छह लोगों के प्रति दु:ख व्यक्त किया है । मुख्यमंत्री ने इस हादसे में मारे गए उत्तर प्रदेश के लोगों के परिजनों को मुआवजा देने का भी ऐलान किया है।

योगी ने कहा कि, श्री मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में श्रद्धालुओं के निधन का समाचार

■ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के प्रत्येक मृतक के परिवार को दो-दो लाख रूपये की सहायता की घोषणा की।

अत्यंत पीड़ादायक और मन को व्यथित करने वाला है। मेरी संवेदनायें शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।

उन्होने अधिकारियों को उत्तराखंड सरकार से समन्वय स्थापित कर दुर्घटना में काल-कवलित हुए उ.प्र. के नागरिकों के पार्थिव शरीर उनके गृह जिले पहुंचा कर परिजनों को सौंपने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में उत्तर प्रदेश के प्रत्येक मृतक के परिवार को 2-2 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

# राहुल गांधी एससी सम्मेलन के लिये नवम्बर में जयपुर आयेंगे

## कांग्रेस के अनु.जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम ने प्रदेश स्तरीय सम्मेलन बुलाने की घोषणा की

जयपुर, 27 जुलाई। कांग्रेस के राष्ट्रीय अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री रहे राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि राजस्थान में नवंबर माह में एक बड़ा प्रदेश स्तरीय सम्मेलन करवाएंगे, जिसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भी बुलाया जाएगा।

राजेन्द्र पाल गौतम ने जयपुर में पार्टी की बैठक के बाद दलित एट्रोसिटी के मामलों पर कहा कि न्यायपालिका में बैठे कुछ जज भी जातिवाद से ग्रसित हैं। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट और निचली अदालत में अधिकतर जज ऐसे हैं जो संविधान और कानून के अनुसार न्याय करते हैं, लेकिन कुछ जज ऐसे हैं जो जातिवाद से ग्रसित हैं।

गौतम ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि संसद का इतना महत्वपूर्ण मुद्दा चल रहा है और प्रधानमंत्री जवाब देने की बजाय विदेश

■ राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि पहले दलित उत्पीड़न के मामले सबसे ज्यादा राजस्थान से आ रहे थे, पर अब उत्तर प्रदेश, राजस्थान से आगे निकल गया है। देशभर के 26 प्रतिशत मामले अब अकेले उत्तर प्रदेश से आ रहे हैं।

दौरे में व्यस्त हैं। गौतम ने कहा कि पहले दलित उत्पीड़न के मामले सबसे ज्यादा राजस्थान में आ रहे थे, लेकिन अब उत्तर प्रदेश राजस्थान से आगे निकल गया है। अकेले देशभर के 26 फीसदी मामले उत्तर प्रदेश से आ रहे हैं। यह एनसीआरबी का 2023 का आंकड़ा है। उसके बाद तो एनसीआरबी की रिपोर्ट भी संसद में आना बंद हो गई है।

गौतम ने कहा कि दलित समाज का जितना उत्थान और विकास कांग्रेस की सरकार में हुआ है, उतना किसी सरकार में नहीं हुआ है। कांग्रेस की सरकारों में दलित समाज के बच्चों को स्कॉलरशिप मिल जाती थी जिससे कि उनकी पूरी पढ़ाई का खर्च निकल जाता था। उन्होंने कहा कि दलित और वंचित समाज के साथ ही अब सामान्य वर्ग को भी समझ में आने लगा है कि कांग्रेस सबको साथ लेकर चल सकती है।

## बीसलपुर बाँध के 6 गेट खोले

टोंक, 27 जुलाई। बीसलपुर बांध में पानी की आवक बढ़ ने से रविवार रात्रि नौ बजे 4 गेट और खोल दिए ।गेट संख्या 9, 10, 11, 12 को दो-दो मीटर खोला गया है। अब कुल छह गेटों से पानी की निकासी की जा रही है।

बीसलपुर बांध परियोजना के मनीष बंसल ने बताया कि पानी की आवक के हिसाब से पानी निकासी ज्यादा की जा रही है। बांध के भराव क्षेत्र में तेज बारिश होने से पानी की

■ बाँध के भराव क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण पानी की बढ़ती आवक को देखते हुए रविवार रात नौ बजे चार गेट और खोले गये।

आवक बढ़ गई है, जिसके मद्देनज़र बीसलपुर बांध प्रबंधन ने शनिवार देर रात ही गेट नंबर 10 को 1 मीटर से 2 मीटर तक खोलकर प्रति सैकंड 12020 क्यूसेक पानी की निकासी बनास नदी में शुरु कर दी। बांध में फिर पानी की आवक बढ़ ने से रविवार सुबह गेट नंबर 11 को भी एक मीटर खोलकर प्रति सैकेंड 6010 क्यूसेक पानी बनास नदी में छोड़ा । इसके बाद रात्रि नौ बजे 4 गेट और खोल दिए। अब कुल छः गेटों से पानी की निकासी की जा रही है। उन्होंने बताया कि बीसलपुर डेम से छोड़ा गया पानी इसरदा बांध में एकत्रित हो रहा है।

## विचार बिन्दु

कोयल दिव्य आम रस पीकर भी अभिमान नहीं करती, लेकिन मेंढक कीचड़ का पानी पीकर भी टर्राने लगता है। –प्रसंग रत्नावली

# कितना दमदार है भारतीय पासपोर्ट?

हम में से बहुत सारे लोगों का ध्यान शायद इस बात की तरफ नहीं जाता है कि अलग–अलग देशों के पासपोर्ट अलग–अलग महत्व रखते हैं। इसे महत्व कहें, वज़न कहें, ताकत कहें – चाहे जो कहें ! सामान्यत: तो हम इतना ही जानते हैं कि विदेश यात्रा के लिए दो दस्तावेज़ ज़रूरी होते है पासपोर्ट और वीज़ा। मान लीजिए आप भारतीय नागरिक हैं और चीन जाना चाहते हैं तो आपको भारतीय पासपोर्ट और चीनी वीज़ा की ज़रूरत होगी। अगर बात इतनी ही है तो फिर हम यदा–कदा जो ख़बरें पढ़ते हैं कि हमारा पासपोर्ट मज़बूत हुआ (या कमज़ोर हुआ) उसका क्या आशय होता है? हाल में एक ख़बर आई थी कि लंदन की ग्लोबल सिटीज़न और रेज़िडेंस एडवाइज़री फ़र्म हेनली एंड पार्टनर्स के 2025 के तिमाही अपडेट के अनुसार वैश्विक पासपोर्ट रैंकिंग में भारत आठ पायदान की छलांग लगाकर 77वें स्थान पर पहुंच गया है। बताता चलूं कि पिछले साल की इसी अवधि में भारत 85वें स्थान पर था। वैसे भारतीय पासपोर्ट की हैसियत में बहुत ज़्यादा उतार–चढ़ाव आते रहे हैं। सन् 2006 में हमारा पासपोर्ट 71वें स्थान पर था जो 2021 में फिसल कर 90वें स्थान पर चला गया था। वैसे इसकी एक वजह कोविड जन्य प्रतिबंध भी थे। इस साल 77वें स्थान का स्पष्टीकरण यह है कि अब भारतीय पासपोर्ट धारक 57 की बजाय 59 देशों में वीज़ा के बग़ैर या वीज़ा ऑनअराइवल की सुविधा के तहत जा सकता है। इस सुविधा में दो नए देश फिलीपींस और श्रीलंका जुड़े हैं। जिस हेनली पासपोर्ट इण्डेक्स में अब भारत 77वें स्थान पर आया है उसमें सिंगापुर पहले स्थान पर है। सिंगापुर पासपोर्ट धारक दुनिया के 193 देशों में वीज़ा मुक्त यात्रा का सुख ले सकता है। इस वीज़ा मुक्ति में वीज़ा ऑनअराइवल और ईटीए (इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथरिटी) भी शामिल है। सिंगापुर के बाद जापान और दक्षिणी कोरिया के पासपोर्ट दूसरे स्थान पर हैं क्योंकि उनके धारक 190 देशों की सुगम यात्रा कर सकते हैं। इनके ठीक पीछे डेनमार्क, फिनलैण्ड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैण्ड, इटली और स्पेन समेत सात यूरोपीय देश हैं जहां के पासपोर्ट धारक 189 देशों की वीज़ा फ्री यात्रा कर सकते हैं। इस इंडेक्स में सबसे नीचे है अफ़ग़ानिस्तान, जिसके पासपोर्ट धारक को केवल 25 देशों में वीज़ा फ्री प्रवेश मिलता है। अभी हमने बताया था कि भारतीय पासपोर्ट धारक के लिए हाल में दो नए देश वीज़ा फ्री हुए हैं। इस बार सबसे अधिक बढ़त हासिल की है सऊदी अरब ने। उसके पासपोर्ट धारकों के लिए जनवरी के बाद चार नए वीज़ा फ्री गंतव्य जुड़े हैं और अब सऊदी अरब पासपोर्ट धारक 91 देशों की वीज़ा फ्री यात्रा कर सकता है। लेकिन जहां तक रैंकिंग की बात है सन् 2015 के बाद से अब तक की सबसे लम्बी छलांग चीन ने लगाई है। वह 94वें स्थान से बढ़कर 60वें स्थान पर जा पहुंचा है। और इसी क्रम में यह भी जान लें कि जो अमरीका 2014 में और ब्रिटेन 2015 में इस इंडेक्स में शीर्ष पर थे, उनकी रैंकिंग में काफी गिरावट आई है। अमरीकी पासपोर्ट अब केवल 182 देशों की और ब्रिटेन का पासपोर्ट 186 देशों की वीज़ा फ्री यात्रा करवाने में सक्षम रह गए हैं।

हमने इस आलेख के प्रारंभ में पासपोर्ट की ताकत की बात कही थी। उसे थोड़ा और स्पष्ट कर दें। हेनली एंड पार्टनर्स के सीईओ डॉ जुएर्गस्टेफ़ेन के अनुसार, "आज के दौर में पासपोर्ट सिर्फ यात्रा दस्तावेज़ नहीं है। यह किसी देश के कूटनीतिक असर, ग्लोबल इंटीग्रेशन और विदेशी नीति की प्राथमिकताओं को दर्शाता है। ....बढ़ती असमानता और राजनीतिक अनिश्चितता के इस युग में स्ट्रैटेजिक ट्रैवल फ्रीडम और नागरिकता की योजना पहले से कहीं ज़्यादा अहम हो गई है।" ज़ाहिर है कि पासपोर्ट की यह रैंकिंग न केवल सम्बद्ध देश के नागरिकों की विदेश यात्राओं की सुगमता की परिचायक है, इससे यह भी पता चलता है कि दुनिया में उस देश की हैसियत कैसी है। जब आप विदेश जाना चाहते हैं तो आपको यह देखना पड़ता है कि जहां आप जाना चाहते हैं वहां के लिए वीज़ा की क्या ज़रूरतें हैं। अगर आपको वहां का वीज़ा लेना है तो पर्याप्त समय पहले, खूब लम्बी–चौड़ी कागज़ी कार्यवाही करके और भारी शुल्क देकर वीज़ा के लिए आवेदन करना होता है और उसके बाद शुरु होता है प्रतीक्षा का लम्बा समय, जो एक–दो दिन से लगाकर एक–दो माह तक हो सकता है। और यह ज़रूरी नहीं कि आपने आवेदन किया तो आपको वीज़ा मिल ही जाएगा। तो आवेदन करने के बाद अनिश्चितता का तनाव भी झेलना पड़ता है। अभी भारतीय पासपोर्ट धारक को दुनिया के 173 गंतव्यों के लिए वीज़ा हासिल करने के यह कष्टप्रद प्रक्रिया पूरी करनी होती है। जिन देशों के लिए वीज़ा ज़रूरी नहीं है वहां की यात्रा लगभग उतनी ही सुगम होती है जितनी अपने देश में एक से दूसरे शहर की यात्रा होती है। सामान उठाएं, टिकिट लें और चल पड़ें। कोई झंझट ही नहीं। वीज़ा ऑनअराइवल भी कोई ज़्यादा परेशान करनी वाली प्रक्रिया नहीं है। संबद्ध देश के प्रवेश द्वार पर पहुंच कर एक फॉर्म भरें, फीस जमा कराएं और उस देश में प्रवेश कर लें।

**किसी देश के पासपोर्ट की ताकत कई बातों से निर्धारित होती है। इनमें सबसे ख़ास है उस देश के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय संबंध। आप किसी देश के नागरिक को अपने देश में बग़ैर वीज़ा के आने देते हैं तो वह देश भी आपके नागरिक को यह सुविधा देता है। इसके अतिरिक्त किसी देश की अर्थ व्यवस्था, वहां की आंतरिक स्थितियां भी उस देश के पासपोर्ट के वज़न को कम या ज़्यादा करती हैं।**

किसी देश के पासपोर्ट की ताकत कई बातों से निर्धारित होती है। इनमें सबसे ख़ास है उस देश के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय संबंध। आप किसी देश के नागरिक को अपने देश में बग़ैर वीज़ा के आने देते हैं तो वह देश भी आपके नागरिक को यह सुविधा देता है। इसके अतिरिक्त किसी देश की अर्थ व्यवस्था, वहां की आंतरिक स्थितियां भी उस देश के पासपोर्ट के वज़न को कम या ज़्यादा करती हैं। यहीं यह भी जान लें कि हेनली एंड पार्टनर्स के अलावा भी कुछ एजेंसियां हैं जो पासपोर्ट्स की रैंकिंग करती हैं, जैसे ग्लोबल पासपोर्ट इंडेक्स और नॉमेडकैपिटलिस्ट पासपोर्ट इंडेक्स। इनमें से हरेक के आकलन की विधियां एक दूसरे से थोड़ी–थोड़ी भिन्न हैं इसलिए इनकी रैंकिंग भी अलग–अलग होती है। उदाहरण के लिए भारतीय पासपोर्ट हेनली के यहां 77वें स्थान पर है तो ग्लोबल में 73वें और नॉमेड में 148वें स्थान पर है। नॉमेड की रैंकिंग में इतने फ़र्क़ की बड़ी वजह यह है कि वे लोग सम्बद्ध देश की कर व्यवस्था, उसके प्रति वैश्विक धारणा, दोहरी नागरिकता और वैयक्तिक स्वाधीनता को भी मद्दे नज़र रखते हैं। इनमें से सर्वाधिक लोकप्रिय हेनली रैंकिंग ही है।

किसी देश के पासपोर्ट की रैंकिंग से यह भी ज्ञात होता है कि उस देश की राजनयिक सेहत कैसी है ! राजनय के क्षेत्र में उस देश का प्रभाव कितना है। वहां के नागरिक को अगर कम देश अपने यहां बग़ैर वीज़ा के आने दे रहे हैं तो इसका एक अर्थ यह भी है कि वह देश बहुत सारे देशों के साथ वीज़ा में छूट का अनुबंध कर पाने में असफल रहा है। सिंगापुर, जापान, संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों ने बहुत सारे देशों के साथ वीज़ा छूट अनुबंध करके ही अपने पासपोर्ट्स को ताकतवर बनाया है। जहां तक भारत का सवाल है, क्योंकि हमने अधिकांश देशों के पासपोर्ट धारकों के लिए वीज़ा अनिवार्य कर रखा है, हमारे नागरिक भी उन देशों में बग़ैर वीज़ा के नहीं जा पाते हैं। इसका असर केवल पर्यटकों पर ही नहीं पड़ता है, अपितु अंतरराष्ट्रीय शिक्षा, रोज़गार और निवेश के मामले में भी हम पिछड़ते हैं और वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा में भी नुकसान की स्थिति में रह जाते हैं।

खुशी की बात यह है कि भारत स्वयं भी इस दिशा में सचेष्ट है। काफी दिनों से हम यह पढ़ रहे हैं कि भारत भी आरएफ़आईडीचिप और बायोमीट्रिक डैटा वाले ई पासपोर्ट ज़ारी करना शुरु करने वाला है। इन ई पासपोर्ट्स के राष्ट्रव्यापी चलन के बाद भारत के पासपोर्ट की वैश्विक रैंकिग बेहतर होगी, यह उम्मीद की जा सकती है। इसके अलावा भी भारत सरकार विभिन्न देशों से वीज़ा मुक्ति के लिए और द्विपक्षीय रिश्तों की बेहतरी के लिए संवादरत है। इसके सुपरिणाम भी जल्दी ही आने लगेंगे। यह उम्मीद करना अनुचित नहीं होगा कि निकट भविष्य में सिंगापुर, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे एशियाई देशों की तरह भारत भी अन्य देशों से मज़बूत राजनयिक संबंध कायम कर अपने पासपोर्ट को मज़बूत बना सकेगा।

–अतिथि संपादक,
डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल
(शिक्षाविद और साहित्यकार)

# सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स : समाज के लिए एक गंभीर चुनौती



सुनील दत्त गोयल

भारतीय समाज आज एक गंभीर संकट के मुँह में खड़ा है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की बेलगाम फौज ने हमारी सामाजिक व्यवस्था को तहस–नहस कर दिया है। यह केवल मनोरंजन या व्यापारिक गतिविधि नहीं है–यह राष्ट्रीय चरित्र पर सीधा हमला है। सरकार की निष्क्रियता और सोशल मीडिया कंपनियों की मनमानी ने इस समस्या को महामारी का रूप दे दिया है। ये तथाकथित इन्फ्लुएंसर बिना किसी सत्यापन के भ्रामक जानकारी फैलाते हैं, जिससे लाखों लोग गुमराह होते हैं। स्वास्थ्य से लेकर राजनीति तक, हर क्षेत्र में असत्य को सत्य के रूप में परोसा जा रहा है।

इन इन्फ्लुएंसर्स की सामठी में गहरा पूर्वाग्रह और पक्षपात दिखता है। ये अपने व्यक्तिगत या प्रायोजित एजेंडे के अनुसार तथ्यों को तोड़–मरोड़कर प्रस्तुत करते हैं। धर्म, जाति, राजनीति और सामाजिक मुद्दों पर एकतरफा और भड़काऊ विचार परोसे जाते हैं, जिससे समाज में विभाजन और अशांति फैलती है। सबसे घातक पहलू यह है कि ये इन्फ्लुएंसर्स पेड मार्केटिंग को सामान्य सामग्री के रूप में छुपाते हैं। दर्शकों को पता ही नहीं चलता कि वे एक विज्ञापन देख रहे हैं या वास्तविक सलाह सुन रहे हैं। यह उपभोक्ता धोखाधड़ी का सबसे कुटिल रूप है, जहाँ भरोसे का फायदा उठाकर गलत उत्पादों और सेवाओं को बेचा जाता है। आज का नौजवान सोशल मीडिया पर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। वे इस गलतफहमी में हैं कि उनके लाइक्स, शेयर और सब्सक्राइबर्स बढ़ जाएंगे, और इसी उम्मीद में वे किसी भी तरह की रील्स बना रहे हैं – चाहे उसमें जोखिम हो या अशोभनीय सामग्री।

पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि हजारों युवा केवल एक वायरल रील बनाने के चक्कर में अपनी जान तक गंवा चुके हैं। जब वे अपने लक्ष्यों को हासिल नहीं कर पाते, तब उनके सपनों की दुनिया बिखर जाती है और वे एंग्जायटी और डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। इसका असर सिर्फ उनके जीवन पर नहीं, बल्कि उनके पूरे परिवार पर भी पड़ता है, और उनके लिए एक नई समस्या खड़ी हो जाती है। यह लोग यह नहीं समझ पा रहे हैं कि सोशल मीडिया का रेलीवेंस कुछ समय का ही है और यह कोई परमानेंट काम नहीं है लेकिन ज्यादा व्यूज लाइक्स और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए यह लोग कुछ भी करने को तैयार हैं। यह केवल व्यापारिक गतिविधि नहीं है। जब हमारे युवा इन फर्जी आदर्शों को देखकर अपने जीवन की दिशा तय करते हैं, तो यह पूरी पीढ़ी के साथ विश्वासघात है। इन इन्फ्लुएंसर्स ने हमारी संस्कृति में शॉर्टकट और छलकपट की मानसिकता घुसा दी है।

कितना दुखद है कि जिस देश में ;सत्यमेव जयते; का सिद्धांत है, वहाँ झूठ को व्यापार बनाया जा रहा है। हमारे पूर्वजों ने सिखाया था–;भले खुद का नुकसान हो जाए, पर किसी दूसरे का एक रुपया भी न डूबे।; आज यही लोग दूसरों को ठगने में गर्व महसूस करते हैं। फर्जी प्रोफाइल्स के माध्यम से धोखाधड़ी, फ्रॉड और सामाजिक अपराध का जो जाल बिछाया गया है, वह आर्थिक आतंकवाद से कम नहीं है। रोमांस स्कैम से लेकर निवेश फ्रॉड तक, हज़ारों करोड़ रुपए की चोरी हो रही है।

निवेश घोटाले: सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका

आज के दौर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स न केवल उत्पादों और ब्रांड्स का प्रचार करते हैं, बल्कि बड़े पैमाने पर शेयर बाज़ार और क्रिप्टो निवेश घोटालों को भी बढ़ावा देने में गहरा संलिप्त हो गए हैं। ये इन्फ्लुएंसर–अक्सर बड़ी फैन फॉलोइंग और 'विशेषज्ञ' की छवि लेकर–लोगों को बिना किसी वैधता या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सलाह के स्टॉक्स, म्यूचुअल फंड्स, या क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने के लिए उकसाते हैं।

उन्होंने नकली चार्ट, मनगढ़ंत 'गैरेंटीड रिटर्न' के दावे, और गुप्त टिप्स के नाम पर जनता को भ्रमित किया–परिणामस्वरूप लाखों लोग अपने जीवनभर की बचत ऐसे घोटालों में गंवा देते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए वायरल होती इन फर्जी सलाहों और दिखावटी जीवनशैली के चलते कई निवेशक फेक ऐप्स और पोंजी योजनाओं के शिकार हुए हैं। क्रिप्टोकरेंसी जैसे अनियमित क्षेत्र में तो यह प्रवृत्ति और भी खतरनाक बन चुकी है, जहां कई इन्फ्लुएंसर्स, कंपनियों से मोटी रकम लेकर, स्कैम कॉइन्स का जबरदस्त प्रचार करते हैं और जरा–सी गिरावट होते ही लोगों की पूँजी डूब जाती है। इन गतिविधियों से न केवल आम निवेशक ठगे जाते हैं, बल्कि वित्तीय स्थिरता और बाजार की पारदर्शिता को भी जबरदस्त नुकसान पहुँचता है। यह स्थिति साफ़ दर्शाती है कि बिना किसी नियमन और कानूनी जवाबदेही के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स निवेश जगत के सबसे बड़े जोखिम बन कर उभरे हैं, जिन पर तत्काल और कठोर नियंत्रण की आवश्यकता है।

तुलना: प्रिंट मीडिया बनाम सोशल मीडिया

प्रिंट मीडिया की सबसे बड़ी ताकत इसकी कड़ी सत्यापन प्रक्रिया में निहित है। यहाँ प्रत्येक खबर की गहराई से जाँच–पड़ताल होती है, तथ्यों को कई स्तरों पर परखा जाता है, और अनुभवी पत्रकारों द्वारा खोजी पत्रकारिता की जाती है। इसके विपरीत, सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार का सत्यापन नहीं होता–कोई भी व्यक्ति कुछ भी लिखकर लाखों लोगों तक पहुँचा सकता है।

प्रिंट मीडिया में संपादकीय जवाबदेही की पूर्ण व्यवस्था है। संपादक और प्रकाशक प्रकाशित की गई हर सामग्री के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होते हैं। यदि कोई गलत जानकारी छपती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्तियों की होती है। सोशल मीडिया में यह जवाबदेही पूर्णत: अनुपस्थित है–न तो प्लेटफॉर्म की कोई जिम्मेदारी है और न ही व्यक्तिगत अकाउंट होल्डर की।

कानूनी ढांचे में स्पष्ट अंतर

प्रिंट मीडिया प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया और न्यायपालिका के कड़े नियंत्रण में काम करता है। गलत जानकारी के लिए कानूनी कार्रवाई, जुर्माना और लाइसेंस रद्द करने तक के प्रावधान हैं। इसके विपरीत, सोशल मीडिया एक कानूनी शून्यता में काम कर रहा है–न तो स्पष्ट नियम हैं और न ही प्रभावी कार्रवाई का तंत्र।

गुणवत्ता और उद्देश्य का मौलिक भेद

प्रिंट मीडिया में गुणवत्ता नियंत्रण का कड़ा तंत्र है। दशकों के अनुभव वाले पत्रकार, संपादक, और विशेषज्ञ मिलकर सामग्री तैयार करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य सूचना देना और जनहित में काम करना है। सोशल मीडिया का एकमात्र फोकस सनसनी पैदा करना और वायरलिटी हासिल करना है–यहाँ गुणवत्ता की जगह क्लिक्स और व्यूस की गिनती महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रीय योगदान में आकाश–पाताल का अंतर

प्रिंट मीडिया का राष्ट्रीय योगदान अमूल्य है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इसने जनचेतना जगाई, आजादी के बाद लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाया, और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाई।

गांधी जी से लेकर आज तक के हर महत्वपूर्ण आंदोलन में प्रिंट मीडिया की भूमिका रही है। इसके ठीक उलट, सोशल मीडिया का योगदान समाज में विभाजन और अराजकता फैलाने में है। यह धर्म, जाति, राजनीति के नाम पर लोगों को बांटता है, फर्जी खबरें फैलाता है, और सामाजिक सामंजस्य को नुकसान पहुंचाता है।

प्रिंट मीडिया ने देश की आज़ादी से लेकर आज तक राष्ट्र निर्माण में अपना खून–पसीना लगाया है। इसका लंबा–चौड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर है, अनुभवी पत्रकारों की टीम है, और सबसे महत्वपूर्ण–नैतिक मानदंड हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का मुख्य उद्देश्य लोगों को सम्मोहित/भ्रमित करना है, सूचना या जानकारी देना नहीं। ये कंपनियाँ विज्ञापन राजस्व कमाने के लिए सनसनीखेज़ और भड़काऊ सामग्री को बढ़ावा देती हैं। यहाँ अपरिपक्वता और फूहड़ता का बोलबाला है, जबकि तथ्यपरक जानकारी गायब है।

इन्फ्लुएंसर्स: आधुनिक युग के सामाजिक परजीवी

आज के अधिकांश इन्फ्लुएंसर्स सामाजिक परजीवी बनकर रह गए हैं। ये किराए के टट्टू हैं जो पैसे के लिए अपनी आत्मा तक बेच देते हैं। इनका कोई सिद्धांत नहीं, कोई नैतिकता नहीं, केवल लालच है। ये वही लोग हैं जो कल किसी कंपनी का प्रचार करते हैं, आज किसी राजनीतिक पार्टी का, और कल किसी विदेशी एजेंडे का। इनके कारण हमारी युवा पीढ़ी भटक रही है। लड़के–लड़कियाँ असंभव सपने देखते हैं, रातों–रात अमीर बनने के सपने देखते हैं। मेहनत, ईमानदारी और संयम की जगह शॉर्टकट और छलकपट की मानसिकता पनप रही है।

समाधान: तत्काल आवश्यक कार्रवाई

नकली पहचान का जहरीला खेल

आज हज़ारों फर्जी प्रोफाइल्स के माध्यम से धोखाधड़ी, फ्रॉड और सामाजिक अपराध का जाल बिछाया जा रहा है। एक व्यक्ति दर्जनों नकली अकाउंट बनाकर भोली–भाली जनता को ठगने में लगा है। रोमांस स्कैम से लेकर निवेश फ्रॉड तक, फेक प्रोफाइल्स के सहारे अरबों रुपए की चोरी हो रही है। यह आर्थिक आतंकवाद से कम नहीं है। इन फर्जी खातों का उपयोग धर्मांतरण, सामुदायिक दंगे, राष्ट्रविरोधी प्रचार और युवाओं के मानसिक भ्रष्टाचार के लिए किया जा रहा है। सरकार कब तक इस अराजकता को बर्दाश्त करती रहेगी?

यह सरकारी नीति की घोर विफलता है कि आज तक इस मुद्दे पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के ज़रिए हर फर्जी प्रोफाइल को पकड़ना संभव है, तो सरकार की मौनता समझ से परे है।

आधार–आधारित : एकमात्र समाधान

तत्काल प्रभाव से सभी सोशल मीडिया कंपनियों को आधार कार्ड प्रमाणीकरण के साथ अनिवार्य लागू करना होगा। यह कोई सुझाव नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की आपातकालीन आवश्यकता है। जिस प्रकार बैंक खाता खोलने या मोबाइल कनेक्शन लेने के लिए आधार अनिवार्य है, उसी प्रकार सोशल मीडिया अकाउंट के लिए भी यह अनिवार्य होना चाहिए।

1. तत्काल लागू करने योग्य नीति

एक आधार, एक प्रोफाइल: प्रत्येक आधार कार्ड से केवल एक ही सोशल मीडिया अकाउंट की अनुमति

–आधारित सत्यापन: प्रत्येक पोस्ट के लिए आधार–लिंक्ड मोबाइल पर

तुरंत निलंबन: फर्जी जानकारी पाए जाने पर 24 घंटे के भीतर अकाउंट बंद करना

आपराधिक दायित्व: फेक प्रोफाइल बनाने वालों के खिलाफ तत्काल

2. सोशल मीडिया कंपनियों पर कड़े नियम

भारत में डेटा सेंटर: सभी कंपनियों के लिए अनिवार्य

भारतीय साझेदार: विदेशी कंपनियों के लिए स्थानीय पार्टनर की अनिवार्यता

भारी जुर्माना: नियम उल्लंघन पर 100 करोड़ तक का दंड

तुरंत बैन: भारतीय कानून न मानने पर सेवा बंद करना

3. इन्फ्लुएंसर उत्तरदायित्व अधिनियम

पेड कंटेंट की अनिवार्य घोषणा: हर प्रायोजित पोस्ट पर स्पष्ट लेबलिंग

तथ्य सत्यापन दायित्व: झूठी जानकारी फैलाने पर कानूनी कार्रवाई

लाइसेंसिंग प्रणाली: 1 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स वाले इन्फ्लुएंसर्स के लिए लाइसेंस

4. डिजिटल साक्षरता अभियान

स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करना: फेक न्यूज़ पहचानने की ट्रेनिंग

अभिभावक जागरूकता: बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर नियंत्रण

सामुदायिक कार्यक्रम: गाँव–शहर में डिजिटल जागरूकता अभियान

5. प्रिंट मीडिया को मज़बूती

सरकारी सहायता: विश्वसनीय पत्रकारिता के लिए विशेष फंड

डिजिटल अपग्रेड: प्रिंट मीडिया के लिए तकनीकी सहायता

युवा पत्रकारों को प्रोत्साहन: नैतिक पत्रकारिता के लिए छात्रवृत्ति

6. तकनीकी समाधान –आधारित निगरानी

ब्लॉकचेन सत्यापन: सामग्री की प्रामाणिकता के लिए

रियल–टाइम फैक्ट चेकिंग: त्वरित सत्यापन प्रणाली

यह राष्ट्रीय आपातकाल है। यदि अभी भी कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी माफ नहीं करेंगी। आधार–आधारित तुरंत लागू करना, फर्जी प्रोफाइल्स को जड़ से मिटाना, और सोशल मीडिया को भारतीय मूल्यों के अनुकूल बनाना समय की मांग है। प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता को और मज़बूत बनाना होगा और डिजिटल अराजकता पर लगाम लगानी होगी। जिस सभ्यता और संस्कृति की रक्षा के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिए, उसे इन फर्जी प्रोफाइल्स की भेंट नहीं चढ़ने दिया जा सकता। सोशल मीडिया का उपयोग समाज और देश के कल्याण के लिए, राष्ट्र निर्माण के लिए किया जाना चाहिए, न कि व्यक्तिगत लाभ और सामाजिक विघटन के लिए। समय रहते सचेत हो जाइए–देर हो जाने पर पछताना पड़ेगा।

धन्यवाद,
रोटेरियन सुनील दत्त गोयल,
महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री

# 'जर्जर भवनों की रिपोर्ट तैयार कर आवश्यक कार्यवाही करें'

**जिला प्रभारी सचिव ने पावटा उपखंड में विद्यालय और आंगनबाड़ी भवनों का निरीक्षण किया**

**पावटा,** (निसं)। प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य बुनकर संघ लिमिटेड जयपुर एवं जिला प्रभारी सचिव महावीर प्रसाद मीणा ने रविवार को उपखंड पावटा के राजकीय विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को भवन की स्थिति एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, एसडीएम पावटा कपिल उपाध्याय, एसडीएम कोटपुतली बृजेश चौधरी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

प्रभारी सचिव मीणा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पाथरेड़ी एवं प्रागपुरा तथा आंगनबाड़ी के निरीक्षण के दौरान भवन की स्थिति, कक्षाओं की दशा, दीवारों की दरारें तथा परिसर की साफ–सफाई आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे भवन जो जर्जर अवस्था में है, उनका तुरंत चिन्हीकरण करें। उन्होंने संस्थानों में सुविधाओं की उपलब्धता, स्वच्छता, शौचालय, पेयजल और अन्य सुविधाओं को लेकर परिस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जिले के सभी उपखंड अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने–अपने क्षेत्रों में स्थित राजकीय भवनों, विद्यालयों, आंगनबाड़ियों और भवनों का फील्ड निरीक्षण कर उनकी वास्तविक स्थिति का अवलोकन कर जो भवन जर्जर अवस्था में हैं अथवा उपयोग के लिए असुरक्षित हैं या मरम्मत की आवश्यकता है उनका चिन्हीकरण कर रिपोर्ट तैयार करें।



जिला प्रभारी सचिव महावीर प्रसाद मीणा, कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, एसडीएम पावटा कपिल उपाध्याय ने पावटा में विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया।

प्रभारी सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय भवन केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं बल्कि बच्चों की सुरक्षा और समग्र विकास का आधार भी हैं। अत: बच्चों को एक सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है।

जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि जिला प्रशासन आमजन के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और बच्चों की सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्य में सभी संबंधित अधिकारी जवाबदेही और तत्परता के साथ कार्य करें। जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिले के उपखंड अधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी निरंतर फिल्ड़ में जाकर विद्यालयों, छात्रावासों व जर्जर भवनों का निरीक्षण कर रहे हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 28 जुलाई, 2025**

सावन मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र सायं 5:36 तक, परिघ योग रात्रि 2:54 तक, वणिज करण दिन 11:03 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 21:00 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कर्क चन्द्रमा–सिंह, मंगल–सिंह, बुध–कर्क, गुरू–मिथुन, शुक्र–मिथुन, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज रवियोग सायं 5:36 तक है। भद्रा दिन 11:03 से रात्रि 11:25 तक रहेगी। आज सावन तृतीय वन सोमवार व्रत और वन महोत्सव दिवस है। आज वरद विनायक चतुर्थी, दूर्वा गणपति व्रत है। आज से श्रवण तपस्या (जैन) आरम्भ है। मंगल कन्या राशि में सायं 7:59 से प्रवेश करेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:33 तक, शुभ 9:13 से 10:53 तक, चर 2:13 से 3:53 तक, लाभ–अमृत 3:53 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:53, सूर्यास्त 7:13

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त हो सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिलेगी।

**वृष**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**तुला**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ**
घर–परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**मीन**
स्वास्थ्य से संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या एवं आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

## सार-समाचार

### पोकरण में आधुनिक लाइब्रेरी शुरू

**पोकरण,** (कासं)। पोकरण केपुष्करणा भवन में शिक्षा के क्षेत्र में कदम बढाते हुए समाज के भामाशाहों के सहयोग से अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। इस लाइब्रेरी में सुव्यवस्थित रूप से बैष्ठने की व्यवस्था, कंप्यूटर, वाई-फाई, इनवर्टर जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि विद्यार्थियों को पढाई में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस नवस्थापित ज्ञान केंद्र का उद्घाटन संत शिरोमणि कादली वन हनुमान मंदिर सेल्वी, मारुति नंदन आश्रम पोकरण के महंत ओम जी महाराज के पावन आशीर्वाद व प्रेरणाप्रद वचनों के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुष्करणा समाज द्वारा ओम महाराज का वैदिक मंत्रोच्चार एवं पुष्पाभिषेक के साथ स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित द्वारा ओम जी महाराज को शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं समाज के वयोवृद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता बलाकी दास छंगाणी ने उन्हें माला अर्पित कर समाज के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संत ओम महाराज ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि पुष्करणा समाज शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढकर समाज एवं अन्य समाजों को आदिकाल से शिक्षा के साथ-साथ अस्त्र एवं शस्त्र सीखने का कार्य करता है ।वहीं पार्षद एवं भामाशाह दिनेश व्यास द्वारा समाज के लिए एक लाख एकावन हजार रुपए की आर्थिक सहयोग से लाइब्रेरी कार्य के लिए उपयोग में दिए गए कि समाज के सभी लोगों ने सराहना की, युवा समाजसेवी हरिओम पुरोहित एवं उनकी टीम द्वारा समाज के शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने पर भुरी भरी प्रशंशा की गई। इस पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आनंदीलाल गुचिया, व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश व्यास, पार्षद एवं भामाशाह दिनेश व्यास, पार्षद नारायण रंगा, अधिवक्ता बिलाकिदास जी छंगाणी, सुंदरलाल जी छंगाणी, जगदीश प्रसाद जोशी, वरिष्ठ पत्रकार मनोहर जोशी, देवीलाल बिस्सा, मोटू छंगाणी, समाजसेवी गौरीशंकर जोशी, पत्रकार संघ अध्यक्ष जुगल किशोर बिस्सा, समाजसेवी मुरली जोशी, मुरलीधर छंगाणी,पुखराज बिस्सा, पंडित मुकेश ओझा, श्यामसुंदर पनिया सहित पुष्करणा ब्राह्मण समाज के अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

### डांगरा समाज की बैठक आयोजित

**जालोर,** (कासं)। निकटवर्ती साधु अनोप दास महाराज की झोपडी में रविवार को डांगरा समाज की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। डांगरा पट्टी अध्यक्ष उक सिंह परमार डांगरा ने बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट श्रवण सिंह सिसोदिया जिला अध्यक्ष युवा महासभा ने की, और बैठक के मुख्य अतिथि 23 सितंबर कार्यक्रम के जिला संयोजक व भाजपा जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह सिसोदिया रहे, बैठक में 23 सितंबर जिला स्तरीय कार्यक्रम पर चर्चा की गई तथा अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए आव्हान किया गया, बैठक में डांगरा पट्टी अध्यक्ष उक सिंह परमार डांगरा ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह सिसोदिया का स्वागत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नशा मुक्ति का संकल्प पारित किया गया और निर्णय लिया गया कि शादी,ब्याह, शोक सभा या अन्य सामाजिक व पारिवारिक कार्यक्रम इत्यादि में अमल, डोडा इत्यादि की मनुहार पुर्ण तया बंद रहेगी। बैठक में 23 सितंबर चलो जालोर का नारा बुलंद किया। अभय सिंह मांडवला, मनोहर सिंह बेरठ, अचल सिंह परिहार जालौर, जितेंद्र सिंह नाथावत जालोर, मदन सिंह गहलोत गणेश बैंगल्स, किशोर सिंह अर्बुदा ज्वेलर्स, रमेश सिंह डांगरा,गोबर सिंह एलाना, देवी सिंह मांडवला इत्यादि उपस्थित हुए।

### एसपी को स्थानांतरण पर दी विदाई

**जालोर,** (कासं)। सनातन धर्म सेवा एवं संर्वधन संस्थान, जिला जालोर की ओर से रविवार को स्थानीय चामुंडा गार्डन में पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के जयपुर एसओजी में स्थानांतरण के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के जिलाध्यक्ष बंशीलाल सोनी की अध्यक्षता में अनेक सदस्यों एवं नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में ज्ञानचंद यादव का सम्मान करते हुए उनके अब तक के सेवाकाल के लिए आभार प्रकट किया गया तथा आगामी कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान मधुसूदन व्यास, जयसिंह, भोमाराम माली, मदन सोलंकी, कान नाथ भाटी, कांतिलाल सुन्देशा, मगनाराम गहलोत, रामशा, दिनेश बारोट, मांगीलाल कच्छवाहा, मगनाराम गहलोत, दिनेश सोनी,राकेश सोनी, सुनील शर्मा, पप्पू बंजारा, सोमनाथ, पुखराज सुन्देशा, अमर मोदी, मदन टेक्सी वाला, नन्दलाल खटीक, गमनाराम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। लोगों ने एसपी यादव के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सरस्वती विद्यालय में पौधारोपण

**पोकरण,** (निसं)। हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय पोकरण में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढावा देना और छात्रों में प्रकृति के प्रति जागरूकता पैदा करना था। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, स्टाफ सदस्य और कक्षा 12वीं के विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण से हुई, जिसमें नीम, गुलमोहर, अशोक सहित अन्य छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया गया। विद्यालय की व्यवस्थापक सुरेंद्र केवलिया ने छात्रों को 'एक पौधा माँ के नाम' की शपथ दिलाई और उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने घर के पास पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करें। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि यह आने वाली पीढियों के लिए एक हरित संदेश भी है। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि हर वर्ष इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देंने का संकल्प लिया। पौधरोपण कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य गिरिराज ओझा सहित अध्यापक मुकेश शर्मा घनश्याम सुथार शोभा पुरोहित व कक्षा 12 विज्ञान वर्ग के छात्र उपस्थित रहे

### अतिथि शिक्षकों के लिए आवेदन मांगे

**जालोर,** (कासं)। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अतिथि शिक्षकों के आवेदन आमंत्रित हैं। प्रधानाचार्य कांतिलाल पुरोहित ने बताया कि उक्त अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति पीएम श्री योजना के अंतर्गत अधिगम क्षमता संवर्धन (एल ई पी) कार्यक्रम के तहत की जायेगी। कक्षा 11 व 12 के लिए भौतिक विज्ञान, एग्रीकल्चर व कॉमर्स के पदों के लिए तथा कक्षा 9 व 10 में गणित विषय के रिक्त पदों के लिए अधिगम क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के तहत पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन 30 जुलाई तक विद्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 1 अगस्त से 31 अक्टूबर अथवा रिक्त पद भरने तक जो पहले हो अध्यापन कार्य करना होगा। मानदेय प्रतिदिवस प्रति घंटे के आधार पर भुगतान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जुलाई तक विद्यालय समय में शैक्षणिक और प्रशैक्षणिक दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी

**जोधपुर,** (कासं)। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 124 वी श्रंखला का कार्यक्रम जोधपुर शहर सुरसागर विधानसभा चौपासनी मण्डल वार्ड नम्बर 14 के बूथ संख्या 195 में पिपली चौराहा पर सुना गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जोधपुर शहर के जिला संयोजक प्रकोष्ठ पदमसिंह कच्छवाह, जिला मीडिया सह प्रभारी सीमा भुवन माथुर, संभाग मीडिया सह प्रभारी (महिला मोर्चा) प्रियका त्यागी, जिला संयोजक वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ शोभाग सिंह चौहान, जोधपुर नगर निगम (दक्षिण) वार्ड नंबर 19 पार्षद महेश परिहार, भाजपा वरिष्ठ नेता हीरा लाल वैष्णव, हिन्दू जागरण मंच के दिपक कौशिक, एडवोकेट राजेंद्र सिंह पंवार, केसर सिंह सोंलकी और कैलाश सैन आदि उपस्थित थे।

### डूंगरपुरी मठ संत आश्रम में मेला आज

**धोरीमना,** (निसं)। धोरीमना में स्थित डूंगरपुरी मठ संत आश्रम धोरीमन्ना में 28 जुलाई को तीसरे सोमवार को मेले का आयोजन होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुरी महाराज ने बताया कि कथावाचक पंडित जगदीश गौड पूरे श्रावण मास में भगवान शिव जी के शिव पुराण कथा का आयोजन चल रहा है। प्रति दिन 4 बजे से 6 तक कथा का आयोजन चल रहा है सोमवार के दिन सुबह से लेकर शाम तक कथा चल रही है । सोमवार के दिन शिव भोलेनाथ का अभिषेक व महाप्रसादी का आयोजन होता है । धोरीमना क्षेत्र के श्रद्धालु बढ चढकर भाग लेते है दिन भर मेले जैसा माहौल रहता है रामपुरी ने कहा कि बाबा रामदेवरा के यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है।

# बाड़मेर जिले में 9.50 लाख से अधिक पौधे लगाए

**बाड़मेर,** (नि.सं.)। हरियालो राजस्थान महा अभियान के अन्तर्गत हरियाली तीज के अवसर पर रविवार को जिले भर में विशेष पौधारोपण अभियान चलाकर साढ़े नौ लाख से अधिक पौधे लगाए गए। जिला प्रभारी सचिव सुबीर कुमार एवं चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल की उपस्थिति में बीएसएफ फायरिंग रेंज जालीपा में जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला स्तरीय वन महोत्सव में जिला प्रभारी सचिव सुबीर कुमार, चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, जिला कलक्टर टीना डाबी, बीएसएफ सेक्टर बाड़मेर उप महानिरीक्षक आर के बसट्टा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, उपखंड अधिकारी यथार्थ शेखर, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्रसिंह चांदावत, यूआईटी सचिव श्रवणसिंह राजावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस, समाजसेवी स्वरूपसिंह खारा, दीपक कड़वासरा, रणवीरसिंह भादू, 78 वाहिनी के कमांडेंट सुरेंद्रसिंह, द्वितीय कमान अधिकारी प्रवीण कुमार, सहायक वन संरक्षक छोटूसिंह भाटी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न किस्म के पौधों का रोपण किया।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम और मुख्यमंत्री ने हरियालो राजस्थान महा अभियान चलाकर देश-प्रदेश को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया है। उनके इस सपने को हम सब मिलकर ही साकार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिले को हरा-भरा बनाने के लिए हर जन को भागीदार बनना चाहिए। उन्होंने प्रकृति के संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि यदि धरती पर पेड़-पौधे पर्याप्त मात्रा में है और प्रकृति का सही संतुलन बना हुआ है तो ही हमारा अस्तित्व है, अन्यथा जीवन की कल्पना ही असंभव है। इसलिए हर व्यक्ति अधिक से अधिक पौधे लगाए और उन्हें पेड़ बनाएं। उन्होंने कहा कि केवल पेड़ लगाना बड़ी बात नहीं है, उनकी समुचित सुरक्षा और उचित देखभाल करते हुए पेड़ बनाना ज्यादा महत्वपूर्ण है।



बाड़मेर में जिला प्रभारी सचिव सुबीर कुमार एवं चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल की उपस्थिति में बी.एस.एफ. फायरिंग रेंज जालीपा में जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

प्रभारी सचिव सुबीर कुमार ने बताया कि केन्द्र सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए राज्य सरकार ने हरियालो राजस्थान महा अभियान शुरू किया है। उसके तहत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार के लिए राज्यभर में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। आमजन को पौधारोपण के प्रति जागरूक करने के लिए बाड़मेर में भी वन महोत्सव आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप जिला एवं ब्लॉक के साथ ठााम स्तर तक पौधारोपण कर हर व्यक्ति को इस अभियान से जोड़ते हुए इसे जन अभियान का स्वरूप दिया गया है। जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से आज गांव-गांव में उत्सव के रूप में पौधारोपण किया गया है, आमजन पौधों की महता के प्रति जागरूक होंगे और जिले को हरा-भरा बनाने में कामयाबी मिलेगी।

स्वरूपसिंह खारा ने आमजन से पौधारोपण करने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां अभियान में सहभागिता निभाएं।

अतिरिक्त ज़िला कलक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिले में 18 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है, जिनमें से नौ लाख से ज्यादा पौधे लगाए जा चुके हैं। वन विभाग ने 1985 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधारोपण किया है। हरियाली तीज पर प्रदेशव्यापी विशेष अभियान के तहत जिले में विभिन्न विभागों की ओर से ठााम पंचायतों, स्कूलों, राजकीय कार्यालय परिसरों, वन भूमि एवं अन्य सार्वजनिक जमीन पर विभिन्न किस्म के 9 लाख 55 हजार पौधे लगाए गए हैं। सहायक वन संरक्षक छोटूसिंह भाटी ने आभार जताया। इस दौरान पौधारोपण में बीएसएफ, सिविल डिफेंस, मयूर नोबल एकेडमी के विद्यार्थियों एवं लोगों ने सहभागिता निभाई।

# जालोर की सुनीता चौधरी जॉर्जिया में दिखायेगी दम


**जालोर,** (कासं)। जॉर्जिया में 1 से 6 अगस्त तक आयोजित होने वाली बटूमी इंटरनेशनल ओपन वुशू प्रतियोगिता के लिए जालोर की सुनीता चौधरी का चयन हुआ है।



वुशू खिलाड़ी सुनीता चौधरी

जिला वुशू संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय वुशू संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत भर से कुल 16 खिलाडियों का चयन हुआ है,जिसमें राजस्थान से एकमात्र खिलाडी सुनीता चौधरी हैं। जहां वह 70 किलो वजनवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।सुनीता 30 जुलाई को वायुमार्ग से टीम के अन्य 15 खिलाडियों व सपोर्टिंग स्टाफ के साथ जॉर्जिया के लिए प्रस्थान करेंगी।सुनीता के अंतर्राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में चयन होने पर राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, अंतर्राष्ट्रीय वुशू कोच राजेश कुमार टेलर,महासचिव ममता वर्मा,जिला वुशू संघ के संरक्षक दलपतसिंह आर्य, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल,आर्य वीर दल राजस्थान के अधिष्ठाता विनोद आर्य,आर्यवीरदल जालोर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, संचालक प्रशांत सिंह,संगठन मंत्री कांतिलाल आर्य,पूर्व संचालक छगन आर्य,जिला खेल अधिकारी भरत सिंह गुर्जर,शाखा नायक गणपत लाल आर्य,स्टेडियम के सहायक खेल प्रभारी इमरान खान,जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल, मोहनलाल आर्य, जगदीश आर्य, अम्बिका प्रसाद तिवारी, शिक्षाविद इंद्रपुरी गोस्वामी,कोच देवेश आर्य, कोच प्रितम सिंह राठौड सहित खिलाडियों ने खुशी जताई।

# तालाब पूजन किया



रेवदर के पास ग्राम एवंडी में हरियाली तीज पर तालाब पूजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**रेवदर,** (नि.सं.)। कस्बे के समीपवर्ती ग्राम एवंडी में आज हरियाली तीज के दिन तालाब पूजन किया गया।

एवडी ग्रम में कई सालों बाद हरियाली तीज पर आज 70 महिलाओं ने तालाब पूजन किया। 70 बहिनों के भाईयों के तालाब पूजन के दौरान भाई ने बहिन को पानी पिलाकर रस्म निभाई। भाई बहिन द्वारा तालाब में कलश को पानी में हिलाता है। उस दौरान नारियल को पानी में फेक कर बहिनों को चुनड़ी ओढ़ाई जाती है। श्रवण सिंह, दशरथ सिंह, महिपाल सिंह,प्रीतम सिंह, रघुवीर सिंह, पदम सिंह, ईश्वर सिंह, उपेन्द्र सिंह, भोपाल सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# ज्ञान की गंगा बहा रहे हैं जैन संत एवं साध्वियां

**जोधपुर,** (कासं)। चौरड़िया भवन में आज डा-पदम मुनि सा. का 62 वां जन्मदिवस त्याग, तपस्या एवं गुणकीर्तन से मनाया गया।

प्रतिदिन की तरह आज भी प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में साध चौरड़िया भवन पहुंचे। सुमति मुनि ने नित्य प्रवचन में कहा कि जन्मदिन संवत्सरी की तरह मनाना चाहिए। जन्मदिन को उपवास, व्रत नियम पचक्खाण से मनाना चाहिए। जन्मदिवस पर अपनी गलतियों का अवलोकन कर उसे स्वीकार करें। स्वनिंदा कर गुरु से प्रायश्चित स्वीकार कर पापों का प्रतिक्रमण करना चाहिए। मुनि ने कहा कि जैन धर्म की प्रमुख विशेषताओं में अहिंसा, अपरिठाह अनेकांतवाद प्रमुख है। जन्म शरीर का होता है, शरीर उपकारी है, कार्य करने का साधन है। बिना कारण वृक्ष, फूल, पत्ते एवं घास काटते हैं तो तीव्र वेदनीय कर्म बंध होता है।

साध्वी नगीना श्रीजी ने कहा कि आप ऐसी वस्तुओं का व्यापार करते हैं जिससे अहित होता है, इससे कमाये गये धन से आपके परिवार का अहित होगा। आपके शरीर के कोई अंगोपांग को काटते हैं, हानि पहुंचाते हैं तो क्या आपको अच्छा लगेगा?, फिर इन पौधों को क्यों काटते हैं। प्राय: पेड़ पर देवता, व्यंतर, आदि का निवास होता है, जब हम किसी पेड़ को काटते हैं तो उस पेड़ पर निवास कर रहे देवता, व्यंतर, भूत-प्रेत नाराज हो जाते हैं तो फिर आपको कष्ट देते हैं। साध्वी ने कहा कि आप निद्रा त्याग कर सुबह उठते हैं तो यदि आप 48 मिनट तक चिंता करते हैं जैसे व्यापार घाटा, रोग, परिवार के सदस्यों की अशांति का चिंतन करते हैं तो ऐसा करने से आपकी 9 वर्ष 6 मास की साधना निष्फल हो जाती है। साध्वी ने कहा कि घर में वास्तु दोष को हटाने के लिए कोई तोड़-फोड़ नहीं करें। चौरड़िया भवन चातुर्मास कार्यक्रम के अन्तर्गत हर रोज भक्ति एवं प्रवचनों की सरिता प्रवाहित हो रही है। कार्यक्रमों में महिलाएं तथा बच्चे भी उत्साह से भाग ले रहे हैं।

दूसरी ओर अमरनगर स्थित उजी तारा त्रिस्तुतिक जैन संघ भवन में साध्वी कल्पलता, सौभाग्यगुणा एवं वैराग्यगुणा श्रीजी म.सा. की पावन निश्रा में सामूहिक सामायिक का भावमय आयोजन श्रद्धा, साधना और समर्पण के वातावरण में संपन्न हुआ। साध्वीश्रीजी ने सामायिक की आध्यात्मिक महत्ता को स्पष्ट करते हुए कहा-"सामायिक वह दीप है, जो आत्मा के भीतर समता की ज्योति जगाता है।

इसी प्रकार श्री जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ संघ की ओर से पाल रोड उद्यान अपार्टमेंट के पास स्थित श्री आदिनाथ जैन मंदिर प्रांगण में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन में साध्वी वैराग्य निधि ने कहा परिवार की सकारात्मक परिभाषा जो चारों ओर से हमें आवृत कर लें, ढक दें, सुरक्षा कवच प्रदान करें, संस्कारों से हमें सुसमृद्ध बनाएं।

# पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत 250 स्थानों पर दबिश दी

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश और डीसीपी वेस्ट विनीत कुमार बंसल के निर्देश पर 36 टीमों का गठन किया गया, जिसमें शामिल 187 सदस्यों ने 250 स्थानों पर दबिश दी।

पुलिस थाना देवनगर में आबकारी एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की गई। अभियान के दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 28 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई। साथ ही 20 गिरफ्तारी वारंटो का निस्तारण किया गया। अभियान में एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट के चालनशुदा 63 व्यक्तियों को भी चेक किया गया। कार्रवाई के दौरान 102 हिस्ट्रीशीटर और 168 को अपराधियों को चेक किया गया।

स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए शनिवार रात को गश्त और नाकाबंदी के दौरान पुलिस के 96 अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 83 होटल ढाबों को चेक किया। 31 आपराधिक एवं सामाजिक तत्वों से पूछताछ की गई। 37 व्यक्तियों के खिलाफ 60 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

20 व्यक्तियों के खिलाफ 185 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वाहनों के खिलाफ एमबी एक्ट के तहत करवाई की गई। जिनमें चार बिना नंबर के और 10 काले शीशे लगे और 40 दूसरे वाहन थे। एक स्पेशल प्रकरण और लोकल एक्ट के तहत पुलिस थाना भगत की कोठी में दर्ज कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गया, उसके कब्जे से पास 5 हुक्के, 4 चिलम, 11 पाइप, 3 प्लास्टिक के फ्लेवर के डिब्बे जब्त किए गए। साथ ही 22 व्यक्तियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार किया

जोधपुर में प्रताप नगर थाना पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी किए रुपए बरामद करने के प्रयास किया जा रहे हैं।

प्रताप नगर थाना अधिकारी गोविंद लाल व्यास ने बताया कि 18 जुलाई को मुंबई मोटर चौराहा निवासी तरुण ओझा ने थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि 17 जुलाई की रात करीब 9 बजे उनके मकान के स्टोर रूम से तीन लाख रुपए चोरी कर लिए गए। जब स्टोर रूम खोला तो बैग नीचे पड़ा मिला, जिससे उन्हें चोरी का पता चला। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास की एरिया की सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र से सूचना प्राप्त की।

# अपना घर आश्रम में मिर्गी जांच एवं परामर्श शिविर

**जोधपुर,** (कासं)।साहस चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आज अपना घर आश्रम में मिर्गी रोग जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस जनसेवा अभियान में जोधपुर के प्रख्यात न्यूरोसर्जन डॉ. नागेंद्र शर्मा ने नि:शुल्क सेवाएं प्रदान कीं।

इस विशेष शिविर में मिर्गी के संभावित मरीजों की पहचान की गई। उन्हें आवश्यक जाँच, परामर्श और प्रारंभिक दवा उपलब्ध करवाई गई।

डॉ. नागेंद्र शर्मा ने शिविर में उपस्थित लोगों को बताया कि "मिर्गी कोई भूत-प्रेत या पागलपन नहीं, बल्कि एक सामान्य न्यूरोलॉजिकल समस्या है, जो दिमाग में अचानक और असामान्य विद्युत गतिविधियों के कारण होती है। यदि समय पर निदान और निरंतर दवा की जाए, तो मिर्गी पूरी तरह नियंत्रित हो सकती है।"

उन्होंने यह भी अपील की कि मिर्गी को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों और डर को दूर करें, और मरीजों को सहयोग और समझ दें।

इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी कच्छावा ने जानकारी दी कि डॉ नागेंद्र शर्मा द्वारा हर माह की 30 तारीख को लायंस भवन में मिर्गी रोगियों को एक माह की दवाएं मुफ्त दी जाती हैं। अब अपना घर आश्रम के मिर्गी रोगी भी इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे, जिससे उनका इलाज निरंतर रूप से हो पाएगा।

# हरियाली के प्रति जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण बोटेनिकल पार्क

**जोधपुर,** (कासं)। हरियाली तीज के पावन अवसर पर रविवार को मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान हरियालो राजस्थान के अंतर्गत जोधपुर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

76 वें जिला स्तरीय वन महोत्सव-2025 का आयोजन वनखंड बड़ा भाकर स्थित बोटेनिकल पार्क में किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी सचिव एवं राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार की विशेष उपस्थिति रही।

इस अवसर पर शहर विधायक अतुल भंसाली तथा सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दिनेश कुमार ने कार्यक्रम में आए जनसमुदाय को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई और सामूहिक वृक्षारोपण में भागीदारी निभाई। हरियाली तीज के उपलक्ष्य में जिलेभर में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 15,000 पौधों का रोपण किया गया।

वन महोत्सव के दौरान संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह, सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक एम. एल. गर्ग, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विनीत बंसल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा, नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पालनीचामी, मुख्य वन संरक्षक आर. के. जैन, उप वन संरक्षक मोहित गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने वृक्षारोपण कर कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### पर्यावरण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

हरियाली तीज के शुभ अवसर पर रविवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर के सभागार में वन महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर विधायक अतुल भंसाली थे जबकि अध्यक्षता जिला प्रभारी सचिव एवं राजस्व व उपनिवेशन विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, मुख्य वन संरक्षक आर. के. जैन, पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) विनीत बंसल, डीआरएम अनुराग त्रिपाठी, राजेन्द्र पालीवाल, घनश्याम ओझा समेत अनेक जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

जिला प्रभारी सचिव दिनेश कुमार ने उपस्थितजनों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवद्धर्न की सामूहिक शपथ दिलाई।

विधायक अतुल भंसाली ने जोधपुर के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक परिवेश में पर्यावरण चेतना की परंपरा 'सर साठे रूंख रहे तो भी सस्तो जान' को रेखांकित करते हुए अमृता देवी बिश्नोई के बलिदान को प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिये ग्राम पंचायत सोईन्तरा (शेरगढ़) के सरपंच गोविंद सिंह- एक दिन में 7003 पौधारोपण, ग्राम पंचायत सालावास (लूणी) के सरपंच ओमाराम पटेल-गडाईनाडी में वृक्ष कुंज निर्माण, ग्राम पंचायत बनाड़ (मंडोर) की सरपंच सुआदेवी- अमृत सरोवर के पास बागवानी गार्डन निर्माण, समाजसेवी राधेश्याम रंगा- अपनी 40 बीघा भूमि पर 33,000 पौधे लगाने, एवं नर्सरी लॉक्सवेल (मंडोर) के तकनीशियन श्यामलाल- दो वर्षों में 1.50 लाख पौधों के उत्पादन-प्रदान के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया।

हरियालो राजस्थान के अंतरगत आज राजस्थान आवासन मंडल खंड दो और खंड चार द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इंजीनियर, अनिल व्यास, जीतेंद्र माथुर, समाजसेवी पी एन माथुर-माथुर बाबा, रोहित माथुर, राजू पुरोहित, संदीप चौधरी,दिनेश गुर्जर, थानाराम द्वार परिसर में पौध लगाए गए और लगभाग 5000 पौधों का नि:शुल्क वितरण किया गया।

समाजसेवी पीएन माथुर की ओर से सेक्टर 9 में और 10 में लगभाग 200 पोधे, संदीप चौधरी दिनेश गुर्जर धनाराम के साथ माथुर बाबा ने मिलकर सेक्टर 11आदर्श ग्रीन सोसाइटी में 300 पेड़ लगाए।

राजस्थान आवासन मंडल में सुबह 7:00 बजे से आधार कार्ड लेकर जो व्यक्ति आ रहा था उसको 5 वृक्ष दिए गए । इसमें गुलमोहर नींबू , बादाम, कारी बादाम, अमरुद,अशोक, पीपल बेल और फलदार वृक्ष फलदार वृक्ष वितरित किए गए। लगभाग 5 हजार वृक्षों का वितरण कुड़ी भगतसनी को हारा भरा बनाने के लिए किया गया।

# दुर्लभ रोग से ग्रसित बच्ची क इलाज हुआ

जोधपुर, (कासं)।मथुरा दास माथुर अस्पताल के हृदय रोग विभाग में एक दुर्लभ रोग से ग्रसित बच्ची का बिना चिरे के ऑपरेशन से इलाज किया गया।

जोधपुर निवासी 2.5 वर्षीय ये बच्ची बार बार निमोनिया संक्रमण से ग्रसित हो रही थी। इसका वजन मात्र 8 किलोग्राम था, तथा बच्ची कंजेस्टिव हार्ट फेलियर में जा रही थी, यहाँ तक की नार्मल खाने पीने में भी उसकी सांस भरने लगती थी। उसे मथुरा दास माथुर अस्पताल के हृदय रोग विभाग में दिखाया गया जहाँ उसे एक दुर्लभ बीमारी एओरटो पल्मोनरी विंडो (ए पी विंडो) से ग्रसित पाया गया। ए पी विंडो एक तरह का छेद है जो एओरटा महाधमनी और पल्मोनरी आर्टरी के बीच में बन जाता है, जिस से खून की मिक्सिंग होने लगती है और हृदय पर दबाव पड़ता है। जांच के बाद विभागाध्यक्ष डॉ रोहित माथुर ने मरीज का इलाज ऑपरेशन के बजाय छतरी लगा कर डिवाइस क्लोजर से करने का निर्णय लिया। कल डिवाइस क्लोजर किया गया तथा रविवार को मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया। मथुरा दास माथुर अस्पताल अधीक्षक डॉ विकास राजपुरोहित तथा संपूर्णानंद मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ बी एस जोधा ने पूरी टीम को बधाई दी।

# अंतर्राज्यीय गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार, भारी मात्रा मे अवैध हथियार बरामद

## अभियुक्तों के कब्जे से दो पिस्टल, तीन देशी कट्टे, तीन मैग्जीन, दस जिंदा कारतूस बरामद किये

**पावटा, (निसं)।** भाबरू थाना पुलिस ने जिला स्पेशल टीम कोटपुतली की सहायता से एक अंतर्राज्यीय गैंग का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने दो पिस्टल, तीन देशी कट्टे, तीन मैग्जीन, दस जिंदा कारतूस बरामद किये हैं।

■ **आरोपियों से इतनी मात्रा में अवैध हथियार कहां से व किस प्रयोजन से खरीदे, इसको लेकर अनुसंधान किया जा रहा है**





भाबरू थाना पुलिस व जिला स्पेशल टीम कोटपुतली ने आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध हथियार जब्त किये।

जिला पुलिस अधीक्षक कोटपुतली-बहरोड़ देवेंद्र कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा वर्तमान में वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान "एरिया डोमिनेशन" के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन एवं भाबरू थाना प्रभारी अंकित सामरिया के नेतृत्व में गठित दो विशेष पुलिस टीमों द्वारा अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए भाबरू थाना प्रभारी अंकित सामरिया व डीएसटी कांस्टेबल विक्रम अवैध गतिविधियों पर निगरानी व चेकिंग व कार्यवाही के लिए थाने से रवाना हुए।

इसी दौरान डीएसटी कांस्टेबल विक्रम को सूचना मिली कि एनएच-48 दिल्ली-जयपुर हाइवे पर भाबरू नए थाना भवन के सामने खातोलाई मोड़ के पास दो बदमाश, जिनके पास भारी मात्रा में हथियार है और वो किसी का इंतजार कर रहे हैं, जिस पर डीएसटी कांस्टेबल विक्रम ने भाबरू थाना प्रभारी अंकित सामरिया को सूचित किया। सूचना पर भाबरू थाना प्रभारी अंकित सामरिया व डीएसटी कांस्टेबल विक्रम खातोलाई मोड पहुंचे जिन्हें देखकर दो लड़के भागने लगे, जिनमें से एक ने काले रंग का पिट्ठू बैग ले रखा था, जिसे डीएसटी कांस्टेबल विक्रम ने व दूसरे लड़के को भाबरू थाना प्रभारी अंकित सामरिया ने पीछा कर पकड़ा। मौके पर थाने से अतिरिक्त जाब्ता बुलाकर उनको चेक किया गया तो उनके कब्जे से बिना वैद्य लाइसेंस के पिस्टल, तीन देशी कट्टे, तीन मैग्जीन, दस जिंदा कारतूस बरामद किए। पकड़े गए आरोपियों यादराम पुत्र रामस्वरूप निवासी माजरा रावत थाना बानसूर, महिपाल पुत्र भोजराज निवासी माजरा रावत थाना बानसूर के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। आरोपियों से इतनी मात्रा में अवैध हथियार कहां से व किस प्रयोजन से खरीदे इसको लेकर अनुसंधान किया जा रहा है।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** चितरी थाना क्षेत्र के एक बाजार में एक नाबालिग चप्पल खरीदने के लिए आई थी। इस दौरान एक युवक बहला-फुसला कर पत्नी बनाने की नीयत से नाबालिग युवती को जबरन बाइक पर अपने घर ले गया, जहां पर अपने साथ घर में रखते हुए दुष्कर्म किया। पुलिस ने नाबालिग को दस्तयाब करने के बाद युवक की तलाश की जा रही थी, जिसे डिटेन कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वहीं उसकी बाइक भी जब्त की गई।

■ **पुलिस ने अपहरण में प्रयुक्त बाइक जब्त की**

जानकारी के अनुसार चितरी थाना क्षेत्र के एक पीड़ित पिता ने एसीजेएम कोर्ट सागवाडा में 16 जून को इस्तगासा दायर करते हुए बताया था 13 अप्रैल को उसकी नाबालिग लड़की चप्पल खरीदने के लिए बाजार में गई थी। जहां पर आरोपी आशिष पुत्र हलिया डामोर बाइक लेकर बाजार पहुंचा, जहां पर उसकी नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर शादी का झासा देकर जबरन बाइक पर बैठाकर ले गया।

पुलिस ने इस्तगासा के आधार पर नाबालिग लड़की को दस्तयाब किया। पीड़िता के धारा 180 में लेखबद्ध न्यायलय में कथन के अनुसार पीडिता को जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर उसके कब्जे के घर ले गया, जहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मेडिकल कराकर अपहरण स्थल और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी आशिष डामोर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की। उसे 26 जुलाई को डिटेन कर पूछताछ की गई। जिसमें पॉक्सो एक्ट का आरोप प्रमाणित पाया गया। वहीं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई, जहां से आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

## बारिश से दो मंजिला मकान गिरा

**शाहपुरा, (निसं)।** नगर के मध्य में स्थित सिंचाई विभाग के पास विजय त्रिपाठी का दो मंजिला पैतृक मकान रविवार तड़के करीब 3:30 बजे तेज बारिश के कारण भरभराकर ढह गया। मकान के गिरने से हुई तेज आवाज से लोग दहशत में आ गए। गनीमत यह रही कि मकान लंबे समय से खाली था। मकान का मलबा पास के स्व. कल्याण मल नोसाल्या के मकान के चौक में जा गिरा, वहां रह रहे किराएदार का परिवार बाल-बाल बच गया।

# उदयसागर झील लबालब, गेट खोले

**उदयपुर, (निसं)।** कैचमेंट क्षेत्र में हो रही बारिश और स्वरूपसागर ओवरफ्लो से हो रही लगातार आवक के चलते शहर की उदयसागर झील पूरी तरह भर चुकी है। रविवार दोपहर 3:40 बजे झील के गेट तीन इंच तक खोले गए। झील से 70.01 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। इस अवसर पर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने विधिवत पूजन कर झील के गेट खोले। इस दौरान जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

जल संसाधन विभाग के एस मनोज जैन ने बताया कि वर्तमान में झील का जलस्तर लगभग 22 फीट पहुंच गया है। जल संसाधन विभाग अधीक्षण अभियंता महेश चौधरी ने सुबह ही डाउनस्ट्रीम क्षेत्र के लोगों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी थी।

# 75 लाख की ब्राउन शुगर जब्त, प्रेमिका के साथ हिस्ट्रीशिटर गिरफ्तार

## पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान डूंगरपुर से आसपुर मार्ग पर देर रात्रि एक कार की तलाशी ली

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के दोवड़ा पुलिस ने "एरिया डोमिनेशन" एवं नाकाबंदी के तहत दोवड़ा कस्बे में नशे की खेप के परिवहन करते हुए एक कार को पकड़ा है, जिसमें करीब 354.20 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक कोतवाली थाने का हिस्ट्रीशिटर और उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार किया है। ब्राउन शुगर की कीमत करीब 75 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरु की है।

■ **कार में बैठे व्यक्ति के कपड़ों के अंदर डिब्बे में 354.20 ग्राम ब्राउन शुगर पकड़ी**

डूंगरपुर जिले के दोवड़ा पुलिस ने विशेष अभियान के तहत दोवड़ा थाना क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन नाकाबंदी कर रहे थे। नाकाबंदी के दौरान डूंगरपुर से आसपुर मार्ग पर देर रात्रि को एक कार को रोककर तलाशी ली गई। कार के अंदर बैठे व्यक्ति के कपड़ों के अंदर डिब्बे में 354.20 ग्राम ब्राउन शुगर को जब्त किया। उसके साथ उसकी प्रेमिका को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी तेजकरण सिंह ने बताया कि आरोपी साकिर खान (32) पुत्र इश्तियाक खाननिवासी फरासवाडा शहर का निवासी हैं, जो कोतवाली पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशिटर भी घोषित हैं। पुलिस ने बचने के लिए वो हमेशा अपनी कथित प्रेमिका डूंगरपुर शहर के राजपुर निवासी जयश्री (26) पुत्र मोहनलाल यादव को साथ में रखता है, जिससे पुलिस को उस पर शक नहीं हो। साकिर पर पूर्व में भी ब्राउन शुगर बेचने के मामले में पांच केस, आर्म्स एक्ट में एक सहित कई मामले दर्ज है। वह आदतन अपराधी हैं। दोवड़ा पुलिस ने एनडीपीसी एक्ट में मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरु की है।

## 367 बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** पुलिस की विभिन्न टीमों ने रविवार तड़के विभिन्न स्थानों पर दबीश देकर तीन सौ से अधिक बदमाशों को गिरफ्तार किया। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जिला पुलिसअधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चोरी, नकबजनी एवं अन्य अपराधिक घटनाओं की रोकथाम, मुकदमों में वांछित अपराधियों की धरकपड़ एवं एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही के लिए जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर रविवार तडके जिले की 530 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की 110 से अधिक पुलिस की टीमों ने 877 से अधिक स्थानों पर दबीश देकर 367अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इस दौरान 35 हिस्ट्रीशिटरों को भी चैक कर पूछताछ की गई।

# 2180 नशीली गोलियां बरामद, युवक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** डीएसटी गंगानगर और रायसिंहनगर थाना पुलिस ने 2180 नशीली गोलियों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया।

श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर क्षेत्र में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत पुलिस को सफलता हाथ लगी है। डीएसटी गंगानगर और रायसिंहनगर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 2180 नशीली गोलियों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई रायसिंहनगर में 11 टीके फाटक क्षेत्र में की। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान विकास कुमार पुत्र शंकरलाल नायक निवासी 23 पीएस के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से प्रतिबंधित 1380 प्रेगाबलीन और 800 टपेंटाडोल गोलियां बरामद की हैं। ये दोनों ही दवाइयां मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन के बिना बेचना प्रतिबंधित है और इनका दुरुपयोग नशे के रूप में किया जाता है। पुलिस को यह सफलता डीएसटी टीम द्वितीय द्वारा दी गई सूचना के आधार पर मिली। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रायसिंहनगर थाना अधिकारी कलावती चौधरी के नेतृत्व में हेड कॉन्स्टेबल मदनलाल व अन्य पुलिसकर्मियों ने मौके पर दबिश दी और युवक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में जिलेभर में नशा विरोधी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में नशीली गोलियां कहां से लाई गईं और किन लोगों को सप्लाई की जानी थी।

## सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में हुए हादसे में महिला की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिनों सुखेर घाटी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा से काम करने के बाद घर लौट रही रूण सुखेर निवासी नन्दूड़ी बाई पत्नी अमरा गमेती को अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया था, जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां उसकी मौत हो गई। 18 जुलाई को नन्दूड़ी गायल हुई थी, जिसकी पहचान 26 जुलाई को होने पर परिजनों को सूचना मिली थी, जिनके आने पर एएसआई हरिश कुमार ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# भानुदा प्लेन क्रैश हादसा : शहीद ऋषिराज सिंह का परिवार घटनास्थल पर पहुंचा

## परिजनों ने दुर्घटनास्थल पर अपने प्रियजन को श्रद्धांजलि अर्पित की

**राजलदेसर, (निसं)।** तहसील के निकटवर्ती ग्राम भानुदा में गत नौ जुलाई को भारतीय वायुसेना का जैगुआर फाइटर प्लेन क्रैश होने से दो पायलट शहीद हो गए थे, जिनमें फ्लाइट लेफ्टिनेंट ऋषिराज सिंह देवड़ा भी शामिल थे। रविवार को शहीद ऋषिराज सिंह का परिवार गांव खिवांदी तहसील सुमेरपुर जिला पाली से दुर्घटनास्थल पर पहुंचा और अपने प्रियजन को श्रद्धांजलि अर्पित की। परिवार में उनके पिता जसवंत सिंह देवड़ा, माता भंवर कंवर, छोटे भाई युवराज सिंह देवड़ा, चचेरी बहन मिनल देवड़ा, मामा मनोहर सिंह राठौड़, मामी सुमन कंवर, ममेरी बहन जाह्नवी राठौड़ और ममेरा भाई हर्षवर्धन राठौड़ शामिल थे।

■ **परिवार ने दुर्घटना स्थल की मिट्टी को प्रणाम किया, गंगाजल का छिड़काव किया और वे वहां की मिट्टी अपने साथ ले गए**



शहीद ऋषिराज सिंह के परिवार ने दुर्घटनास्थल की मिट्टी को प्रणाम किया।

परिवार ने दुर्घटना स्थल की मिट्टी को प्रणाम किया, गंगाजल का छिड़काव किया और पुष्प अर्पित कर शहीद को याद किया। वे वहां की मिट्टी अपने साथ ले गए। इस दौरान परिवार और उपस्थित ग्रामीणों की आंखें नम थी। ग्रामीणों में विजयपाल भुवाल, सरपंच गुलाराम मेघवाल, कल्याण सिंह बिका, रामकुमार शर्मा, शंकरलाल शर्मा, सेवानिवृत्त अध्यापक जगदीश शर्मा, परमेश्वर लाल फौजी, हीरालाल शर्मा, शंकरलाल भुवाल, नानूराम प्रजापत, शंकरदान चारण, बाबूलाल भार्गव, पूर्णाराम शर्मा, मुकेश भुवाल, नेमीचंद शर्मा सहित कई महिला-पुरुष मौजूद रहे। शहीद के छोटे भाई युवराज सिंह देवड़ा ने बताया कि उनके बड़े भाई ऋषिराज को बचपन से ही पढ़ाई में रुचि थी। वे फाइटर प्लेन के खिलौनों से खेला करते थे और शुरू से ही वायुसेना में जाने का सपना देखते थे। इस भावुक पल में शहीद की स्मृति ने सभी के दिलों को छू लिया।

# 1.19 करोड़ का डोडा-पोस्त बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

## खेत में दबिश देकर भारी मात्रा में डोडा-पोस्त पकड़ा

**बाड़मेर, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा के निर्देशन में ग्रामीण थाना पुलिस ने एरिया डोमिनेशन के तहत कार्रवाई करते हुए एक खेत में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है। कार्रवाई में एक मुलजिम को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही एक गाड़ी जब्त की है। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज किया है तथा डोडा-पोस्त की खरीद फरोख्त को लेकर पूछताछ व अनुसंधान शुरु किया।

■ **डोडा- पोस्त व मादक पदार्थ परिवहन में प्रयुक्त स्कार्पियो वाहन बरामद किया**



बाडमेर में ग्रामीण थाना पुलिस ने भारी मात्रा में डोडा-पोस्त सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।

एसपी नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना पर अति. पुलिस अधीक्षक व वृताधिकारी बाडमेर के सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना बाडमेर ग्रामीण विक्रम चारण मय जाब्ता ने कार्रवाई करते हुए सरहद तिरसिंगडी स्थित हिदायत खान पुत्र शेरा खान के खेत में दबिश देकर खेत में बने कमरे में छुपाकर रखे भारी मात्रा में 7 क्विंटल 89 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त व मादक पदार्थ परिवहन में प्रयुक्त स्कार्पियो वाहन को बरामद कर नगर खान पुत्र हुसैन खान निवासी तिरसिंगडी बाडमेर को गिरफ्तार किया। वहीं जब्त डोडा-पोस्त की कीमत 1.19 करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

## दुकान से 2.15 लाख की नकदी चोरी

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के साईफन चौराहा पर स्थित दुकान से चोर नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के साईफन चोराहा बेदला रोड़ पर स्थित नाकोड़ा गिफ्ट दुकान का शनिवार रात में अज्ञात चोर शटर उंचा कर 2 लाख 15 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। इसकी सूचना मिलने पर दुकान मालिक मांगीलाल ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। दुकान में नकदी के अलावा किसी भी वस्तु को चोरों ने हाथ नहीं लगाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

## युवक ने आत्महत्या की

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के भुपालपुरा थाना क्षेत्र में सर्वेयर ने अपने कार्यालय में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानाकरी के अनुसार डोरे नगर हिरणमगरी निवासी विश्वेन्द्र (27) पुत्र राजेश यादव ने सुभाषनगर स्थित अपने कार्यालय में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। विश्वेन्द्र सर्वेयर का काम करता था एवं सुभाष नगर में कार्यालय खोल रखा था एवं वहां पर आया जाया करता था। शनिवार को वह घर से निकला रात में घर नहीं पहुंचा। इस पर रविवार सवेरे परिजनों ने फोन किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर परिजनों ने कार्यालय पहुंच कर पुलिस को सूचना दी। इस पर मृतक को फंदे से उतारकर एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। एएसआई दिनेश ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। विश्वेन्द्र का चार पांच माह पूर्व ही विवाह हुआ था।

# बीकानेर में हिंदू संगठनों ने घर को घेरा, जबरन धर्मांतरण का आरोप

**बीकानेर, (निसं)।** जबरन धर्मांतरण के मामले में घर को हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने घेर लिया। संगठनों का आरोप है कि नयाशहर थाने के पास स्थित कब्रिस्तान के निकट एक गली में रविवार को बड़ी संख्या में बाहरी लोग जमा थे। इनमें बच्चे भी शामिल थे। ये सभी लोग प्रार्थना कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। घर में मौजूद लोगों के साथ हिंदू संगठनों की हाथापाई भी हुई। पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक, घर में बच्चों व महिलाओं सहित करीब दस लोग मौजूद थे। इन सभी को पूछताछ के लिए नयाशहर थाने लाया गया है। मौके से धर्म विशेष से जुड़े कागजात बरामद हुए हैं। इसके अलावा फोटो, पुस्तकें, धार्मिक ग्रंथ और कई अन्य सामान भी मिले हैं। कुछ हस्तलिखित पर्चियां भी बरामद हुई हैं, जिनमें धर्म विशेष के बारे में लिखा गया है।

■ **धार्मिक साहित्य और कागजात बरामद, पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया**

■ **पुलिस के मुताबिक, घर में बच्चों व महिलाओं सहित करीब दस लोग मौजूद थे**

हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों का आरोप है कि इस घर में लंबे समय से धर्म विशेष का प्रचार-प्रसार कर जबरन धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है। शैलेष गुप्ता, कैलाश भार्गव, विजय उपाध्याय, हरिकिशन और जितेंद्र गहलोत सहित कई लोगों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। हिंदू जागरण मंच के संयोजक कैलाश भार्गव ने बताया कि बीकानेर के कब्रिस्तान के पास एक घर में धर्मांतरण की गतिविधियां चल रही थीं। शिकायत मिलने पर विभिन्न संगठनों के सदस्यों और पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे, जहां कई आपत्तिजनक सामग्री मिली। रुपयों से भरा एक बैग भी था लेकिन जिस महिला के पास ये बैग था, वो वहां से निकल गई, इसलिए कार्रवाई में ये महिला नहीं आई। भार्गव ने कहा कि हमें किसी धर्म से आपत्ति नहीं है लेकिन सनातन धर्म के लोगों को जबरन दूसरे धर्म में डालने की कोशिश हम स्वीकार नहीं करेंगे।

सीओ सिटी श्रवण दास संत ने बताया कि मौके पर बारह-तेरह लोगों के साथ कुछ परिवार मौजूद थे। चित्तौड़गढ़ निवासी अजीत दास जो बीकानेर में अपने ससुराल में रहता है, पर धर्म परिवर्तन करवाने का आरोप है। एक कागज में तलवार उठाने के बारे में लिखा मिला है, जिसके संदर्भ की जांच की जा रही है। जबरन धर्मांतरण के प्रमाण मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दो बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** ओगणा थाना पुलिस ने नकबजन गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार भूरीलाल कुम्हार पुत्र चुन्नीलाल निवासी ढाबरा पं.स. समीजा थाना ओगणा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। उसने बताया कि 12 जुलाई को रात में अंकल मनोहरलाल ने फोन कर दादी मां जरावीबाई वाले मकान में चोरी होने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचा तो चार बदमाशों के छत वाले रास्ते से मकान में घुस कर बंधक बनाकर चांदी का डंक, चार चूड़ी, कड़े, सोने की नथ, टॉप्स, सात हजार नकदी, दो लाईसेंसी बंदूकें, मोबाइल ले गए। प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस आधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में ओगणा थानाधिकारी रामावतार मय टीम ने कहोमाराम, लालु उर्फ ललित को गिरफ्तार किया।

# आकाशीय बिजली गिरने से पशुओं की मौत

**बीकानेर, (निसं)।** पूगल में देर रात आकाशीय बिजली गिरने से 29 भेड़ और बकरी की मौत हो गई। गनीमत रही कि कोई इंसान इस दौरान यहां नहीं था। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंचा और मृत भेड़ व बकरियों को हटवाने की कार्रवाई करवाई। इससे पहले भी क्षेत्र में आकाशीय बिजली के कारण हादसे हो चुके हैं।

■ **देर रात पूगल में बाड़े में बंद 29 बकरी और भेड़ की दर्दनाक मौत हो गई**

पूगल के चक 1केएचएम गंगाजली में ये हादसा शनिवार रात हुआ है। घटना के वक्त पशुपालक लतीफ खान वहां नहीं था। तेज बिजली गिरने की आवाज होने के कुछ देर बाद उसने अपने बाड़े में आकर संभाला तो सभी भेड़ और बकरियां मृत मिली। उसने परिचितों को सूचना दी। इसके बाद पीसीसी सदस्य अब्दुल्ला खान ने इस बारे में प्रशासन को सूचना दी। गंगाजली सरपंच यूनुस खान, अब्दुल्ला खान गंगाजली, जाकिर खान, नाजू खान, पुलिस प्रशासन की टीम ने पीड़ित पशुपालक लतीफ खान को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। पूगल एसडीएम दिव्या बिश्नोई ने पटवारी सहित संबंधित कार्मिकों को रविार को मौके पर भेजकर रिपोर्ट मांगी है। रविवार को दोपहर में मृत भेड़-बकरियों का पोस्टमार्टम किया गया। मौके पर ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित लतीफ खान को आर्थिक सहायता देने की मांग की।

# जयपुर में विश्व प्रसिद्ध तीज माता की शाही सवारी निकली

## तीज सवारी की शुरुआत ऐतिहासिक सिटी पैलेस की जनानी ड्योढ़ी से पूजा-अर्चना के साथ हुई

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में तीज माता की विश्व प्रसिद्ध शाही सवारी पारंपरिक उल्लास, राजसी भव्यता और सांस्कृतिक रंगों के साथ निकाली गई। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, हवा महल विधायक बालमुकुंद आचार्य, राजस्थान पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव तथा उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे।



तीज माता की सवारी सांस्कृतिक रंगों के साथ निकाली।

■ इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, सांसद मंजू शर्मा, गोपाल शर्मा, बालमुकुंद आचार्य, शासन सचिव राजेश यादव तथा सतपाल महाराज उपस्थित रहे

तीज सवारी की शुरुआत ऐतिहासिक सिटी पैलेस की जनानी ड्योढ़ी से पूजा-अर्चना के साथ हुई। पूर्व राजपरिवार की सदस्य गौरवी कुमारी ने तीज माता की पारंपरिक पूजा की। इसके पश्चात पूर्व राजपरिवार के सदस्य पद्मनाभ सिंह ने त्रिपोलिया गेट पर तीज माता का विधिवत पूजन किया। यहां से सवारी त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, बड़ी चौपड़, गणगौरी बाजार होते हुए तालकटोरा स्थित पौंड्रिक उद्यान तक पहुँची।

इस बार छोटी चौपड़ पर पहली बार महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं और विदेशी पर्यटकों की मौजूदगी रही। ड्रोन से पुष्पवर्षा कर वातावरण को आस्था और उल्लास से भर दिया गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेशवासियों को तीज की शुभकामनाएं दीं और कहा, तीज महिलाओं का विशेष पर्व है, जो परंपरा, श्रद्धा और उत्सव का अद्भुत संगम है। यह राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान है। हमारा प्रयास है कि ऑफ-सीजन में भी पर्यटक हमारी जीवंत परंपराओं से जुड़ें।

उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा, उत्तराखंड में पार्वती माता की, तो राजस्थान में तीज माता की पूजा होती है। यह हमारी समृद्ध और एकात्म संस्कृति का प्रतीक है। आज जयपुर में वीरता, शौर्य और भक्ति की अद्भुत झांकी देखने का सौभाग्य मिला।

सवारी के दौरान करीब 200 लोक कलाकारों ने कच्छी घोड़ी, गैर, कालबेलिया, चरी जैसे पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए। बहरूपिया कलाकारों ने रावण, नारद आदि के रूप धरकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। हाथी, ऊंट, घोड़े, बैल, शहनाई, नगाड़ा, पुलिस, जेल, आरएसी और सवाई मान गार्ड के शाही बैंड ने इस शोभायात्रा को अत्यंत भव्य रूप प्रदान किया।

विदेशी पर्यटक भी इस ऐतिहासिक आयोजन से अभिभूत हुए और हाथियों को दुलारते, कलाकारों संग नृत्य करते देखे गए। जिया बैंड की प्रस्तुति ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

त्रिपोलिया गेट पर चरी नृत्य और अन्य लोक नृत्यों ने संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत की। यह शाही सवारी न केवल जयपुरवासियों के लिए आस्था का केंद्र रही, बल्कि देश-विदेश से आए सैलानियों के लिए एक अविस्मरणीय सांस्कृतिक अनुभव बन गई।

## 'पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए एक पेड़ अपनी मां के नाम अवश्य लगाएं'

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने रविवार को हरियाली तीज के पावन अवसर पर "हरियालो राजस्थान" और "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर कुल 108 पौधों का रोपण किया गया तथा वृक्षों के साथ पौध रोपण करने वालों की नाम पट्टीका भी लगाई गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण का संरक्षण नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संवेदनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरित बनाने के लिए आगे आएं और कम से कम एक पेड़ अपनी मां के नाम अवश्य लगाएं।

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मानसरोवर के सिटी पार्क में किया वृक्षारोपण

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा, "वृक्ष हमें न केवल प्राणवायु प्रदान करते हैं, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक अमूल्य धरोहर हैं। हर किसी को वृक्षारोपण करना चाहिए, विशेष रूप से ऐसे अवसरों पर जब प्रकृति और संस्कृति का संगम होता है।" राठौड़ ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ हमें इनके सरंक्षण की भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पेड़ लगाने वाला उसके सरंक्षक के तौर पर कार्य करें तो आने वाले समय में हरित राजस्थान का संकल्प पुरा होता नजर आएगा।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को छोटी चौपड़ पहुंचकर पालकी में सवार होकर निकली तीज माता की सवारी और शोभायात्रा के दर्शन किए। बागडे ने इस दौरान तीज माता की पारंपरिक पूजा-अर्चना कर महा आरती में भाग लिया। उन्होंने तीज माता से प्रार्थना कर सबके मंगल और प्रदेश की संपन्नता तथा खुशहाली की कामना की।

## राष्ट्रीय कवि सम्मेलन सम्पन्न

**जयपुर।** कारगिल विजय दिवस पर मालवीय नगर स्थित पाथेय भवन में राष्ट्र भक्ति की भावना से ओतप्रोत राष्ट्रीय कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ। तय समय से एक घंटा देरी से शुरू हुए इस कार्यक्रम में वीर रस और गीत ग़ज़लों के साथ हास्य व्यंग्य के स्वाभाविक ठहाके भी लगते रहे। नाथद्वारा के लोकेश महाकाली ने अपने चिर परिचित अंदाज़ में दर्शकों को बांधे रखा। वहीं दिल्ली की नेहा शर्मा ने पैरोडी सुनाकर सबका ध्यान आकर्षित किया। संचालक प्रदीप पंवार ने बीच बीच में चुटकियां लेकर माहौल को हल्का फुल्का रखा। इसके अलावा बलबीर करुण, अशोक अग्निवीर, अनिता सोनी सुनील गाइड, किशोर पारीक आदि ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। अन्त में कार्यक्रम समन्वयक गोविन्द छीपा और सन्नी कपूर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

■ अनिता, सुनील गाइड, किशोर आदि ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम की 124वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के भारत में आज विज्ञान एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी का जिक्र करते हुए कहा कि पूरा देश इससे गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि हमारा 'इन्स्पायर-मानक' अभियान बच्चों के इनोवेशन को बढ़ावा देने का अभियान है। इसमें हर स्कूल से पांच बच्चों का चयन किया जाता है। हर बच्चा एक नया आइडिया लेकर आता है। अब तक इससे लाखों बच्चे जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में स्पेस स्टार्ट-अप्स भी तेजी से बढ़ रहे हैं।मोदी ने कहा कि यूनेस्को ने 12 मराठा किलों को वर्ल्ड हैरिटेज साईट्स के रूप में मान्यता दी है। इनमें से ग्यारह किले महाराष्ट्र में और एक किला तमिलनाडु में है। हर किले से इतिहास का एक-एक पन्ना जुड़ा है। हर पत्थर, एक ऐतिहासिक घटना का गवाह है। सल्हेर का किला वो है, जहां मुगलों की हार हुई। शिवनेरी, जहां छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म हुआ, ऐसा किला है जिसे दुश्मन भेद नहीं सके। उन्होंने कहा कि देश के और हिस्सों में भी ऐसे ही अद्भुत किले हैं, जिन्होंने आक्रमण झेले, लेकिन आत्मसम्मान को कभी झुकने नहीं दिया। राजस्थान में चित्तौड़गढ़, कुंभलगढ़, रणथंभौर, आमेर और जैसलमेर के किले विश्व प्रसिद्ध हैं।

■ देश के किलों का हर पत्थर ऐतिहासिक घटना का गवाह, राजस्थान के किलों ने नहीं किया आत्मसमर्पण - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 के विकसित भारत का रास्ता आत्मनिर्भरता से होकर गुजरता है और 'आत्मनिर्भर भारत' का सबसे बड़ा आधार है- 'वोकल फॉर लोकल'। जो चीजें भारत में बनी हों, जिसे बनाने में किसी भारतीय का पसीना बहा हो, वही खरीदें और वही बेचें। स्वदेशी आंदोलन ने स्थानीय उत्पादों और खासकर हैण्डलूम को एक नई ऊर्जा दी थी। इसकी स्मृति में देश हर साल 7 अगस्त को 'नेशनल हैण्डलूम डे' मनाता है। इस साल 7 अगस्त को 'नेशनल हैण्डलूम डे' के 10 साल पूरे हो रहे हैं। आजादी की लड़ाई के समय जैसे हमारी खादी ने आजादी के आंदोलन को नई ताकत दी थी, वैसे ही आज जब देश, विकसित भारत बनने के लिए कदम बढ़ा रहा है।

# मानव हितकारी संघ की 63वीं वार्षिक आमसभा आयोजित

**जयपुर।** डॉ. पीएन मेहरा स्मृति होम्योपैथिक अस्पताल में मानव हितकारी संघ की 63वीं वार्षिक आम सभा (एजीएम) आयोजित की गई। बैठक में रघुसिन्हा माला सिन्हा ट्रस्ट के ट्रस्टी सुधीर माथुर को संगठन का अध्यक्ष चुना गया।

■ बैठक में रघुसिन्हा माला सिन्हा ट्रस्ट के ट्रस्टी सुधीर माथुर को संगठन का अध्यक्ष चुना

अजय कोचर उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। नवगठित कार्यकारिणी होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, वीट ग्रास चिकित्सा, फिजियोथेरेपी और कैंसर सहायता समूह जैसे माध्यमों से मानवता की सेवा को समर्पित है।

संघ के प्रमुख डॉ आलोक मेहरा ने बताया कि यह संगठन निरंतर वैकल्पिक चिकित्सा पद्धितयों के माध्यम से समाज कल्याण के कार्यों में जुटा है। संघ की विशेषता होम्योपैथी के माध्यम से कैंसर के इलाज में है।

## शाहपुरा होटल्स एंड रिसॉर्ट्स को उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया




रिसॉर्ट्स की निदेशक रत्ना कुमारी( दांये )को सम्मानित किया ।

**जयपुर/नई दिल्ली।** भारत के आतिथ्य एवं पर्यटन क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले शाहपुरा होटल्स एंड रिसॉर्ट्स को 10वें इंटरनेशनल टूरिज्म कॉन्क्लेव एंड ट्रैवल अवॉर्ड्स ( 2025) में बुटीक लक्ज़री हॉस्पिटैलिटी में उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह आयोजन 26 जुलाई को नई दिल्ली स्थित होटल ले मेरिडियन में आयोजित हुआ, जिसमें भारत सहित विभिन्न देशों से पर्यटन, होटल और ट्रैवल इंडस्ट्री के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस प्रतिष्ठित सम्मान से शाहपुरा समूह की विशिष्ट आतिथ्य परंपरा, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं आधुनिक लक्ज़री अनुभवों की प्रस्तुति को सराहा गया।

यह पुरस्कार शाहपुरा होटल्स एंड रिसॉर्ट्स की निदेशक रत्ना कुमारी द्वारा ग्रहण किया गया।उन्होंने कहा यह सम्मान हमारे समर्पित और जुनूनी टीम के बिना संभव नहीं होता। यह उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता की ही पहचान है। अत: मैं यह पुरस्कार पूरी टीम को समर्पित करती हू आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता, और सहयोग को प्रोत्साहित करने वाला एक अंतरराष्ट्रीय मंच है, जो विश्वभर के विशिष्ट संस्थानों और उद्यमों को सम्मानित करता है।

## ज्वेलरी दुकान में लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी

**जयपुर।** जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में ज्वेलरी दुकान में लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बदमाश शटर तोड़कर दुकान में घुसे और सोने-चांदी के जेवरात चुरा ले गए। थाने में पीड़ित ज्वेलर्स ने चोरी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ चोरों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि जयसिंहपुरा के रहने वाले ज्वेलर धर्मेन्द्र सोनी (49) ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी जयसिंहपुरा खोर में आरा मशीन के पास स्नेहा ज्वेलर के नाम से दुकान है। जहां रात को बदमाशों ने चोरी की नीयत के चलते दुकान का शटर तोड़कर चोर अंदर घुसे और काउंटर में रखे सोने के हार, लोंग सहित करीब 2.5 किलो चांदी के गहने चोरी कर ले गए। शटर टूटने मिलने पर चोरी का पता चला। पुलिस ज्वेलरी दुकान में चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से सबूत जुटाने के साथ वारदात स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए बदमाशों की तलाश में जुटी है।

## तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत संध्या का समापन

**जयपुर।** रोटरी क्लब एवं लायंस क्लब की ओर से आईटीसी संगीत रिसर्च एकेडमी, कोलकाता के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत संध्या का रविवार को समापन हुआ। शास्त्रीय संगीत के सौंदर्य से सराबोर करने वाले कार्यक्रम में तीन दिन शास्त्रीय गायन, संतूर वादन, सितार वादन की प्रस्तुतियां हुई। अंतिम दिन दो भाग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जवाहर कला केन्द्र (जेकेके) के कृष्णायन सभागार में सृजनी बनर्जी ने सितार वादन की प्रस्तुति दी। वहीं सप्तशक्ति ऑडिटोरियम में पद्मउल्हास कशालकर ने शास्त्रीय गायन से मिठास घोली, तबले पर उनके साथ पद्मसुरेश तलवलकर ने संगत की। इस दौरान रोटरी क्लब पिंक सिटी के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, मीता माथुर, श्याम सुंदर गुप्ता, लायंस क्लब के उपाध्यक्ष आकाश गुप्ता, लायंस क्लब के सचिव महेंद्र बैराठी सहित अन्य गणमान्य व कलाप्रेमी मौजूद रहे।

जेकेके के कृष्णायन सभागार में पश्चिम बंगाल की युवा कलाकार सृजनी बनर्जी ने सितार की मधुर धुनों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया।

■ सृजनी बनर्जी के सितार वादन ने किया मंत्र मुग्ध, पद्मउल्हास कशालकर ने गायन से घोली मिठास

उन्होंने राग यमन से प्रस्तुति की शुरुआत की। विलंबित तीन ताल और मध्य लय में द्रुत तीन ताल का वादन उन्होंने किया। इसके बाद राग देश को उन्होंने अपनी प्रस्तुति का आधार बनाया। अपनी प्रस्तुति में पश्चिम बंगाल के लोक संगीत के सौंदर्य से भी उन्होंने साक्षात्कार करवाया। प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक और लेखक सत्यजीत रे की प्रमुख धुनों को बजाकर उन्होंने समां बांधा। उनके साथ तबले पर अशोक मुखर्जी ने संगत की।

सप्तशक्ति ऑडिटोरियम पद्मउल्हास कशालकर की शास्त्रीय संगीत के मनोरम प्रस्तुति से गूंज उठा। कारगिल विजय दिवस के जश्न के रूप में सेना के जवानों को यह कार्यक्रम समर्पित रहा। उल्हास कशालकर ने राग रागेसे प्रस्तुति की शुरुआत की। उन्होंने विलंबित ख्याल और छोटा ख्याल पेश किया।

## कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का-बार पर पुलिस ने मारी रेड

**जयपुर।** ज्योति नगर थाना इलाके में कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का-बार पर पुलिस ने छापेमारी की कार्रवाई करते हुए नशा करते मिले लड़कों का चालान कर कैफे मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कैफे में हुक्का-बार के लिए प्रयुक्त 14 हुक्के, 19 चिलम, 19 पाइप व 51 पैकेट तम्बाकू के जब्त किए है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि ज्योति नगर इलाके के लालकोठी में अननोन नाम से एक कैफे है। जहां सूचना मिली कि कैफे की आड़ में हुक्का-बार चलाया जा रहा है। पुलिस टीम ने ज्योति नगर थाना पुलिस के संयुक्त करवाई करते हुए कैफे पर दबिश दी। कैफे में चार लड़के हुक्के से तम्बाकू का नशा करते मिले।

वहीं पुलिस ने कार्रवाई कर हुक्का-बार का संचालन बंद किया। पुलिस ने नशा करते मिले चारों लड़कों के चालान किए। कैफे मैनेजर संतोष उर्फ संदीप (30) निवासी क्वींस रोड वैशाली नगर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बड़ी संख्या में हुक्का-बार में यूज आइटम व तम्बाकू जब्त किए है।

## 'मेरे संस्कारों की वसीयत' पुस्तक का विमोचन



राजस्थान चैंबर भवन में पुस्तक 'मेरे संस्कारों की वसीयत' का विमोचन किया।

**जयपुर।** शिक्षाविद् एवं वयोवृद्ध लेखिका सावित्री श्रीमाली द्वारा लिखित पुस्तक " मेरे संस्कारों की वसीयत" का विमोचन 27 जुलाई को राजस्थान चैंबर भवन में आयोजित किया गया। आध्यात्मिक एवं श्रीमद्भागवत गीता के व्यावहारिक पहलुओं एवं आत्मिक अनुभूतियों पर आधारित पुस्तक मेरे संस्कारों की वसीयत के विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ , पूर्व सांसद रामचरण बोहरा , उपमहापौर पुनीत कर्णावट, प्रवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा , डाकोर धाम अयोध्यधाम पीठाधीश्वर रामरतन देवाचार्य महाराज, जयरामपुरी आश्रम प्रमुख हीरापुरी महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पुस्तक के संपादक और लेखक डॉ.के के शर्मा द्वारा किया गया। विमोचन समारोह के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत सतीश श्रीमाली , योगेश श्रीमाली एवं प्रमोद श्रीमाली द्वारा किया गया। विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए मदन राठौड़ ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संस्कारों की सर्वाधिक अहमियत बताते हुए लेखिका को संस्कारों पर आधारित पुस्तक लिखने के लिए बधाई दी और लेखिका सावित्री श्रीमाली का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

# पतंजलि योगपीठ में दो दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर संपन्न

**जयपुर/हरिद्वार।** पतंजलि वेलनेस और उद्धार जैफरीज नागपुर के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि योगपीठ में शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर 26 एवं 27 जुलाई क्रो पतंजलि वेलनेस में लगाया गया। हरिद्वार क्री ओर से दिव्यांगजन के सशक्तिकरण क्रो लेकर आयोजित दो दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आज सफलता पूर्वक समापन हुआ। इस जनसेवा शिविर में 250 से अधिक दिव्यांग लाभार्थियों को कृत्रिम हाथ, पैर, कैलिपर, बैसाखी आदि सहायक उपकरण नि:शुल्क वितरित किए गए। शिविर की सफलता क्रो देखते हुए यह तय किया गया कि शिविर क्रो हर तीन से चार माह के अंतराल में लगाया जायेगा।

इस पुनीत अवसर पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज एवं संयुक्त महासचिव आचार्य बालकृष्ण जी महाराज स्वयं उपस्थित रहे। दोनों ने लाभार्थियों को उपकरण प्रदान किए और आत्मनिर्भरता की राह पर उनका उत्साहवर्धन किया।

स्वामी रामदेव जी ने कहा कि "ये दिव्यांग नहीं, दिव्य आत्माएँ हैं। इन्हें सहानुभूति नहीं, सशक्तिकरण चाहिए।"



पतंजलि योगपीठ के संस्थापक परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज का स्वागत किया।

■ दिव्यांगजनों के आत्मबल को भी किया गया सशक्त

■ 250 से अधिक लाभार्थियों को कृत्रिम हाथ-पैर, कैलिपर और बैसाखियाँ प्रदान की

■ स्वामी रामदेव ने कहा ये दिव्यांग नहीं, दिव्य आत्मायें हैं

आचार्य बालकृष्ण जी ने भी शिविर में उपस्थित होकर दिव्यांगजनों के साथ संवाद किया और कहा कि "पतंजलि का उद्देश्य केवल आयुर्वेदिक स्वास्थ्य ही नहीं, अपितु प्रत्येक मानव को आत्मनिर्भर बनाना है, यही हमारी राष्ट्र सेवा है।" इस सेवा यज्ञ का आयोजन भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, उद्धार सेवा समिति, अनुभवी चिकित्सकों, दक्ष टेक्नीशियनों, तथा पतंजलि सेवा विभाग के सेवाभावी कार्यकर्ताओं के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में उपकरण वितरण के अतिरिक्त लाभार्थियों के लिए नाप-जोख, फिटिंग, फिजियोथेरेपी और परामर्श की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। यह आयोजन न केवल शारीरिक सहायता का माध्यम बना, बल्कि दिव्यांगजनों के आत्मबल को सशक्त करने वाला प्रेरणास्त्रोत भी सिद्ध हुआ। पतंजलि योगपीठ की यह पहल मानव सेवा और राष्ट्र सेवा के प्रति उसकी गहन प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शिविर में मुख्य रूप से स्वामी विदेहदेव, स्वामी पुण्य देव, बहन पूजा आदि के साथ शिविर में उद्धार टीम मैनेजमेंट के लोग मौजूद रहे। शिविर क्रो सफल बनाने में संजय, रुचिका अग्रवाल, श्रुति, प्रधुमन, रवि, दिव्यांशु, कृष्णा, निहारिका, दिव्या, दीनदयाल आदि का सहयोग रहा।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने मन की बात कार्यक्रम को सुना

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने रविवार को राजधानी जयपुर में 22 गोदाम स्थित घुमंतू समाज के भाइयों-बहनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। सामाजिक समरसता के तहत यह कार्यक्रम घुमंतू समाज के भाईयों-बहनों के साथ आयोजित किया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की वैज्ञानिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। पीएम मोदी ने राजस्थान के चित्तौड़गढ़, कुंभलगढ़, रणथंभौर, आमेर और जैसलमेर जैसे ऐतिहासिक दुर्गों की गौरवगाथा का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे इन किलों ने अनेक आक्रमणों के बावजूद कभी आत्मसमर्पण नहीं किया और आज भी हमारे आत्मसम्मान और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने विज्ञान, स्पेस टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप्स और खेलों के क्षेत्र में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए युवाओं को विज्ञान व नवाचार के क्षेत्र में योगदान देने हेतु प्रेरित किया।

# वन महोत्सव पर आवासन मण्डल ने हजारों की संख्या में बांटे निशुल्क पौधे

**जयपुर।** हरियालो राजस्थान और एक पेड मां के नाम अभियान से प्रेरित 76वें वन महोत्सव के शुभारम्भ पर आवासन मण्डल द्वारा प्रदेश भर में लगभग 41 हज़ार पौधे लगाए गए और साथ ही हज़ारों की संख्या में निशुल्क वितरण भी किया गया । रविवार को सुबह 8 बजे से ही मानसरोवर के सिटी पार्क में निशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम की शुरुआत हुई जहाँ निशुल्क पौधे लेने आये लोगों की लंबी क़तारें देखने को मिली । इसी के साथ ही प्रताप नगर एवं आईजी नगर में भी मियावाकी पद्धित से आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा सहित मण्डल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने कहा की राज्य सरकार की मांसानुसार मण्डल का लक्ष्य इस धरा को हरा- भरा बनाना और पर्यावरण संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पौधारोपण से ज्यादा महत्वपूर्ण उनका पालन-पोषण और संरक्षण करना है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। उल्लेखनीय है की पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को समर्पित इस अभियान के लिए आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा के निर्देशन में मण्डल के 26 खण्ड कार्यालयों में कुल 54,600 पौधे निशुल्क वितरण के लिए उपलब्ध करवाए गए हैं ।

■ आवासन आयुक्त एवं मण्डल के अधिकारियों ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



मानसरोवर के सिटी पार्क में पौधा वितरण कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल, प्रतीक श्रीवास्तव, उप आवासन आयुक्त संजय शर्मा, मुख्य समन्वयक अधिकारी भारत भूषण जैन सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन ने उपस्थित होकर पौधारोपण किया ।

# हरियालो राजस्थान व सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी

**जालोर**, (कासं)। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा की उपस्थिति में भूति ग्राम में आयोजित 76वें जिला स्तरीय वन महोत्सव में राज्य सरकार की उपलब्धियों व हरियालो राजस्थान अभियान के संबंध में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए हरियालो राजस्थान अभियान में आयोजित होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी।

आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आह्वान पर प्रदेश में पांच साल में 50 करोड़ पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य हैं। पिछले साल लगभग साढ़े सात करोड़ पौधे लगाए गए थे। पौधे लगाने के बाद उनकी देखभाल करना और पौधा जब तक पेड़ न बन जाएं तब तक उनका रख-रखाव करना भी हम सभी की जिम्मेदारी हैं। जिस विभाग द्वारा पौधे लगाए जा रहे हैं उनकी भी जिम्मेदारी हैं कि इनका संरक्षण करें। सभी संकल्पबद्ध होकर जीवन के खुशियों के पलों में और परिजनों की याद में उनके नाम का पौधा अवश्य लगाएं और प्रदेश के वन क्षेत्र को बढ़ाने में अपना योगदान दें। इसी से हरियालो राजस्थान की परिकल्पना साकार होगी।

इस अवसर पर उन्होंने आमजन से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे आएं और अधिक से अधिक पौधे लगाकर राजस्थान को हरित प्रदेश बनाने में सहभागी बनें।

उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह भावी पीढ़ी को स्वच्छ वायु और जलवायु प्रदान करने का पुण्य कार्य भी हैं।



जालोर के पास राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय पाणंवा में वन महोत्सव मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाए गए वन्दे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान, कर्म भूमि से मातृभूमि अभियान, परम्परागत जल स्त्रोतों की संस्कृति को पुनर्जीवित करने व उनके संरक्षण, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0, पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा, राज्य सरकार के सुशासन व उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

आहोर विधायक ने पिपलोद की दुखद घटना के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा लिए निर्णयों के बारे में जानकारी देते बताया कि जिले में जर्जर विद्यालयों के मरम्मत के 109 प्रस्ताव शिक्षा विभाग द्वारा समसा के माध्यम से जयपुर भिजवाए गए हैं तथा 9 स्कूलों के भवनों को जमींदोज किए जाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। इन सभी भवनों को सुरक्षा के मध्यनजर बंद कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग द्वारा जिले की प्रत्येक स्कूल व कक्षा-कक्ष का सर्वे कर 30 जुलाई तक सर्वे रिपोर्ट भिजवाई जानी है।

इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे सहित प्रिन्ट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

वहीं ग्राम पंचायत और पीईईओ ओडवाडा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पांणवा में वरिष्ठ भाजपा नेता महावीरसिंह मंडलावत, ग्राम पंचायत प्रशासक लक्ष्मण पटेल और लक्ष्मणसिंह के निर्देशन में मां सरस्वती के पूजन से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ चढकर भाग लिया। भाजपा नेता मंडलावत ने बालकों को संबोधित करते हुए बताया कि पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा करते हुए उसे बडा करना अधिक महत्व की बात है। बिगडते पर्यावरण में हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों के महत्व को समझाना पडेगा, अन्यथा मानवता और सृष्टि ही खतरे में आ जाएगी।

ओडवाडा प्रशासक लक्ष्मण पटेल ने सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण करते हुए उनके रखवाली करने का दायित्व लेने की बात कही। बतौर अतिथि लक्ष्मणसिंह ने राजस्थान सरकार द्वारा चल रहे हरित राजस्थान के इस महायज्ञ में अपनी भी एक आहुति प्रदान करने की बात कर पेड है तो जीवन है, की सार्थकता पर बल दिया। संस्थाप्रधान देवीसिंह परिहार पौधारोपण के कार्यक्रम वृहद जानकारी देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी और शिक्षक नेता गणपतसिंह मंडलावत, हनुमानाराम घांची, पूजा चौहान, सुमित्रा खोखर, सीमा कोली सहित अभिभावक और सैकडो बच्चे मौजूद थे। विद्यालय में वृक्षारोपण के बाद निकटवर्ती मंदिर, तालाब आदि सार्वजनिक स्थानों पर भी वृक्षारोपण के आयोजन की भूमिका बनी तथा और बच्चों को एक-एक पौधा वितरण कर अपने घर आंगन में पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा करने की बात बताई गई।

उपस्थित सभी को वन महोत्सव के तहत वन विभाग के हरियालो राजस्थान ऐप पर जिओ टैगिंग की प्रकिया समझाई गई। कार्यक्रम के दौरान कुल 101 पौधे लगाए गए और 121 पौधों का घर लगाने के लिए विद्यार्थियों को वितरण किया गया।

## कथावाचक का मामला फिर गर्माया

**जालोर**, (कासं)। जालोर में कथावाचक अभयदास के कथा करने की जिद प्रशासन के लिए चुनौती बनता नजर आ रहा है कथावाचक के सोमवार को जालोर किसी भी हाल में आकर कथा करने का वीडियो जारी होने के बाद जालोर में मामला गर्माया हुआ है। कथावाचक द्वारा लेटा महंत रणछोड भारती महाराज द्वारा सोमवार को कथा करने की अनुमति देने का वीडियो जारी किया गया, जिस पर महंत रणछोड भारती महाराज ने रविवार को विडियो जारी कर बताया कि यदि प्रशासन अनुमति दे तो ही कथा करें, अन्यथा कथा नहीं करें ऐसे में कथावाचक के सोमवार को कथा करने को लेकर पुलिस व प्रशासन अलर्ट मोड में नजर आ रहा है

कथावाचक जालोर में ही कथा करने को लेकर हर तरह के प्रयास करते नजर आये तथा शनिवार को लेटा महंत रणछोड भारती महाराज के पास पहुंचे तथा उनसे एक वीडियो जारी करवाया कि अभयदास को कथा करने की अनुमति दी जाये। वीडियो जारी करवाने के बाद भक्तो व कथावाचक के बीच काफी तीखी नोक झोक हुई। इसके बाद वहां से कथावाचक कानीवाडा हनुमानजी मंदिर व ऊण हिंगलाज माता मंदिर के दर्शन कर तखतगढ पहुंच गये। तखतगढ पहुंचने के बाद कथावाचक ने वीडियो सोशियल मीडिया पर जारी किया कि मेरे प्राण भी जाये, लेकिन सोमवार को जालोर आकर कथा करुंगा।

वहीं रविवार को लेटा मठ के महंत रणछोड भारती महाराज ने भी सोशिलय मीडिया के माध्यम से वीडियो जारी कर बताया कि उन्होंने सोमवार को कथा करने की अनुमति नहीं दी है। यदि प्रशासन अनुमति दे तो ही कथा करे, अन्यथा कथा नहीं करे।

# पाली में प्रभारी मंत्री खर्रा ने जिला वृक्ष नीम लगाया



पाली जिला जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा की मौजूदगी में ग्राम भांवरी में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो राजस्थान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 76 वें जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हरियाली तीज के अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा की मौजूदगी में ग्राम भांवरी में एक पेड़ मां के नाम आयोजित हुआ, जिसमें दो हजार पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री खर्रा ने जिला वृक्ष नीम का पौधा लगाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया। प्रभारी मंत्री व इस अवसर पर प्रभारी सचिव अश्विनी भगत, जिला कलेक्टर एल एन मंत्री, पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना, सीईओ मुकेश चौधरी, प्रधान मोहिनी देवी द्वारा पौधा रोपण किया व सैल्फी पाइंट में फोटो खिचवाएं।

जिला प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम में ग्रामीणों व बच्चों को संबोधित करते हुए वृक्षारोपण की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि हमें प्रण लेकर एक-एक पेड़ माता-पिता के नाम से लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने पिछले अभियान की तुलनात्मक आकलन करते हुए गत वर्ष में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत लगाए गए लगभग 70 प्रतिशत पौधे वृक्ष के रूप में आगे बढ़ने के लिए प्रगति पर है।

उन्होंने बच्चों से अपने माता-पिता को पौधे लगाने व वृक्षों का महत्व बताने को कहते हुए उन्होंने कहा कि पौधे लगाने से पर्यावरण की व्याप्त प्रदूषण, तापमान को कम करने में सहायक होते है व 53 डिठी से अधिक तापमान पर वैज्ञानिक मतानुसार शरीर के मस्तिष्क की कौशिकाओं का पिघलना शुरू हो जाता है तथा उन्होंने बच्चों को अपनी भावी आगामी पीढी को संतुलित वातावरण प्रदान करने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनकी सार-सम्भाल के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के पश्चात जिला प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री की मन की बात प्रसारण को सुना।

स्वागत कार्यक्रम के तहत प्रभारी मंत्री प्रभारी सचिव, जिला कलेक्टर का स्थानीय विद्यालय की बालिकाओं द्वारा तिलक लगा कर स्वागत किया गया। वन विभाग द्वारा साफ पहना कर तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर बजरंग सिंह, डीएफओ बाला मुरुगन, सीईओ मुकेश चौधरी, पाली प्रधान मोहनी देवी, ग्राम पंचायत प्रशासक सुनीता त्रिवेदी, मोहनलाल सायरचंद चेरेटिबल ट्रस्ट के गौतम कवाड, हर्षवर्धन सिंह, जनप्रतिनिधि सुनील भण्डारी, समाजसेवी पुखराज पटेल सहित जिला स्तरीय अधिकारी, गणमान्य नागरिक, ग्रामीण व विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सर्किट हाउस में जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा राज्य सरकार के डेढ वर्ष की उपलब्धियों व योजनाओं के संबंध में प्रेसवार्ता आयोजित की गई और राज्य सरकार के डेढ़ साल के कामो, योजनाओ के बारे में जानकारी दी। जिनमें वंदे गंगा, अंत्योदय संबल पखवाड़ा व अन्य कामो की उपलब्धियों की जानकारी दी।

## हेमावास बांध ओवरफ्लो हुआ

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर में रिमझिम बारिश हो रही है लेकिन देसूरी, सांडेराव, सुमेरपुर, बाली क्षेत्र में रविवार को अच्छी बारिश हुई। हेमावास बांध ओवरफ्लो होकर रपट पर बहने लगी जिसे देखने शहरवासी पहुंचे। इधर बेड़ा नदी फिर से तेज गति से बहने के कारण जवाई बांध का जलस्तर बढ़कर 36 फीट के पास पहुंच गया। पाली जिले के 14 बांध ओवरफ्लो चल रहे हैं।

# साइकिल रैली निकाली



बाड़मेर में बी.एस.एफ. ने साइकिल रैली के जरिए लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पोकरण**, (नि.सं.)। बाड़मेर जिला मुख्यालय पर बीएसएफ ने रविवार को साइकिल रैली के जरिए शरीर को स्वस्थ रखने का संदेश दिया।

बाड़मेर में बीएसएफ 83 बटालियन ने गृह मंत्रालय और सेक्टर हेडक्वार्टर बाड़मेर की खेलो इंडिया फिट इंडिया स्कीम के तहत साइकिल अभियान का आयोजन किया। इस साइकिल रैली से आम नागरिकों को खेल और व्यायाम के जरिए अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस साइकिल अभियान के दौरान बाड़मेर शहर, सिणधरी चौराहे से होते हुए लगभग 10 किमी की दूरी तय की गई। वहीं 72 वाहिनी मुख्यालय से रैली आरंभ होकर गोमट, पोकरण सिटी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से होकर गुजरी। इस साइकिल अभियान के माध्यम से बीएसएफ के जवानों ने आम नागरिकों से खेल कूद और व्यायाम को अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के अंत में बटालियन मुख्यालय में पहुँच कर फिट इंडिया स्लोगन के साथ साइकिल रैली का समापन किया गया।

इस अवसर पर 72वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में रैली का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में गोविंद सिंह, शमशेर सिंह, वरुण कुमार सहित बीएसएफ के अनेक जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## दुकानदार ने तालाब में कूदकर आत्महत्या की

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में एक व्यक्ति ने लोरडी देजगरा तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। आरंभिक जांच में सुसाइड का कारण उसके कर्ज में डूबे होना सामने आया है।

माता का थाना इंचार्ज भंवर सिंह जाखड़ ने बताया कि शनिवार को सवाई लाल घर से बिना बताए कहीं चला गया। घर वालों ने उसे शाम तक ढूंढा तो कोई पता नहीं चला। इस पर रात को पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दी।

रिपोर्ट के बाद पुलिस ने जांच की तो उसके मोबाइल नंबर चालू मिले जिसकी लोरडी देजगरा के पास आई। पुलिस मौके पर पहुंची तो गाड़ी में मोबाइल मिला और वही पास में जूते पड़े थे। रात होने के चलते तालाब में सर्च करना संभव नहीं था। पुलिस ने सुबह जांच की तो तालाब में शव नजर आ गया। जिस पर शव को बाहर निकाल कर महात्मा गांधी अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया।तालाब में सर्च करके सबको बाहर निकलने वाली जोधपुर नागरिक सुरक्षा टीम के सदस्य तैराक धर्मदास, टीकूराम, जीतूसिंह, ललित कुमार, राकेश चौधरी, भजनलाल, भवानी सिंह, जितेंद्र लवा, ड्राइवर परसा राम शामिल रहे। मृतक सवाई लाल (50) पुत्र दुर्गाराम माता के थाना क्षेत्र के अमृत नगर निवासी था और उसकी कपड़े से संबंधित कार्य की करने दुकान थी।

# चोरी की 9 बाइक बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**बाड़मेर**, (निसं)। जिले की नागाणा व बाटाडू पुलिस चौकी पुलिस ने एक मोटरसाइकिल चोरी प्रकरण में कार्यवाही करते हुए बाइक चोर गैंग का खुलासा कर चोरी की 9 मोटरसाइकिल बरामद की है। कार्यवाही में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जबकि अन्य सह आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपी ने बाडमेर, जैसलमेर, बायतु, फलसूंड आदि क्षेत्रों से 13 मोटरसाइकिल चोरी वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। मुलजिम अपने ऐश मौज के लिए गाडयि चोरी करते थे और आगे सस्ते दामों में बेच देते थे। फिलहाल पुलिस इस मामले में विस्तृत अनुसंधान व पूछताछ कर रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि थानाधिकारी पुलिस थाना नागाणा जमील खान मय टीम व प्रभारी पुलिस चौकी बाटाडू अनोपाराम मय टीम द्वारा दुपहिया वाहन चोरी के प्रकरण में वांछित मुलजिम ओमप्रकाश पुत्र गोकलाराम जाति जाट निवासी सवाउ मूलराज पुलिस थाना गिडा जिला बालोतरा को दस्तयाब कर इसके कब्जे से चोरी की 9 मोटरसाईकल बरामद करने मे सफलता हासिल की गई है।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि गत 22 जुलाई की रात्रि में अज्ञात मुलजिम द्वारा प्रार्थी रेखाराम मेगवाल निवासी लुनाडा की मोटरसाईकल चुराकर ले जाने के सम्बन्ध में पुलिस थाना नागाणा में प्रकरण दर्ज कर अग्रीम अनुसंधान शुरू किया गया।

प्रकरण में थानाधिकारी पुलिस थाना नागाणा के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक अनोपाराम मय टीम द्वारा गहनता से अनुसंधान, आसूचना व तकनिकी सहयोग से त्वरित कार्यवाही करते हुए नाकाबंदी कर नागाणा थाना हल्का सरहद लूनाडा से चोरी हुई मोटरसाइकिल व मोटरसाइकिल चोर ओमप्रकाश को दस्तयाब किया गया। गिरफ्तार सुदा मुलजिम से गहनता से पूछताछ करने पर ओमप्रकाश ने अपने एक साथी गणेशाराम पुत्र भंवराराम जाति जाट निवासी केशुम्बला ,सरदार सिंह पुलिस थाना गिडा जिला बालोतरा के साथ मिलकर बाडमेर, बालोतरा व जैसलमेर जिलों में विभिन्न जगहों से पिछले एक वर्ष में कुल 13 मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया।

आरोपी ओमप्रकाश व गणेशाराम शहर बाडमेर मे साथ पढाई करते थे तथा अपने शौक, मोज के लिए मोटरसाईकल चुराना व सस्ते दामो में आगे बेचने की फिराक में थे। मुलजिम की ईत्तलानुसार पुलिस ने चोरी की गई 9 मोटरसाईकल बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

चोरी के सम्बन्ध में पुलिस थाना फलसुण्ड जैसलमेर, थाना बायतू जिला बालोतरा, थाना शिव, ग्रामीण व नागणा मे प्रकरण दर्ज हो रखे है। वांछित मुलजिम गणेशाराम की पुलिस टीमो द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## भंवरू खान पठान ने ब्लॉक अध्यक्ष घोषित किए

**जालोर**, (का.सं.)। राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भंवरू खान पठान ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए जिले के विभिन्न ब्लॉकों के लिए ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की है। एसोसिएशन के संविधान की धारा 15(क)(6) के तहत प्रदत्त अधिकारों के तहत यह नियुक्तियां की गई हैं।

जालोर - राजम अली सैय्यद, आहोर - मोहम्मद आसीन, भीनमाल - सुल्तान खान, सायला - नवाब खान, सांचौर - खालिद हुसैन, चितलवाना - मोहम्मद राहिल, जसवंतपुरा - असलम खान, रानीवाड़ा - हुसैन खान, बागौड़ा - आबिद खान को नियुक्ति दी।

भंवरू खान पठान ने सभी नवमनोनीत ब्लॉक अध्यक्षों से अपेक्षा जताई कि वे शीघ्र ही अपने-अपने ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन कर जिला कार्यकारिणी को सूचित करें, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों को और सुदृढ़ किया जा सके। एसोसिएशन ने प्रक्रिया में पारदर्शिता व संगठन की मजबूती को प्राथमिकता दी है।

# पाली के रोटरी क्लब सभागार में प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। भारतीय जैन संघटना पाली चैप्टर द्वारा रोटरी क्लब सभागार में प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक अनु तलेसरा व लवकेश कोठारी ने बताया कि पाली, चैप्टर के अध्यक्ष अमरचंद बोहरा, उषा अखावत एवं सचिव बसंत सोनिमंडिया, दीपमाला सिंघवी के नेतृत्व के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जैन समाज के विद्यार्थियों को सम्मानित करना एवं अन्य युवाओं को प्रेरित करना रहा। संयोजक प्रीति संचेती, राजेन्द्र जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस श्री अर्पित पारख थे। जिन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन को सफलता की पहली सीढ़ी बताते हुए स्वयं पर विश्वास रखने की प्रेरणा दी। वहीं मुख्य वक्ता सीए सुरेंद्र पारख ने छात्रों को अपनी रुचि और पैशन को पहचान कर इस दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

उन्होंने बताया कि सच्ची सफलता वही है जो दिल से चुने हुए रास्ते पर चलकर मिलती है।

कार्यक्रम में पाली जैन श्री संघ सभा के अध्यक्ष श्री वीनूसा भंसाली, मंत्री गौतम जी छाजेड़, विकास जी बुबकिया, रितु मेहता, सपना छाजेड़, चिराग कोठारी, गौरव सालेचा सहित समाज के व्यक्ति, अभिभावक, विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।



पाली में भारतीय जैन संघटना पाली चैप्टर ने रोटरी क्लब में प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

कार्यक्रम के प्रायोजक पारसमल, रंजीतजी राहुल छाजेड़ रहे। मंच संचालन प्रमोद भंसाली द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के लगभग 250 व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत वाद-विवाद प्रतियोगिता से हुई जिसका विषय था "विद्यार्थियों द्वारा मोबाइल का उपयोग सही या गलत" । प्रतियोगिता में कई विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने-अपने पक्ष में तर्क प्रस्तुत किये, निर्णायक की भूमिका सी ए सुरेंद्र पारख एवं नरेंद्र जी गोलछा ने निभाई। प्रतियोगिता में परी चौरडिया ने प्रथम स्थान भव्य नाहर ने द्वितीय स्थान तथा अरिष्ट सुन्देचा एवं दिव्या डागा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात एक विशेष नाटक "3 ईडियट्स-एक बार फिर" का मंचन किया गया जो छात्रों के कैरियर संघर्ष, पारिवारिक अपेक्षाओं और आत्मनिर्णय पर आधारित था। नाटक का उद्देश्य यह था कि सफलता का रास्ता सबके लिए अलग-अलग होता है, लेकिन सही निर्णय आत्मविश्वास और मित्रता के सहारे हर मंजिल पाई जा सकती है। यह नाटक हाइब्रिड मोड में प्रस्तुत किया गया था जिसमें कुछ दृश्य पाली सेवा मंडल हॉस्पिटल में शूट किए गए थे। नाटक में रितु मेहता, सी ए ललित तलेसरा, लवकेश कोठारी, राजू सर एमटीपी,अनू तलेसरा, चिराग कोठारी, केतन मेहता एवं अन्य टीम सदस्यों ने प्रभावशाली अभिनय किया। कार्यक्रम में "जर्नी कार्ड टू सक्सेस" नामक प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने लक्ष्य तक पहुंचाने की योजना को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। इसमें नव्या जैन प्रथम रही। कार्यक्रम बीजेएस द्वारा प्रतिमाह आयोजित की जाने वाली "फाउंडेशन प्रोग्राम श्रृंखला" का हिस्सा था जो पुणे मुख्यालय के निर्देशन में पूरे देश भर में सामाजिक चेतना के उद्देश्यों के लिए आयोजित किए जाते रहे हैं।भारतीय जैन संघटना एक राष्ट्रीय स्तर की संस्था है जो जैन समाज के उत्थान, सामाजिक सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने हेतु कार्यरत है।

कार्यक्रम का समापन समारोह सामूहिक फोटो सेशन के साथ हुआ,इसमें विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। यह आयोजन न केवल प्रतिभाओं के सम्मान का अवसर था बल्कि समाज के युवाओं को अनुशासन आत्मविश्वास और लक्ष्य की दिशा में कार्य करने को लेकर प्रेरित करने वाला कदम भी रहा।

## एडवोकेट मदन सोनी अध्यक्ष बने

**पाली**, (नि.सं.)। श्री बाह्मण स्वर्णकार समाज संस्था, पाली के चुनाव-2025 आज रविवार को लोकतांत्रिक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए।

चुनाव अधिकारी गोपाल महेचा नें बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया में समाज की एकजुटता का परिचय देते हुए अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता मदन लाल सोनी, सचिव पद पर रिखब चंद सोनी, कोषाध्यक्ष पद पर जगदीश मण्डोरा निर्विरोध निर्वाचित हुए।

मुख्य चुनाव अधिकारी हरि गोपाल सोनी की देखरेख में यह चुनाव सम्पन्न हुआ। निर्वाचन समिति में अधिवक्ता गोपाल सोनी, अधिवक्ता दीपक सोनी, महेंद्र सोनी एवं डॉ. सज्जन सोनी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

चुनाव अधिकारी अधिवक्ता दीपक सोनी ने बताया कि अध्यक्ष पद दो नामांकन पत्र आये। मदनलाल कश्यप अधिवक्ता व शांतिलाल मण्डोरा ने नामांकन भरा। शांतिलाल मंडोरा ने नामांकन पत्र वापस लिया।

सचिव वद पर रिखब चंद मण्डोरा, अरविंद बाड़मेरा, लक्ष्मीनारायण काला ने नामांकन भरा। अरविंद बाड़मेरा, लक्ष्मीनारायण कालां ने नामांकन पत्र वापस लिया।

कोषाध्यक्ष पद पर दो नामांकन पत्र आये। जगदीश मण्डोरा व सुरेश मथुरिया ने नामांकन भरा। सुरेश मथुरिया ने नामांकन पत्र वापस लिया।

# 'गुणी व संस्कारी संतान के माता-पिता भाग्यशाली'

**पाली**, (नि.सं.)। संत गोपाल राम महाराज ने कहा कि ऐसी संतान होने पर माता-पिता को भाग्यशाली समझा जाता है,जिनके बच्चे अपने माता-पिता की हर आज्ञा का पालन करते हैं। साथ ही अपने माता-पिता का सम्मान करती हैं, तो ऐसी संतान भी माता-पिता के लिए भाग्य के द्वार खोलती है। माता-पिता की सेवा से भाग्य जगाया जा सकता है और यह जीवन को स्वर्ग बना सकता है।

पाली शहर के गांधी मूर्ति रामद्वारा में 11 दिवसीयशिव महापुराण कथा के नौवे दिन संत गोपाल राम महाराज ने कहा कि मानव जीवन तभी सार्थक हो सकता है जब मनुष्य सत्य के मार्ग पर चले और माता पिता और देश की सेवा ही समर्पित हो । हम भगवान गणेश जी की पूजा करते हैं तो हमें ऐसा जीवन जीना चाहिए जैसा उन्होंने दिया है। एक दिन शिव और पार्वती ने अपने दोनों पुत्रों कार्तिक और गणेश से कहा कि जो पूरे विश्व की परिक्रमा करेगा, उसकी शादी सबसे पहले होगी। भगवान कार्तिक मयूर पर सवार होकर विश्व परिभ्रमण करने गये। इधर गणेश नारद जी के वचनों के अनुसार अपनी चूहे की सवारी के साथ अपने माता-पिता की परिक्रमा करने लग । भगवान शिव और पार्वती भगवान गणेश की लीला देखकर अभिभूत हो गये। पूछने पर भगवान गणेश ने कहा कि वेदों में माता-पिता की परिक्रमा ही सारा विश्व की परिक्रमा कहा है। इसपर भगवान शकर ने आशीर्वाद दिया कि जो मानव भगवान गणेश का आहवान कर पूजा करेगा। उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होगी

गणपति भगवान की कथा कहना व सुनना जितना सरल है उतना ही उनके समान जीवन जीना बड़ा कठिन कार्य है। शिव महापुराण का गणेश जी के चरित्र का मात्र अनुसरण करने से ही लोगों के कष्ट दूर हो जाएंगे। यदि जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं तो बड़ों का आशीर्वाद अत्यंत आवश्यक है। बड़ों को प्रणाम करने से आयु, विद्या, यश तथा बल की प्राप्ति होती है। माता-पिता के आशीर्वाद एवं गुरु की कृपा के फलस्वरूप ही विनायक प्रथम पूजनीय हुए और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने जनकपुर जाकर धनुष भंग किया एवं माता जानकी जी से मंगलमय विवाह संपन्न किया। यह बड़े जनों के आशीर्वाद एवं गुरु कृपा का ही फल था कि ।

संत ने कहा अपने अंदर रावण रूपी राक्षस के संहार के लिए बड़ों का आदर एवं गुरु का सम्मान करना बहुत जरूरी है। हम सभी को अपने माता-पिता, गुरु एवं बड़ों के चरणों में नित्य प्रतिदिन प्रणाम अवश्य करना चाहिए। क्योंकि प्रणाम परिणाम बदल देता है।

जिदगी में मां, महात्मा व परमात्मा से बढ़कर कुछ भी नहीं है, जीवन में इन तीनों का आशीर्वाद जरूरी है। बचपन में मां का, जवानी में महात्मा का और बुढ़ापे में परमात्मा का। मां बचपन को संभाल देती है, महात्मा जवानी सुधार देता है व बुढ़ापे को परमात्मा संभाल लेते हैं।" वहीं सजीव झांकिया के साथ गणेश विवाह महोत्सव धूमधाम रामद्वारा में मनाया गया।

## पौधे बांटे

**पाली**, (नि.सं.)। श्रीमाली ब्राह्मण समाज विकास समिति द्वारा हरियाली तीज 27जुलाई 25 के दिवस 500 से अधिक अपराजिता एवं तुलसी पौधों का वितरण आम्लेश्वर-साँवरिया सेठ मंदिर में आमजनों को किया गया। अध्यक्ष पी एम जोशी व कोषाध्यक्ष राकेश दवे के अनुसार पौधों के वितरण से पहले पौधों को यजमान के पी व्यास-मीरा व्यास से अभिषेक द्वारा पूजित कराया गया एवं भगवान के आशीर्वाद के रूप में इन्हें वितरित किया।



भारतीय टेबल टेनिस को युवा प्रतिभाओं को सीनियर स्तर पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ने में मदद करने के लिए एक सुस्पष्ट प्रणाली की आवश्यकता है।

- शरत कमल

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, पंत की साहस की तारीफ करते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच, विश्व लीजेंड्स चैंपियनशिप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत के नहीं खेलने के फैसले पर कहा, मैं हमेशा कहता हूं कि अगर मैच खेलना है तो हर जगह हो और अगर नहीं खेलना है तो कहीं भी किसी भी मंच पर बिल्कुल नहीं हो। अगर आप द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेल रहे हैं तो आपको अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भी नहीं खेलना चाहिए, मेरा यही मानना है। लेकिन सरकार और बोर्ड जो भी फैसला करेंगे वही होगा।और इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में चल रहे चौथे टेस्ट में भारत के प्रदर्शन जैसे क्रिकेट के कुछ सबसे चर्चित मुद्दों पर बात की।

**क्या आप जानते हैं ?...** सचिन तेंदुलकर ने वनडे क्रिकेट में 145 बार फिफ्टी प्लस स्कोर बनाया है, जिसमें उन्होंने 49 शतक और 96 अर्धशतक लगाए हैं।

## जडेजा और सुंदर के साहसिक शतकों से चौथा टेस्ट मैच हुआ ड्रा





मैनचेस्टर, 27 जुलाई। रवींद्र जडेजा (नाबाद 107) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 101) के जुझारू और साहसिक शतकीय पारियों बदौलत भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के पांचवें दिन चार विकेट पर 425 का स्कोर खड़ा कर मुकाबले को ड्रा करा दिया।

चायकाल के बाद बल्लेबाजी करने उतरी जडेजा और वॉशिंगटन सुदंर की जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने शतक पूरे किये। पहले जडेजा ने अपना शतक पूरा किया। जडेजा ने 185 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए ( नाबाद 107) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। 143वें ओवर की आखिरी पर सुंदर दो रन बनाकर अपना शतक पूरा किया। इसके साथ ही दोनों टीमों ने हाथ मिलाकर मैच ड्रा घोषित किया। भारतीय क्रिकेट इतिहास में यह पहली बार है तीन बल्लेबाजो ने दूसरी पारी में शतक जड़ा है।

इसे पहले भारत चायकाल तक चार विकेट पर 322 रन बनाकर दूसरी पारी में 11 रन की बढ़त बना ली थी। इंग्लैंड को पहली पारी में 311 रन की बढ़त हासिल थी। भारत ने पिछले सेशन के अंत में जरूर कप्तान शुभमन गिल का एक अहम विकेट गंवाया लेकिन यहां पर इस सेशन में वॉशिंगटन सुंदर ओर रवींद्र जडेजा ने सुनिश्चित किया कि कोई और विकेट ना गिरे और पांचवें विकेट के लिए 100 रनों की नाबाद साझेदारी करके दिखाई। दोनों अर्धशतक लगा चुके हैं और अब देखना होगा कि यह आखिरी सेशन इस मैच का क्या परिणाम निकालता है।

रवींद्र जडेजा ने पहली बार एक टेस्ट सीरीज में 400 से अधिक रन और पांच 50 से अधिक स्कोर बनाया है। जडेजा अब तक 102 गेंदों पर नाबाद 53 रन में पांच चौके लगा चुके हैं जबकि सुंदर ने 139 गेंदों पर नाबाद 57 रन में तीन चौके और एक छक्का लगाया है। इससे पहले भारत ने कल के दो विकेट पर 174 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में केएल राहुल ने अपने स्कोर में तीन रन जोड़े थे कि इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें पगबाधा आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। केएल राहुल ने 230 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 90 रन बनाये। इंग्लैंड को पहले सेशन में दो बहुमूल्य विकेट मिले हैं। केएल राहुल शतक से चूके तो शुभमन गिल ने अपने करियर का नौंवा और सीरीज का चौथा शतक बनाया लेकिन भारत अभी भी मुश्किलों में है। उन्होंने इस सेशन 26 ओवर में 49 रन बनाए हैं, जबकि दो विकेट गंवाए हैं। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये वॉशिंगटन सुंदर ने गिल के साथ संभल कर खेलते हुए धीमी गति से स्कोर को आगे बढ़ाया। इसी दौरान 83वें ओवर की आखिरी गेंद पर शुभमन गिल ने वोक्स की गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया। गिल ने इस टेस्ट सीरीज के अपने चौथे शतक के लिये 228 गेंदों का सामना किया। यह शुभमन गिल के टेस्ट करियर का सबसे धीमा शतक है। इसी के साथ गिल सचिन तेंदुलकर के बाद मैनचेस्टर में शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गये। सचिन ने इसी मैदान पर 1991 में शतक जड़ा था।

इंग्लैंड की ओर से क्रिस वोक्स ने दो विकेट लिये। बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### जडेजा 30 से अधिक विकेट और एक हजार से अधिक रन बनाने वाले तीसरे विदेशी खिलाड़ी बने

मैनचेस्टर, 27 जुलाई। भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने किसी एक देश में आज एक हजार से अधिक रन और 30 से अधिक विकेट लेने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। एक हजार से अधिक रन और 30 विकेट लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों की सूची में भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का नाम भी शामिल हो गया। यहां चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में कप्तान शुभमन गिल के आउट होने के बाद बल्लेबाज करने आये जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए यह उपब्लधि हासिल की। वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स, इंग्लैंड में 1820 रन और 62 विकेट लेकर इस मामले में शीर्ष पर है। इस मामले में इंग्लैंड के विल्फ्रेड रोड्स ऑस्ट्रेलिया में 1032 रन और 42 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर है। अब भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में 1021 रन, 34 विकेट के साथ यह हासिल करने वाले तीसरे विदेशी खिलाड़ी बन गये है।

## 148 वर्षों में पहली बार इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में चार शतक जड़ने वाले पहले कप्तान बने शुभमन



मैनचेस्टर, 27 जुलाई। गिल ने लीड्स में 147 रन, एजबेस्टन की पहली पारी में 269 रन और दूसरी पारी में 161 रन बनाए थे। मैनचेस्टर की दूसरी पारी में वह238 गेंद में 12 चौके की मदद से 103 रन बनाकर आउट हुए।

प्रिंस के नाम से मशहूर भारत के स्टार बल्लेबाज और कप्तान शुभमन गिल ने मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले जा रहे चौथे टेस्ट में शतक जड़ा। उन्होंने पांचवें दिन भारत की दूसरी पारी में 228 गेंद में शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का नौवां और इस सीरीज का चौथा शतक रहा। इससे पहले उन्होंने लीड्स में एक और एजबेस्टन टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ा था। इसी के साथ भारतीय कप्तान ने इतिहास रच दिया है। वह टेस्ट क्रिकेट के 148 साल के इतिहास में इंग्लैंड में चार शतक लगाने वाले पहले कप्तान बन गए हैं। इतना ही नहीं गिल बतौर कप्तान डेब्यू सीरीज में चार शतक लगाने वाले भी पहले खिलाड़ी हैं। इस स्टार बल्लेबाज ने क्रिस वोक्स की गेंद पर एक रन लेकर शतक पूरा किया।

उन्होंने रविवार को इंग्लैंड खिलाफ चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में शानदार शतक ठोका है। गिल ने मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में संयम के साथ बैटिंग करते हुए 238 गेंदों में 103 रन बनाए। उन्होंने 12 चौके लगाए। पांचवें दिन लंच ब्रेक से पहले पेसर जोफ्रा आर्चर का शिकार बने। ये 25 वर्षीय बल्लेबाज के टेस्ट करियर की नौवीं सेंचुरी है।

गिल मैनचेस्टर के मैदान पर टेस्ट सेंचुरी जड़ने वाले 9वें भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने 35 साल का शतकीय सूखा समाप्त किया है। दरअसल, गिल से पहले मैनचेस्टर में शतक जड़ने वाले भारतीय प्लेयर सचिन तेंदुलकर थे। सचिन ने 1990 में यहां इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 189 गेंदों में 17 चौकों की बदौलत नाबाद 119 रन बनाए थे। ये महान बल्लेबाज सचिन के करियर का पहला टेस्ट शतक था।

**ब्रैडमैन-गावस्कर के क्लब में की एंट्री**

गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में चौथी शतकीय पारी खेली है। उन्होंने सरडॉन ब्रैडमैन और सुनील गावस्कर के धाकड़ क्लब में एंट्री मारी है। गिल बतौर कप्तान एक टेस्ट सीरीज में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा चार शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज ब्रैडमैन ने 1947/48 में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चार शतक जमाए। पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर ने 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में ऐसा किया।

**कोहली की बराबरी**

गिल एक टेस्ट सीरीज में भारत के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक शतक लगाने वाले प्लेयर बन चुके हैं। उन्होंने गावस्कर और विराट कोहली की बराबरी की है। गावस्कर ने 1971 और 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चार-चार शतक लगाए थे। वहीं, स्टार बल्लेबाज कोहली ने 2014/15 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज में इतने सेंचुरी लगाई थीं। गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 700प्लस रन बनाने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी हैं।

**गिल ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी**

रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद गिल को टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया। उन्होंने इस मौके का भरपूर लाभ उठाया और चयनकर्ताओं को सही साबित किया। बल्ले से गिल धमाल मचा रहे हैं। वह इंग्लैंड में किसी टेस्ट सीरीज में 700 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के रन मशीन मोहम्मद यूसुफ के नाम था। यूसुफ ने 2006 में चार मैचों की सात पारियों में 90.14 की औसत से 631 रन बनाए थे। गिल ने 19 साल पुराना यह रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**93 साल में पहले एशियाई खिलाड़ी**

एशियाई देशों में भारतीय टीम इंग्लैंड का दौरा करने वाली पहली टीम थी। 1932 में भारत ने ऐसा किया था। इसके बाद पिछले 93 साल में गिल ही एशियाई बल्लेबाजों में इंग्लैंड में किसी एक टेस्ट सीरीज में 700 रन का आंकड़ा पार कर पाए।इतना ही नहीं, शुभमन गिल एक टेस्ट सीरीज 700 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बन गए। गिल ने एक और उपलब्धि हासिल कर ली। वह तीसरे ऐसे मेहमान कप्तान हैं, जिसने इंग्लैंड में किसी टेस्ट सीरीज में 700 से ज्यादा रन बनाए।

**केएल और गिल ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड**

दूसरी पारी में भारत की शुरुआत झटकों के साथ हुई। यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन को क्रिस वोक्स ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद मोर्चा केएल राहुल और शुभमन गिल ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 421 गेंदों में 188 रनों की साझेदारी हुई। पांचवें दिन बेन स्टोक्स ने इस साझेदारी को तोड़ा और केएल को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 230 गेंदों में आठ चौके की मदद से 90 रन बनाकर आउट हुए। इस तरह केएल राहुल और शुभमन गिल ने इंग्लैंड में किसी भी भारतीय जोड़ी द्वारा एक टेस्ट में सबसे ज्यादा गेंदें खेलने का रिकॉर्ड बनाया। पिछला रिकॉर्ड संजय बांगर और राहुल द्रविड़ (405) के नाम था, जो उन्होंने 2002 में लीड्स में बनाया था।

## ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराया



बासटेयर 27 जुलाई। कैमरून ग्रीन (नाबाद 55), जॉश इंग्लिस (55) और ग्लेन मैक्सवेल (47) की शानदार पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को चार गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों सीरीज में 4-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

206 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में कप्तान मिचेल मार्श (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद जॉश इंग्लिस और ग्लेन मैक्सवेल की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिये 65 रन जोड़े। सातवें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने जॉश इंग्लिस 30 गेंदों में 51 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 11वें ओवर में अकील हुसैन ने ग्लेन मैक्सवेल 18 गेंदों में (47) को आउट कर ऑस्ट्रेलियाई तूफान को रोक दिया। इसके बाद मिचेल ओवेन (दो) और कूपर कॉनली (शून्य) के विकेट गिरने के बाद वेस्टइंडीज को जीत की उम्मीद जगी। लेकिन ऐरन हार्डी ने कैमरून ग्रीन के साथ छठे विकेट के लिए 51 रन जोड़ कर ऑस्ट्रेलिया को जीत की ओर अठासर कर दिया। ऐरन हार्डी 16 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुये। जेवियर बार्टलेट (नौ) रन आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया ने 19.2 ओवर में सत विकेट पर 206 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। कैमरून ग्रीन 35 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से (नाबाद 55) रनों की पारी खेली।

वेस्टइंडीज की ओर से जेडाया ब्लेड्स ने तीन विकेट लिये। जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड और अकील हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप की सलामी जोड़ी ने तेज शुरुआत की। दूसरे ओवर में जेवियर बार्टलेट ने ब्रैंडन किंग (18) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। वेस्टइंडीज का दूसरा विकेट शाई होप (10) के रूप में गिरा। उन्हें भी बार्टलेट ने आउट किया। रॉस्टन चेज (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद शरफेन रदरफोर्ड 15 गेंदों में 31 रन बना कर आउट हुये। एक समय वेस्टइंडीज ने 67 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिये थे। ऐसे में रोवमैन पॉवेल ने शिमरोन हेटमायर के साथ पांचवें विकेट के लिए 43 रन जोड़कर टीम को संभालने का प्रयास। हेटमायर 16 रन और पॉवेल ने 28 रन बनाकर आउट हुये। इनके अलावा रोमारियो शेफर्ड ने 28, जबकि जेसन होल्डर ने 26 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 205 रनों का स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जम्पा ने तीन विकेट लिये। ऐरन हार्डी, जेवियर बार्टलेट और शॉन ऐबट ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

## जिला एथलेटिक संघ जयपुर के निर्वाचन संपन्न




जयपुर , 27 जुलाई। जिला एथलेटिक संघ जयपुर के चुनाव लिटिल कॉर्नर एसके पैराडाइज होटल, लाल कोठी सब्जी मंडी, जयपुर में प्रात: 11:30 बजे सफलता पूर्वक संपन्न हुए। चुनाव का संचालन चुनाव अधिकारी एन एस यादव के मार्गदर्शन में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

चुनाव में राजस्थान एथलेटिक संघ के संयुक्त सचिव सुरेन्द्र गुर्जर, क्रीड़ा परिषद जयपुर से मान सिंह, तथा जयपुर जिला ओलंपिक संघ के गिर्राज खंडेलवाल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे।

निर्वाचन रजिस्ट्रार संस्थाओं द्वारा अनुमोदित दिनांक 21.07.2025 की रजिस्टर्ड 20 क्लबों की सूचीके आधार पर सम्पन्न किया गया।

उल्लेखनीय है कि कुल 20 में से 19 क्लबों ने सक्रिय रूप से चुनाव में भाग लिया। और यह चुनाव अगले चार वर्षों के लिए हुए हैं।

**निर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यइस प्रकार हैं-**

अध्यक्ष: देवी शंकर, उपाध्यक्ष हीरानंद कटारिया, सचिव गोपाल सैनी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव राजेंद्र मीणा, जगदीश कौर, सदस्यगण गुरिंदर चोपड़ा, ललित शर्मा, जगदीश सिंह।

## शिखर धवन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में भारतीय चैंपियंस टीम के प्रयासों की सराहना की



लीड्स, 27 जुलाई। शिखर धवन ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में नाबाद 91 रनों की पारी खेली और आखिरी ओवर में मैच हारने के बावजूद अपनी टीम के प्रयासों की सराहना की। मैच के बाद, धवन ने टीम के जुझारूपन पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हमने अपना सब कुछ झोंक दिया। ये ऐसे मैच हैं जो खेल के प्रति हमारे प्यार को दर्शाते हैं। अंत तक यह एक शानदार मुकाबला था। मुझे खिलाड़ियों पर गर्व है कि उन्होंने जज्बा दिखाया। हमारे साथ खड़े रहने वाले सभी प्रशंसकों का धन्यवाद - आपकी ऊर्जा हमारे लिए बहुत मायने रखती है।

टीम के मालिक सुमंत ने टीम के प्रदर्शन की प्रशंसा की और इंडिया चैंपियंस के पीछे के व्यापक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला: आज का मैच सिर्फ स्कोरबोर्ड के बारे में नहीं था, बल्कि भारतीय क्रिकेट की विरासत को जुनून और गर्व के साथ प्रस्तुत करने के बारे में था। इस टीम ने संघर्ष, जोश और चैंपियंस जैसा जज्बा दिखाया। भले ही हम आज रात अपनी सीमा पार न कर पाए हों, लेकिन हम कुछ बड़ा कर रहे हैं - दिग्गजों के लिए एक ऐसा मंच जो एक बार फिर प्रेरणा दे। सफर जारी है। इंडिया चैंपियंस अपने दुनिया भर के समर्थकों को उनके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं और टूर्नामेंट को मजबूती से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ़ लीजेंड्स 2025 में कई सितारे युवराज सिंह, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, इयोन मोर्गन, मोइन अली, सर एलिस्टेयर कुक, एबी डिविलियर्स, हाशिम अमला, क्रिस मॉरिस, वेन पार्नेल, क्रिस गेल, डीजे ब्रावो, कीरोन पोलार्ड और अन्य शामिल हैं।

## आईटीबीपी ने कार्बी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार को हराया

कोकराझार, 27 जुलाई। डूरंड कप में पदार्पण कर रही इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस एफटी ने 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के ग्रुप डी के पहले मैच में दस पुरुषों वाली कार्बी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार एफसी को 2-1 से हरा दिया। यह मैच यहां साई स्टेडियम में खेला गया। लुनमिनलेन हाओकिप ने कार्बी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार एफसी को बढ़त दिलाई, लेकिन पुलुंग डायमरी और हेमराज भुजेल के गोलों ने अर्धसैनिक बल को जीत और तीन महत्वपूर्ण अंक दिलाए।

कार्बी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार एफसी के मुख्य कोच सी ए लालदिनसांग पुदैते ने एक मजबूत लाइन-अप का चयन किया जिसमें जोसेफ ओलालेये, विक्टर जैक्सन और बेन नैश क्वांश जैसे तीन विदेशी खिलाड़ी शामिल थे, जबकि आईटीबीएफ एफटी के मुख्य कोच सुरोजीत कुमार ने पारंपरिक 4-4-2 फॉर्मेशन में एक मजबूत लाइन-अप का चयन किया।

दोनों ही टीमें मिडफील्ड पर कब्जा करने की कोशिश कर रही थीं, जिससे एक रोमांचक मुकाबला हुआ और दोनों टीमें मैदान के बीचों-बीच एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही थीं। आई-लीग 3 में खेलने वाली केएएमएसएफसी की टीम 23वें मिनट में ही दस खिलाड़ियों पर सिमट गई।

## इटली ने पोलैंड को हराकर महिला वीएनएल के फाइनल में प्रवेश किया

वारसॉ, 27 जुलाई। मौजूदा चैंपियन इटली ने शनिवार को 2025 एफआईवीबी महिला वॉलीबॉल नेशंस लीग (वीएनएल) के सेमीफाइनल में मेजबान पोलैंड पर सीधे सेटों में शानदार जीत के साथ अपनी जीत का सिलसिला 28 मैचों तक बढ़ा दिया।

अनुभवी कोच जूलियो वेलास्को के नेतृत्व में, इटली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हर सांख्यिकीय वर्ग में पोलैंड को पछाड़ दिया। गत चैंपियन ने पोलैंड के 30 किल के मुकाबले 51 किल दर्ज किए और मेजबान टीम के छह ब्लॉकों के मुकाबले 11 ब्लॉक दर्ज किए। टीम की कप्तान और मिडिल ब्लॉकर अन्ना दानेसी ने नेट पर सभी खिलाड़ियों का नेतृत्व करते हुए पांच ब्लॉक लगाए।पाओला एगोनू ने एक बार फिर इटली के आक्रमण का नेतृत्व किया और मैच में सर्वाधिक 17 अंक बनाए, जिसमें 15 किल, एक ब्लॉक और एक ऐस शामिल हैं। आउट साइड हिटर एलिस डेठाडी ने 13 अंक बनाए, जबकि मिडल ब्लॉकर एग्निस्का कोर्नेलुक ने 11 अंकों के साथ पोलैंड का नेतृत्व किया।

## गिल को अंग्रेजी प्रशंसकों से मिली तालियां मेरे लिए यादगार रहीं: ट्रॉट

मैनचेस्टर, 27 जुलाई। भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट के पांचवें दिन रविवार को पहले सत्र के बाद, मैच सेंटर लाइव पर चर्चा सुबह के महत्वपूर्ण समय और शुभमन गिल के आउट होने पर केंद्रित रही। विशेषज्ञ संजय मांजरेकर और जोनाथन ट्रॉट ने उन महत्वपूर्ण क्षणों पर अपने विचार साझा किए जिन्होंने भारत की बल्लेबाजी चुनौती को आकार दिया। जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ संजय मांजरेकर ने शुभमन गिल के विकेट पर टिप्पणी की, शुरुआत में भारत के लिए सबसे बड़ी बाधा हमेशा पहले 30 मिनट ही रहे। भारत को अनिवार्य रूप से फैक्टरी रीसेट करना था और कल बल्लेबाजी करते समय दिखाई गई मानसिकता और लय को फिर से हासिल करना था। यह कभी आसान नहीं होता। दूसरी नई गेंद भी एक चुनौती होने वाली थी- और ठीक इसी तरह चीजें सामने आईं। उन्होंने केएल राहुल का विकेट जल्दी खो दिया, और जैसे ही दूसरी नई गेंद ली गई, दबाव बढ़ गया।

शुभमन गिल के बारे में, शतक पूरा करने के बाद, सवाल यह है-क्या उन्होंने आराम किया? लेकिन यह थोड़ा कठोर हो सकता है। दूसरी नई गेंद से कम से कम एक बल्लेबाज आउट होने की संभावना थी, और दुर्भाग्य से भारत के लिए, वह गिल ही थे।

## प्रवीण और सीमा ने जीता रजत पदक

राइन-रुहर (जर्मनी), 27 जुलाई। भारतीय एथलीट प्रवीण चित्रवेल ने पुरुष ट्रिपल जंप स्पर्धा और सीमा ने महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीते। एफआईएसयू विश्व विश्वविद्यालय खेलों में शनिवार को भारत ने एथलीट वर्ग में दो रजत पदक जीते। प्रवीण चित्रवेल ने पुरुष ट्रिपल जंप में 16.66 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया के कॉनर ने 16.77 मीटर की सीजन सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ स्वर्ण अपने नाम किया।

## राजस्थान रैंकिंग बैडमिंटन सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अगले राउंड में



जयपुर, 27 जुलाई। राजस्थान रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट का आज शाम मुख्य अतिथि प्रवीण गुप्ता आईएएस एडिशनल चीफ सेक्रेटरी सार्वजनिक निर्माण विभाग व विशिष्ट अतिथि राजस्थान बैडमिंटन संघ के सचिव केके शर्मा व रिटायर्ड चीफ जस्टिस एन के जैन, रिक्वायर्ड आरएएस राजपाल यादव द्वारा किया गया।

इस मौके पर ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री मनोज दासोत ने मुख्य अतिथि प्रवीण गुप्ता का परिचय खिलाड़ियों से करवाया। प्रवीण गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाया तथा आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्य अतिथि प्रवीण गुप्ता ने प्रथम शटल फेक टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया।

इस मौके पर समाज सेवी अजय पुरोहित व राजस्थान बैडमिंटन के कोचिंग हेड अतुल गुप्ता भी मौजूद थे। आज खेले गए प्रमुख मुकाबलो में पुरुष एकल के प्रथम वरीयता प्राप्त मनीष फौगाट ने उदयपुर के मोहित कुमावत को आसानी से 21-7 ,21-2 से हराया वही पांचवीं वरीयता प्राप्त भरतपुर के भुवन सिंह ने बीकानेर के राहुल खत्री को 21 -19, 21-12 से परास्त किया। एक अन्य मैच में चूरू के वरीयता प्राप्त तक्ष भाटी ने जयपुर के दिनेश चौधरी को 21-12,21-16 से परास्त किया।

बॉयज सिंगल्स अंदर 19 मे प्रथम वरीयल के भीलवाड़ा के हर्ष ट्रेलर ने बीकानेर के लविश मलिक को 21- 10, 21 -5 ,से परास्त किया। लड़कों के अंदर-19 एक अन्य मैच में बीकानेर के तीसरी वरीयता प्राप्त भुवनेश ओझा ने प्रणव को 21-7 ,21 -12 से हराया। अंडर-19 में दूसरी वार्ता प्राप्त जयपुर के गुरतेज सिंह बसीर ने जयपुर के ही सनी जांगिड़ को 21 -17, 21-16 से परास्त कर अगले राउंड में प्रवेश किया। लड़कियों के अंदर-19 एकल में जयपुर की वरीयता प्राप्त सौम्या भटनागर ने टोंक की कौसर को सीधे व आसन गमों में 21-8, 21-9 से परास्त किया। मनोज दासोत के अनुसार कल प्री क्वार्टर के मैच तथा डबल, मिक्स डबल्स के मैच खेले जाएंगे। एक अन्य और कड़े संघर्ष में लगभग 56 मिनट चले तीसरी वरीयता के बीकानेर के वंश शर्मा और जयपुर के कपिल दीके मैच में तीन गेमों में वंश शर्मा ने 21- 13, 19 -21, 10 से कपिल दी को परास्त किया और अगले राउंड में प्रवेश किया।

## फैजान हसन ने पिस्टल में लगाया गोल्डन निशाना



जयपुर, 27 जुलाई। महावीर शूटिंग अकादमी के उभरते हुए युवा निशानेबाज़ फैजान हसन ने सीआईएससीई गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पिस्टल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपने कोच और परिजनों, बल्कि पूरे नागौर और राजस्थान का नाम रोशन कर दिया। फैजान, नागौर के देहरी मोहल्ले से हैं, और उनके पिता हुसैन हसन का सपना आज बेटे ने पहली सीढ़ी पर साकार कर दिखाया। कोच महावीर सिंह ने बताया कि फैजान ने बेहद कम समय में निशानेबाजी की बारीकियों को आत्मसात किया है, वह नया खिलाड़ी है लेकिन उसके अंदर जुनून, अनुशासन और सीखने की अद्भुत क्षमता है। वह न केवल एक होनहार शूटर है, बल्कि आने वाले समय में भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने की पूरी काबिलियत रखता है।

फैजान ने अपने गोल्ड मेडल के बाद कहा कि वह इस सफलता को सिर्फ एक शुरुआत मानते हैं। उनका लक्ष्य है कि एक दिन वे भारत के लिए ओलंपिक और विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतें और अपने परिवार व देश का नाम गौरवान्वित करें। कोच ने फैजान को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, ''सफर अभी शुरू हुआ है। मेहनत, अनुशासन और लगन से वह एक दिन विश्व स्तर पर भारत का परचम लहराएगा। फैजान की यह जीत हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।'' फैजान की यह उपलब्धि न केवल नागौर जैसे छोटे शहरों के युवाओं की क्षमताओं का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि यदि सही मार्गदर्शन और समर्पण मिले, तो कोई भी अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंच सकता है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर के मदाऊ स्थित जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में 76वें वन महोत्सव का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने वन विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और रोहिड़ा पर आधारित ब्रोशर का विमोचन भी किया।

# ‘वन महोत्सव को हम जन आंदोलन का रूप दे रहे हैं’

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में 76वें वन महोत्सव का शुभारम्भ किया

■ **मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में शुद्ध प्राणवायु के लिये नगर वन स्थापित किये जा रहे हैं। केन्द्र सरकार से 22 नगर वन स्थापित करने की स्वीकृति मिल चुकी है तथा 18 और नगर वनों का प्रस्ताव केन्द्र को भेजा गया है।**

जयपुर, 27 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति के मूल्यों के अनुरूप हमने मन, वचन और कर्म से सदैव पर्यावरण की सुरक्षा की है। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव पर्यावरण एवं वृक्षों के संरक्षण के प्रति हमारे उत्तरदायित्व का प्रतीक है। इसे हम जन आंदोलन का रूप दे रहे हैं। प्रत्येक प्रदेशवासी अपनी मां के नाम कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं, उसे परिवार का सदस्य मानकर देखभाल करें और हरियालो राजस्थान मिशन में सक्रिय भूमिका निभाएं।

शर्मा रविवार को जयपुर के मदाऊ स्थित जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में 76वें वन महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मां पार्वती और भगवान शिव को समर्पित हरियाली तीज पर वन महोत्सव मनाने का शुभ अवसर मिला है। हरियाली तीज ही नहीं, बल्कि सावन का पूरा महीना भगवान शिव की आराधना और उपासना से जुड़ा है। बाबा भोलेनाथ की विशेष कृपा से हमारे प्रदेश और देश में खूब बारिश हो रही है, जिससे चारों तरफ हरियाली है और खेतों में फसलें लहलहा रही हैं। प्रदेश में आधे से ज्यादा बांध भर चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हरियाली तीज के पावन पर्व पर हम एक दिन में ढ़ाई करोड़ पौधे लगाकर एक नया रिकॉर्ड बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियालो मिशन के तहत 5 साल में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में जल और पर्यावरण संरक्षण की परम्परा पूरी दुनिया के लिए मिसाल है। मां अमृता देवी ने अपनी तीन बेटियों समेत 363 लोगों के साथ वृक्षों को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहूति दी थी। हम उनकी इस धरोहर को संरक्षित करने के लिए जोधपुर के खेजड़ली में अमृतादेवी इंडिजिनस प्लांट म्यूजियम बनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में शुद्ध प्राणवायु के लिए नगर वन भी स्थापित किए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार से 22 नगर वन स्थापित करने की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अलावा 18 अन्य नगर वनों की स्थापना के प्रस्ताव केंद्र सरकार को भिजवाए गए हैं।

समारोह में मुख्यमंत्री ने सिंदूर का पौधा लगाया और ड्रोन के माध्यम से बीजारोपण भी किया। उन्होंने वन विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और रोहिड़ा पर आधारित ब्रोशर का विमोचन भी किया। उन्होंने अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरस्कार और इनोवेशन अवॉर्ड का वितरण किया। शर्मा ने विश्वविद्यालय परिसर में जगद्गुरू रामानंदाचार्य की मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झालावाड़ जिले के पीपलोदी ग्राम के राजकीय विद्यालय में हृदय विदारक घटना हुई है। उन्होंने कहा किसी भी व्यक्ति को कहीं पर भी जर्जर भवन दिखाई दे तो संबंधित अधिकारी को तुरंत सूचना दें, ताकि त्वरित कार्यवाही की जा सके।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश एक हरित क्रांति की ओर तेजी से बढ़ रहा है। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने कहा कि हम पौधे को लगाने के साथ ही उसके संरक्षण का कार्य भी कर रहे हैं, जिससे वे वृक्ष का आकार ले सके। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रदेशभर में हरियालो राजस्थान के अंतर्गत किए जा रहे वृक्षारोपण कार्यों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

# मोदी ने राजा राजेन्द्र चोल की हज़ारवीं जयंती के समारोह में भाग लिया

## पांच दिवसीय समारोह के समापन पर पद्मभूषण उस्ताद इलैयाराजा ने अपनी मंडली के साथ संगीतमय प्रस्तुति दी

■ **प्रधानमंत्री ने कहा कि इतिहासकारों ने चोल वंश के काल को भारत का स्वर्णिम काल माना है। यह काल लोकतंत्र की जननी था। उस समय चुनाव की कुदावोलाई पद्धति प्रचलित थी।**

चेन्नई, 27 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तमिलनाडु के अरियालुर जिले में स्थित गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में आदि तिरुवाथिरई उत्सव में शामिल हुए। इस मंदिर का निर्माण राजा राजेंद्र चोल-1 ने कराया था।

मुप्पेरुम विझा नाम का यह उत्सव केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा राजेंद्र चोल-1 के दक्षिण पूर्व एशिया के समुद्री अभियान के 1000 वर्ष पूरे होने, सम्राट की जयंती और गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर के निर्माण की शुरुआत के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है।

मोदी वाराणसी से गंगा नदी का जल अपने साथ लाए थे और विशेष प्रार्थना करने और शिवाचार्यों द्वारा भगवान सोझीश्वर( भगवान शिव) का गंगा नदी के पवित्र जल से अभिषेक करने के बाद, मोदी ने मंदिर में भगवान और देवी दुर्गा के विशेष दर्शन किए।

मोदी को बाद में, पूर्ण कुंभ के साथ पारंपरिक मंदिर सम्मान दिया गया और एक रेशमी अंगवस्त्रम, पवित्र भस्म और प्रसाद भेंट किया गया।

मोदी ने इसके पश्चात एक आधिकारिक समारोह में, महान राजा पर एक विशेष स्मारक सिक्का जारी किया। तमिल राजा राजेंद्र चोल-1 की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित यह पाँच दिवसीय उत्सव मंदिर के निर्माण के 1000 वर्ष पूरे होने पर, 23 जुलाई को शुरू हुआ और आज इसका समापन हुआ। कार्यक्रम का समापन संगीत उस्ताद पद्म विभूषण इलैयाराजा और उनकी मंडली द्वारा संगीतमय प्रस्तुति के साथ हुआ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि राज्यसभा के मनोनीत सदस्य उस्ताद इलैयाराजा द्वारा चोल राजा राजेंद्र चोल-1 को दी गई संगीतमय श्रद्धांजलि ने उन्हें एक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया।

मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत वणक्कम (हाथ जोड़कर) के साथ की। उन्होंने राजराजा चोल और उनके पुत्र राजेंद्र चोल-1 को भारत की पहचान बताया। उन्होंने कहा कि इतिहासकारों ने चोल वंश के काल को भारत का स्वर्णिम काल माना है और यह काल लोकतंत्र की जननी था क्योंकि उस समय चुनाव की कुदावोलाई पद्धित प्रचलित थी।

इस बात का उल्लेख करते हुए कि राजेन्द्र चोल ने गंगईकोंडा चोलपुरम में पोन्नेरी में बनी झील में गंगा नदी से जल लाकर भरा था, प्रधानमंत्री ने कहा कि बृहदेश्वर मंदिर का निर्माण उन्होंने किया था और ये नगर बसाया था जिसे स्थापत्य कला का बेहतरीन नमूना माना जाता है। बृहदेश्वर मंदिर तंजावुर मंदिर की प्रतिकृति है जिसका निर्माण राजेन्द्र चोल के पिताजी ने कराया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि वाराणसी के जनप्रतिनिधि और गंगा नदी के बेटे के रूप में वह इस नगर में गंगा जल लाकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## ममता ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रदेशव्यापी भाषा आंदोलन शुरू किए जाने की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी कहा था कि यह आंदोलन बोलपुर स्थित शांतिनिकेतन से शुरू होगा और यह बंगाली भाषा तथा लोगों की गरिमा को बनाए रखने के लिए समर्पित एक आंदोलन होगा।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक कल दोपहर दो बजे लॉज मोड़ से एक रैली शुरू होगी और शांतिनिकेतन रोड से होते हुए चौरास्ता, श्रीनिकेतन रोड होते हुए जमुर्डी बस स्टैंड पर समाप्त होगी, जहां मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगी। पूरे रास्ते में, सांस्कृतिक समूह बंगाली भाषा और संस्कृति पर कथित हमले के विरोध में विभिन्न चौराहों पर गीत और कविता पाठ प्रस्तुत करेंगे।

# दो दिन संसद में भाजपा सरकार को घेरेगी कांग्रेस

नई दिल्ली, 27 जुलाई। संसद के मॉनसून सत्र में सोमवार को लोकसभा और मंगलवार को राज्यसभा में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर खास बहस होने जा रही है। इससे पहले कांग्रेस ने सरकार को घेरने की रणनीति बना ली है। पार्टी ने रविवार को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े उन तमाम घटनाक्रमों को सामने रखा, जो अब तक चर्चा में थे लेकिन औपचारिक बहस से बाहर रहे। खास बात यह रही कि कांग्रेस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के उस दावे को भी मुद्दा बनाया है, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्होंने भारत पर व्यापार रोकने की धमकी देकर ऑपरेशन सिंदूर को रुकवाया।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद कांग्रेस ने तुरंत दो दिन का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने तब कोई सुनवाई नहीं की। रमेश ने कहा कि अभी जो 16 घंटे की बहस लोकसभा में और उसके बाद राज्यसभा में होने जा रही है, वह देर से हो रही है लेकिन अच्छा है कि हो रही है।

कांग्रेस ने ट्रंप के बार-बार किए जा रहे उस दावे को भी मुद्दा बनाया जिसमें वे कहते रहे कि उन्होंने भारत को व्यापारिक धमकी देकर ऑपरेशन सिंदूर रुकवाया। रमेश ने यह भी कहा कि ट्रंप ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख को लंच पर बुलाया, जो अभूतपूर्व है। अमेरिकी कमांड और विदेश मंत्री द्वारा पाकिस्तान की आतंकवाद विरोधी भूमिका की तारीफ पर भी सवाल खड़े किए गए हैं।

कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय मीडिया के एक वर्ग पर भी निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय के मीडिया मैनेजर्स ने ‘मनगढ़ंत नैरेटिव’ गढ़वाया, जो केवल घरेलू दर्शकों के बीच ही चला।

## दिल्ली के शालीमार बाग में 15 दिन में झुग्गियां टूटेंगी

■ **मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पात्रों को मकान दिया जायेगा।**

नई दिल्ली, 27 जुलाई। दिल्ली के शालीमार बाग में रेलवे फाटक के पास बनी झुग्गियां को 15 दिन में हटाने का नोटिस मिला है। इस नोटिस के मिलने के बाद से वहां रहने वाले लोगों में भय का माहौल है। सभी को अपना घर टूटने का डर सता रहा है। रविवार को दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने यहां बसे लोगों से कहा कि वो इस मुद्दें पर रेलवे से बात करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में झुग्गी पुनर्विकास के लिए 700 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है, झुग्गी हटेंगी तो पात्रों को मकान मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले शालीमार बाग स्थित रेलवे फाटक झुग्गी कैंप का दौरा किया। इन झुग्गी वालों को रेलवे की तरफ से 15 दिन के भीतर झुग्गी ख़ाली करने का नोटिस मिला है।

यहां पहुंचकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि उनकी सरकार ने झुग्गी बस्तियों के विकास के लिए करोड़ों रुपये का बजट निर्धारित किया है। अगर किसी वजह से झुग्गियों को हटाया जा रहा है तो पात्र झुग्गी वालों को मकान देने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि वे लोग सही मायनों में देश की राजधानी के निवासी कहलाएं। मुख्यमंत्री ने झुग्गी वालों से यह भी आग्रह किया कि वे झाडूवालों की बातों में न आएं, क्योंकि जब उनकी सरकार थी, तब उन्होंने झुग्गी वालो का मात्र वोटर समझा और वहां शराब पहुंचाई।

# राज ठाकरे ने ‘‘मातोश्री’’ पहुँचकर उद्धव ठाकरे को जन्म दिन की बधाई दी

## उद्धव ठाकरे ने राज से मुलाकात के बाद कहा, ‘‘शिवसेना एक ही है, दो नहीं’’

■ **कुछ ही समय के अंतराल में दोनों ठाकरे बंधुओं की यह दूसरी मुलाकात है। कुछ दिन पहले मराठी भाषा के मुद्दे पर दोनों भाई 20 साल बाद एक राजनीतिक मंच पर साथ आये थे।**

मुंबई, 27 जुलाई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे रविवार को 6 साल बाद उद्धव ठाकरे के घर मातोश्री पहुंचे। राज ठाकरे ने शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे को गले लगाया और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी।

इससे पहले आखिरी बार 6 साल पहले 2019 में राज ठाकरे मातोश्री गए थे। उन्होंने उद्धव परिवार को अपने बेटे अमित की शादी में आने का न्योता दिया था। औपचारिक रूप से राज 2012 में मातोश्री गए थे। उस समय बालासाहेब ठाकरे बीमार थे।

इस मुलकात के बाद उद्धव ठाकरे का बयान सामने आया। उन्होंने कहा कि राज के आने से उनकी खुशी दोगुनी हो गई है। शिवसेना एक ही है दो नहीं। उद्धव का यह बयान महाराष्ट्र की सियासत के लिए बेहद अहम है।

उद्धव ठाकरे ने कहा, ''आप सभी की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं सचमुच उनकी सराहना करता हूं। राज मेरे जन्मदिन पर आए और मुझे शुभकामनाएं दीं - यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उनके आने से मेरी खुशी दोगुनी हो गई है। शिवसेना एक ही है। दो शिवसेना नहीं हैं।

उद्धव ठाकरे से आधे घंटे की मुलाकात के बाद राज ठाकरे मातोश्री से निकले। राज के साथ उनके पार्टी के वरिष्ठ नेता बाला नंदगांवकर और नितिन सरदेसाई भी मौजूद थे।

हाल के दिनों में बेहद कम अंतराल में दोनों भाइयों की यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले मराठी भाषा के मुद्दे पर दोनों भाई लगभग 20 वर्षों में पहली बार एक साथ एक राजनीतिक मंच पर आए और एक संयुक्त रैली को संबोधित किया। इस घटना ने महाराष्ट्र की राजनीति में उनके संभावित गठबंधन की अटकलों को तेज कर दिया। उसके बाद यह मुलाकात और उद्धव का बयान राज्य की सियासत के लिए बेहद अहम माना जा रहा है।

5 जुलाई को 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे मुंबई के वर्ली डोम में एक रैली के दौरान साथ नजर आए थे। इस मौके पर दोनों की तरफ से आगे साथ मिलकर राजनीति करने के संकेत दिए गए थे। उद्धव को शिवसेना का मुखिया बनाने के बाद राज ने अलग पार्टी बनाई थी। तब दोनों के रिश्ते अच्छे नहीं थे।

## राजद ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

2023 में हुए पुनरीक्षण और 2024 में हुए पुनरीक्षण के बीच एक वर्ष में मात्र 4.09 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए थे जिसमें मृतकों के अलावा कुछ और नाम भी हो सकते हैं।

# अमृतसर में अंतर्राष्ट्रीय हथियार तस्करों का गिरोह पकड़ा गया

■ **गिरफ्तार किये गये पांच तस्करों के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से सीधे संबंध थे**

अमृतसर, 27 जुलाई। पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने हथियार तस्करों के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के गुर्गों के साथ सीधे संबंध थे। पंजाब पुलिस प्रमुख ने रविवार को बताया कि अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने अत्याधुनिक हथियारों के एक बड़े सीमा पार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन में केंद्रीय एजेंसियों ने भी पंजाब पुलिस का साथ दिया। संयुक्त अभियान में जिस हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है, उसे पाकिस्तान की आईएसआई के आका संचालित कर रहे थे।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि इस कार्रवाई में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक एके सैगा 308 असॉल्ट राइफल, दो मैगजीन, दो 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल और चार मैगजीन, एके राइफल के 90 जिंदा कारतूस, 10 जिंदा पिस्तौल कारतूस, 7.50 लाख रुपये नकद, एक कार और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

गौरव यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपियों के पाकिस्तान स्थित आईएसआई के गुर्गों से सीधे संबंध थे। पकड़ी गई खेप गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया के ज्ञात सहयोगी नव उर्फ नव पंडोरी को पहुंचाई जानी थी, जो एक व्यापक आतंकवादी-गैंगस्टर गठजोड़ का संकेत देता है।''

जग्गू भगवानपुरिया पंजाब के सबसे कुख्यात गैंगस्टरों में से एक है, जिसका आपराधिक नेटवर्क न केवल पंजाब बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैला है। जग्गू भगवानपुरिया का असली नाम जसदीप सिंह है।

वह गुरदासपुर जिले के भगवानपुर गांव का निवासी है और उसे ''वसूली किंग'' के रूप में भी जाना जाता है। वह हत्या, डकैती, ड्रग तस्करी, हथियारों की तस्करी और गैंगवार जैसे कई गंभीर अपराधों में शामिल रहा है। जग्गू ने हाई स्कूल की पढ़ ाई पूरी करने के बाद अपराध की दुनिया में कदम रखा। एक गैंगस्टर गुरी ने उसे अपराध की राह पर लाया।

## ‘इंसाफ व ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गांधी ने कहा हम इन उजाड़े गए परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं। ये लड़ाई अब सिर्फ़ घरों की नहीं, इंसाफ़ और इंसानियत की है और हम हर मोर्चे पर लड़ेंगे।

# ‘दो हजार से अधिक के यूपीआई लेन-देन पर जीएसटी का इरादा नहीं है’

## वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि जीएसटी परिषद ने ऐसी कोई सिफारिश नहीं की है

■ **कर्नाटक के छोटे व्यापारियों पर जारी किये गये जीएसटी बकाया के नोटिस के कारण व्यापारियों में भय व्याप्त हो गया था। केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि ये नोटिस राज्य सरकार के वाणिज्य कर अधिकारियों ने जारी किये थे।**

नई दिल्ली, 27 जुलाई। केंद्र की ओर से कहा गया है कि 2,000 रुपए से अधिक के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) आधारित लेनदेन पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने की कोई योजना नहीं है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में कहा कि जीएसटी परिषद ने 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने की कोई सिफारिश नहीं की है।

यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है, राज्य मंत्री ने सदन को बताया कि जीएसटी दरें और छूट जीएसटी परिषद की सिफारिशों के आधार पर तय की जाती हैं। यह जवाब कर्नाटक के व्यापारियों को यूपीआई लेनदेन के आंकडों के आधार पर जीएसटी मांग नोटिस मिलने के बाद आया है।

केंद्रीय खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी पिछले हफ्ते कहा था कि कर्नाटक में छोटे व्यापारियों को जारी किए गए जीएसटी नोटिस राज्य सरकार की ओर से हैं, केंद्र सरकार की ओर से नहीं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के इस दावे पर, कि कर नोटिस जारी करने में राज्य की कोई भूमिका नहीं है, जोशी ने इस बयान को हास्यास्पद बताया।

केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा, कर्नाटक के वाणिज्यिक कर अधिकारियों ने ही छोटे व्यापारियों को जीएसटी बकाया नोटिस जारी किए थे। फिर भी, राज्य सरकार अब यह दिखावा कर जनता को गुमराह कर रही है कि इसमें उसकी कोई संलिप्तता नहीं है। यह जिम्मेदारी से बचने की कोशिश के अलावा और कुछ नहीं है।

केंद्रीय मंत्री जोशी ने सवाल किया, अगर जीएसटी नोटिस केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए होते, तो कई अन्य राज्यों के व्यापारियों को भी मिल गए होते। लेकिन ऐसा कहीं और नहीं हुआ। ये नोटिस केवल कर्नाटक में ही क्यों भेजे जा रहे हैं?

उन्होंने स्पष्ट किया कि जीएसटी के केंद्र सरकार के अधीन सीजीएसटी (केंद्रीय जीएसटी) और राज्य सरकारों के अधीन एसजीएसटी (राज्य जीएसटी) दो घटक हैं। कर्नाटक के छोटे व्यापारियों को ये नोटिस राज्य के वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जारी किए गए हैं।

# अनिल अंबानी की कंपनियों पर ईडी की कार्यवाही समाप्त हुई

## देश भर में कई दिन चली ईडी की कार्यवाही 24,000 करोड़ रूपए की कथित मनी लॉण्डरिंग मामले में थी

■ **अनिल अंबानी समूह की कंपनी ने अधिकारिक बयान में कहा कि वह जाँच एजेंसियों को पूरा सहयोग कर रही है और भविष्य में भी करेगी। कंपनी ने कहा कि इस कार्यवाही का कंपनी के कारोबार, वित्तीय प्रदर्शन, निवेशकों, कर्मचारियों व हितधारकों पर कोई असर नहीं पड़ा।**

नई दिल्ली, 27 जुलाई। अनिल अंबानी समूह की दो प्रमुख कंपनियों, रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की देशभर में चली कई दिनों की छापे की कार्रवाई आखिरकार खत्म हो गई है। इन कंपनियों पर यह कार्रवाई 24,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के कथित मनी लॉण्डरिंग केस के तहत की गई थी। रविवार को कंपनी ने एक आधिकारिक बयान जारी कर इस बात की पुष्टि की कि ईडी की छापे की कार्रवाई अब सभी स्थानों पर समाप्त हो चुकी है।

कंपनी ने साफ कहा है कि वह जांच एजेंसी के साथ पूरा सहयोग कर रही है और भविष्य में भी करती रहेगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि इस कार्रवाई का न तो कंपनी के कारोबार पर असर पड़ा है, न ही वित्तीय प्रदर्शन, निवेशकों, कर्मचारियों या किसी भी अन्य हितधारक पर। गुरुवार से शुरू हुई यह कार्रवाई अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप (एडीएजी) से जुड़ी कई कंपनियों और व्यक्तियों पर की गई। प्रवर्तन निदेशालय ने यह कार्रवाई यस बैंक, केनरा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा से मिले लोन और रिलायंस म्यूचुअल फंड द्वारा यस बैंक के बॉन्ड्स में किए गए निवेश की जांच के सिलसिले में की थी। ईडी को संदेह है कि इन लेन-देन में रिश्वत और फंड डायवर्ज़न जैसी गंभीर गड़बड़ियां हो सकती हैं।

इस छापे की कार्रवाई के दायरे में देश के 35 से ज्यादा ठिकानों, 50 से अधिक कंपनियों और 25 से अधिक लोगों के नाम आए। हालांकि, अनिल अंबानी का मुंबई स्थित आवास इस जांच की रडार में शामिल नहीं था।

रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों ने अपने साझा बयान में कहा कि जिन लेन-देन को लेकर जांच चल रही है, वे रिलायंस कम्युनिकेशन (आरसीओएम) और रिलायंस होम फाइनेंस (आरएचएफएल) से जुड़े हैं, जिनका रिलायंस पावर और इंफ्रा की मौजूदा गतिविधियों से कोई लेना-देना नहीं है।

बयान में यह भी दोहराया गया कि अनिल अंबानी इन दोनों कंपनियों के बोर्ड का हिस्सा नहीं हैं। वे 2019 में दिवालिया हो चुकी आरसीओएम के बोर्ड से इस्तीफा दे चुके हैं और अब किसी भी एडीएजी कंपनी में डायरेक्टर नहीं हैं।

सूत्रों के मुताबिक, 2017 से 2019 के बीच एडीएजी से जुड़ी कुछ कंपनियों द्वारा करीब 3,000 करोड़ रुपये के लोन डायवर्ट किए गए थे। ईडी को इस बात के सबूत मिले हैं कि लोन मंजूर होने से ठीक पहले कुछ फर्मों से यस बैंक प्रमोटर्स के लिंक वाले खातों में पैसा ट्रांसफर हुआ था, जिससे किकबैक की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा जांच में यह भी सामने आया है कि कई ऐसी कंपनियों को लोन दिया गया, जो पहले से वित्तीय रूप से कमजोर थीं। कुछ मामलों में तो एक ही दिन में लोन मंजूर और जारी कर दिए गए, साथ ही एक जैसी निदेशक और पते वाली कंपनियों को बार-बार लोन देकर लोन की एवरग्रीनिंग भी की गई।

राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, ( राज. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908